सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,633 |
| निफ्टी | 24,833 |
| सोना 95525 | चांदी 98100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



बहु तकनीकी कॉलेजों में 20 एसोसिएट प्रोफेसर होंगे डिमोट: राजेश धर्माणी

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 30 मई 2025 | 17 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 151, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज का मैच

गुजरात vs मुंबई

समय: रात 7:30 बजे (मुल्लांपुर)

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन नए न्यायाधीश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई और बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एएस चंदुरकर को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वीरवार को एक्स पर उनकी नियुक्ति की घोषणा की। उन्होंने कहा, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद उपरोक्त न्यायाधीशों को सर्वोच्च न्यायालय के जज के रूप में नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### विकृत लोग माफी के हकदार नहीं : कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सात साल की बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी डॉक्टर को राहत देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं हैं। आरोपी डॉक्टर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उसकी सजा माफ करने की अपील की थी। डॉक्टर का तर्क है कि उसकी बेटी को सिखाया गया था और उसने झूठी गवाही दी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया। (अनंत ज्ञान)



### डॉक्टर 299 बच्चों के शोषण व रेप का दोषी

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस में एक डॉक्टर को 299 बच्चों का यौन शोषण और रेप के मामले में दोषी ठहराया गया है। क्रिमिनल कोर्ट ने दोषी डॉक्टर को बुधवार को 20 साल की सजा सुनाई। यह फ्रांस के इतिहास में बच्चों के यौन शोषण का सबसे बड़ा मामला है। इस केस की सुनवाई फरवरी 2025 से चल रही थी। दोषी डॉक्टर जोएल ले स्कॉरनेक (74) पहले एक गैस्ट्रिक सर्जन था। उसने 1989 से 2014 तक फ्रांस के 9 क्लिनिक और हॉस्पिटल में काम करते हुए यौन शोषण की घटनाओं को अंजाम दिया। आरोपी ने सबसे पहले 1985 में अपनी 5 साल की भतीजी का यौन शोषण किया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सलौनी-दियोटसिद्ध मुख्य सड़क सोहारी के पास क्षतिग्रस्त -पेज 2
- हिमाचल हाईकोर्ट ने रद्द किए 45 डॉक्टरों के बॉन्ड -पेज 3
- पाक के लिए जासूसी करने वाले युवक को 5 दिन का पुलिस रिमांड -पेज 5
- कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को किया लहूलुहान, आरोपी फरार -पेज 6
- कुटलैहड़ भाजपा में अंतर्विरोध की अभी तक सुलग रही चिंगारी -पेज 10


### विमल नेगी मौत मामला : पुलिस के अलावा पावर कॉरपोरेशन का कार्यालय भी खंगाला जाएगा

# रिकॉर्ड लेने शिमला पहुंची सीबीआई टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष टीम वीरवार को दिल्ली से शिमला पहुंच गई है। यह टीम शिमला पुलिस के पास मौजूद 25 से 30 हजार पन्नों के जांच रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लेगी, जो इस हाई-प्रोफाइल मामले में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस के अलावा पावर कॉरपोरेशन का कार्यालय भी खंगाला जाएगा।



विमल नेगी (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार दिल्ली स्थित सीबीआई की विशेष अपराध शाखा से डीएसपी की अगुवाई में यह टीम सुबह सोलन पहुंची और वहां से शिमला के लिए रवाना हुई। सीबीआई के शिमला कार्यालय से टीम को रिकॉर्ड एकत्र करने में सहयोग मिल रहा है। इस मामले में जांच अधिकारी के तौर पर ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह को नियुक्त किया गया है, जिनके साथ एक इंस्पेक्टर, एक स्टेनो और एक कांस्टेबल भी शिमला पहुंचे हैं। सीबीआई ने 26 मई को नई दिल्ली स्थित विशेष अपराध शाखा में विमल नेगी की मौत को लेकर एक नया केस दर्ज किया था। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 3(5) (सामूहिक इरादे से अपराध को अंजाम देना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सीबीआई ने शिमला पुलिस की पूर्व एफआईआर को ही अपने केस का आधार बनाया है।

इस एफआईआर में पावर कॉरपोरेशन के तत्कालीन निदेशक देसराज और तत्कालीन एमडी हरिकेश मीणा को भी नामजद किया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि विमल नेगी मौत मामले की जांच करने आई सीबीआई टीम को हिमाचल सरकार पीटरहॉफ और सर्किट हाउस (विली पार्क) जैसे सरकारी आवास उपलब्ध कराने के पक्ष में नहीं है। अतीत में गुड़िया कांड के दौरान भी सीबीआई अधिकारी कई महीनों तक पीटरहॉफ में ठहरे थे, जिस पर पर्यटन निगम को लाखों रुपए का बिल चुकाना पड़ा था।

#### प्रवर्तन निदेशालय भी कर सकता है जांच

**हाईकोर्ट** में सौंपी प्रशासनिक रिपोर्ट में पेखुबेला प्रोजेक्ट का भी जिक्र है। वित्तीय लेनदेन से संबंधित आशंकाओं के चलते प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी इस मामले की जांच कर सकता है।

### विमल नेगी को ब्रेनलेस पर्सन कहते थे, गालियां भी दी जातीं

**हिमाचल** प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की पत्नी किरण द्वारा लगाए ज्यादातर आरोप फैक्ट फाइंडिंग जांच में सही पाए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ओंकार शर्मा द्वारा जस्टिस अजय मोहन गोयल की कोर्ट में दी रिपोर्ट में कहा गया कि एचपीपीसीएल दफ्तर में विमल नेगी के साथ साथ दूसरे कर्मचारी भी मानसिक दबाव व तनाव में थे। एचपीपीसीएल के सीनियर मैनेजर (इलेक्ट्रिक) ने बताया कि डायरेक्टर देसराज शर्मा ने विमल नेगी को कई बार ब्रेनलेस (बुद्धिहीन) पर्सन तक बोला। देसराज रोजाना 10 से 15 बार अपने दफ्तर में विमल नेगी को बुलाते थे और उन्हें गालियां देते थे। एचपीपीसीएल के कई अधिकारियों व कर्मचारियों ने बताया कि एमडी हरिकेश मीणा और डायरेक्टर देसराज का व्यवहार सही नहीं था।

**एसीएस की फैक्ट फाइंडिंग जांच में खुलासा**

### हाईकोर्ट ने हरिकेश मीणा की जमानत 5 जून तक बढ़ाई

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में पावर कॉरपोरेशन के पूर्व एमडी हरिकेश मीणा को मिली अंतरिम राहत 5 जून तक बढ़ा दी है। 7 अप्रैल को कोर्ट ने हरिकेश मीणा को जांच टीम द्वारा कोई दंडात्मक कार्यवाही न करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच अब सीबीआई को स्थानांतरित कर दी गई है। कोर्ट ने मीणा को उचित आवेदन दायर करने की अनुमति दी है।

# पाकिस्तान को तीन बार घर में घुसकर मारा : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, कोलकाता**

पीएम मोदी ने वीरवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया। पीएम ने कहा, 'पाकिस्तान समझ ले 3 बार घर में घुसकर मारा है। हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर अब आतंकी हमला हुआ तो पाकिस्तान को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।'

**अब आतंकी हमला हुआ तो पाक चुकाएगा बड़ी कीमत**

मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं, तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया, जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आंतक पाकिस्तान की विशेषज्ञता है। यही कारण है पाकिस्तानी सेना आतंकियों का सहारा लेती है। (अनंत ज्ञान)

### मोदी ने टीएमसी पर भी साधा निशाना



**राज्य** की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही, लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है, क्योंकि टीमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।

# एक दिन पीओके हमारा होगा : राजनाथ

## कहा, पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर एक दिन हमारा होकर ही रहेगा। पीओके के लोग हमारे अपने ही हैं। पीओके एक दिन खुद कहेगा कि वह भारत का हिस्सा है। रही बात आतंकवाद की तो अब भारत इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी होगी।

रक्षा मंत्री ने कहा, 'आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और फिर दुश्मन के सैन्य ठिकानों और एयरबेसों को। करने को हम कुछ और भी कर सकते थे, लेकिन हमने दुनिया के सामने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया।' राजनाथ सिंह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है। इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है।

रक्षा मंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर में पूरे देश के लोगों ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा। आज यह साबित हो गया है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। मेक इन इंडिया भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है। अगर हमारे पास यह क्षमता नहीं होती, तो भारत की सेनाएं निचले पाकिस्तान से लेकर पीओके तक आतंकवाद के खिलाफ इतनी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पातीं।' (अनंत ज्ञान)

### अब सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर ही बात

राजनाथ ने कहा, 'आज पाकिस्तान को एहसास हो गया है कि उसे आतंक की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति और प्रतिक्रिया दोनों को नया स्वरूप दिया है। पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों और बातचीत के दायरे को नए सिरे से निर्धारित किया है।' अब पाकिस्तान से केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी।



### पहली बार एनडीए से 17 महिला कैडेट्स का बैच हुआ स्नातक

**एजेंसी, पुणे।** भारत की रक्षा सेवाओं के इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ा है। पहली बार नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) से 17 महिला कैडेट्स ने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है। ये सभी महिला कैडेट्स अब पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की सेवा के लिए तैयार हैं। एनडीए की 148वीं कोर्स का दीक्षांत समारोह वीरवार को एनडीए कैंपस पुणे में हुआ। इस अवसर पर 300 से ज्यादा पुरुष कैडेट्स के साथ 17 महिला कैडेट्स को भी डिग्री प्रदान की गई। अब 30 मई को इन सभी कैडेट्स की पासिंग आउट परेड (पीओपी) आयोजित की जाएगी। एनडीए के कमांडेंट वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने महिला कैडेट्स की इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, 'महिला कैडेट्स ने एक मिसाल कायम की है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये सभी आने वाले समय में प्रेरणादायक नेता बनेंगी।' (अनंत ज्ञान)

**आज आयोजित होगी पासिंग आउट परेड**

### पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने पीएम मोदी को दी चुनौती

# अगर हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें

**एजेंसी, कोलकाता**



पीएम मोदी के ममता सरकार पर करारे वार के बाद राज्य में एक बार फिर वाक युद्ध शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने जहां मुर्शिदाबाद हिंसा और मालदा की घटना को लेकर टीएमसी सरकार को घेरा, वहीं ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इतना ही नहीं सूबे की मुखिया ममता बनर्जी ने पीएम पर पलटवार करते हुए उन्हें चुनाव में उतरने की चेतावनी तक दे डाली। ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी की मौजूदगी में उनके मंत्री कह रहे हैं कि अब वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं, अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें। (अनंत ज्ञान)

### मोदी की फूट डालो राज करो की नीति

**अलीपुरद्वार** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की है। इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र ने लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखा है। टीएमसी प्रमुख ने मोदी सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि इसी नीति के कारण बंगाल को मनरेगा और आवास योजना के फंड से वंचित कर दिया गया है।

### महिला सुरक्षा, रोजगार और भ्रष्टाचार पर घेरा

**सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में टीएमसी ने पीएम मोदी से कहा कि वे पहले मणिपुर में स्थितियों को सामान्य करें, जहां बीते दो साल से भी ज्यादा समय से कानून-व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। इसके साथ ही टीएमसी ने कहा कि पीएम मोदी के राज्य में महिला सुरक्षा की क्या स्थिति है, उन्नाव से हाथरस तक के मामलों पर भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड चुप्पी से भरा हुआ है। आगे टीएमसी ने पेपर लीक की बात करते हुए कहा कि इससे युवाओं में निराशा है। भाजपा ने छात्रों को पेपर लीक, नीट घोटाला और 45 प्रतिशत बेरोजगारी का राष्ट्रीय उपहार दिया है। अपने पोस्ट में टीएमसी ने आगे भाजपा पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आपकी आधी कैबिनेट जमानत पर है।

# वृंदावन जा रही एचआरटीसी की बस पर पंजाब में हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस पर बुधवार रात 11 बजकर 3 मिनट पर बदमाशों ने हमला कर दिया। कांगड़ा के चामुंडा देवी से मथुरा-वृंदावन जा रही बस पर बाइक सवार तीन युवकों ने पत्थर मारे और मौके से फरार हो गए। यह हमला पंजाब के नंगल के भानुपल्ली के पास हुआ। इससे बस का अगला शीशा टूट गया। ड्राइवर राजेश कुमार को हल्की चोटें आई हैं। बस में सवार एक यात्री के अनुसार, अंधेरे में तीन युवकों ने बस पर तीन बार पत्थर मारे। इससे बस का फ्रंट मिरर टूट गया। शीशे के टुकड़े यात्रियों और ड्राइवर पर गिरे। घटना के बाद बस को करीब आधा घंटा भानुपल्ली के पास खड़ा रखा गया और पुलिस को शिकायत दी गई। उच्च अधिकारियों को सूचना के बाद बस वृंदावन के लिए रवाना की गई।

**बाइक सवार 3 बदमाशों ने पत्थर मारे, फ्रंट मिरर टूटा ड्राइवर घायल**

वहीं, एचआरटीसी के धर्मशाला के आरएम ने वीरवार को लिखित में आनंदपुर साहिब पुलिस स्टेशन में शिकायत देकर बस में की तोड़फोड़ मामले में एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है।

### अभी तक 23000 अभ्यर्थियों ने किया वन टाइम रजिस्ट्रेशन

# एचपीआरसीए में आज से शुरू होंगे आवेदन

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग में अभ्यर्थी आज से भर्तियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। सबसे पहले टीजीटी के तीनों फॉर्मेट के लिए आयोग ने विज्ञापन जारी कर दिया था, लेकिन ऑनलाइन आवेदन का प्रोसेस शुक्रवार सुबह से शुरू हो रहा है। हिमाचल के युवाओं को इसका लंबे समय से इंतजार था।

आयोग के मुताबिक टीजीटी के लिए 3 जुलाई तक आवेदन प्रक्रिया जारी रहेगी। आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को ओटीआर यानी वन टाइम रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ेगा। जब तक ओटीआर नहीं होगा, तब तक कोई भी अभ्यर्थी किसी भी कैटेगरी के लिए जारी होने वाले विज्ञापन को आवेदन नहीं कर सकेगा। अभी तक लगभग 23000 युवाओं ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन करवाया है। शुक्रवार से टीजीटी के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो रही है, इसीलिए आज से ओटीआर व आवेदन की डबल प्रक्रिया शुरू होगी तो वेबसाइट पर निश्चित रूप में प्रेशर बढ़ेगा। देखना यह होगा कि आयोग द्वारा जिस वेबसाइट को लांच किया गया है, वह इस प्रेशर में कितनी कारगर साबित होती है।

**तीन जुलाई तक मांगे हैं टीजीटी भर्ती के आवेदन**

### 3 माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वीरवार मध्य रात्रि से ही आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो जाएगी, कोशिश यही है कि सब ठीक रहा, तो 3 महीनों के भीतर रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा।



# विवादित संजौली मस्जिद को तोड़ने पर रोक बरकरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संजौली की विवादित मस्जिद को तोड़ने के नगर निगम आयुक्त के आदेशों पर वीरवार को सेशन कोर्ट ने रोक बरकरार रखी है। यह मामला अब 5 जुलाई को बहस के लिए निर्धारित किया गया है। वीरवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। नगर निगम शिमला ने अदालत में अपना जवाब दाखिल किया। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने बताया कि जब तक यह मामला सेशन कोर्ट में विचाराधीन रहेगा, तब तक मस्जिद की मंजिल को नहीं तोड़ा जा सकेगा। बीते 25 मई की सुनवाई में भी कोर्ट ने मस्जिद तोड़ने पर अंतरिम रोक लगाई गई थी।

**कोर्ट में अब 5 जुलाई को होगी सुनवाई**

वीरावार को अदालत ने रोक को आगे भी जारी रखने के आदेश दिए हैं। बता दें कि वक्फ बोर्ड ने शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट के 3 मई के उन आदेशों को चुनौती दी है, जिसमें आयुक्त कोर्ट ने पूरी मस्जिद को गैर कानूनी बताते हुए नीचे की तीन मंजिलें भी तोड़ने के आदेश दिए थे।

बता दें कि वक्फ बोर्ड लंबे समय से जमीन पर मालिकाना हक का दावा करता आ रहा है।

### कोरोना के नए वैरिएंट पर मौजूदा वैक्सीन बेअसर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वीरवार को एक्टिव केसों की संख्या 1326 पहुंच गई। वहीं, मौतों की संख्या 14 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि 2022 के बाद नए वैरिएंट की वजह से कोविड पेशेंट कई बार बढ़े हैं, लेकिन कोई गंभीर स्थिति नहीं देखी गई। वहीं, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे के मुताबिक जिन लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया था, उन्हें भी सावधानी बरतने की जरूर है। इसकी वजह यह है कि वैक्सीनेशन नए वैरिएंट का असर होने से नहीं रोक सकता। हालांकि, वैक्सीनेशन की इम्यूनिटी अभी भी पूरी तरह से कमजोर नहीं हुई है। यह आपके शरीर को नए वैरिएंट से लड़ने में मदद जरूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि कोविड की चौथी लहर आती है तो उसका असर 21 से 28 दिन तक रहेगा। (अनंत ज्ञान)



**कोरोना की चौथी लहर आई तो 28 दिन तक रहेगी**

**लेटलतीफी** कॉलेजों में वार्षिक प्रणाली से ही होंगे दाखिले, विद्यार्थियों को मिलेगा पुराना पैटर्न

# हिमाचल में इस बार भी लागू नहीं होगी एनईपी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कॉलेजों में इस साल भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) लागू नहीं होगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (यूजी) प्रथम वर्ष में प्रवेश पुराने वार्षिक प्रणाली (ईयर सिस्टम) के तहत ही होंगे। विश्वविद्यालयों और शिक्षा विभाग की तैयारियों के बावजूद अंतिम समय में एनईपी को लागू करने का निर्णय टाल दिया गया है, जिससे कॉलेज छात्र फिलहाल परिचित पैटर्न पर ही अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

जानकारी के अनुसार राज्य के कॉलेजों ने अपनी वेबसाइट पर 1 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की सूचना अपलोड कर दी है। यह स्पष्ट करता है कि स्नातक के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन पुरानी वार्षिक प्रणाली के तहत ही शुरू होंगे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला और सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी से संबद्ध 160 से अधिक सरकारी और निजी कॉलेजों में इस साल भी यही व्यवस्था रहेगी।

अनंत ज्ञान विशेष

### तीन साल से हो रही तैयारी

**पिछले** तीन सालों से सरकार, शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार एनईपी को कॉलेजों में स्नातक डिग्री कोर्स में लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। हर बार ऐसा लगता है कि एनईपी लागू हो जाएगी, लेकिन अंतिम क्षणों में यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है और प्रवेश पुराने वार्षिक पैटर्न पर ही होते हैं। इस बार भी यही हुआ है, जिससे यह साफ हो गया है कि एनईपी को पूरी तरह से लागू करने में अभी और समय लगेगा।

### विश्वविद्यालयों की तैयारी पूरी, सरकार के आदेश का इंतजार

**हिमाचल** प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. राजिंद्र वर्मा ने बताया कि एनईपी-2020 को लागू करने के लिए विश्वविद्यालय को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसे पूरा कर लिया गया है। पाठ्यक्रम तैयार कर अकादमिक काउंसिल की स्टैंडिंग कमेटी से भी मंजूरी मिल चुकी है, हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय सरकार के आदेशों की अनुपालना करेगा। इसका सीधा अर्थ है कि जब तक सरकार की ओर से एनईपी को लागू करने के संबंध में कोई स्पष्ट और ताजा आदेश नहीं आता, तब तक कॉलेज पुराने वार्षिक पैटर्न पर ही काम करेंगे।

#### प्रवेश का निर्धारित शेड्यूल

**शिक्षा** विभाग द्वारा जारी नए सत्र के लिए प्रवेश शेड्यूल के अनुसार, छात्रों को निम्नलिखित तिथियों का पालन करना होगा।

- 1 से 19 जून : यूजी प्रथम वर्ष में नए प्रवेश और रोल ऑन एडमिशन की प्रक्रिया चलेगी।
- 13 से 19 जून : प्री-एडमिशन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।
- 20 और 21 जून : कॉलेज पहली प्रवेश मेरिट लिस्ट जारी करेंगे।
- 23 से 26 जून : पहली मेरिट लिस्ट के अनुसार फीस जमा करने की अंतिम तिथि।
- 30 जून : दूसरी प्रवेश मेरिट लिस्ट जारी होगी।
- 1 से 3 जुलाई : दूसरी मेरिट लिस्ट के अनुसार फीस जमा होगी।
- 30 जून से 5 जुलाई : प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए कॉलेजों में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- 1 जुलाई : नए सत्र की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

### एलन मस्क ने छोड़ा डोनाल्ड ट्रंप का साथ

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** टेस्ला के मालिक और अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन छोड़ दिया है। उन्होंने भारतीय समय के मुताबिक वीरवार सुबह 5.30 बजे सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। मस्क ने कहा कि स्पेशल गवर्नमेंट कर्मचारी के तौर पर मेरा समय पूरा हो गया है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। ट्रंप ने मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का जिम्मा दिया था। इनका काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था। जानकारी के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद डीओजीई प्रमुख के तौर पर मस्क की नियुक्ति 30 मई 2025 तक के लिए ही की थी। यानी जब मस्क ने इस्तीफा दिया, उसके एक दिन बाद ही उनका कार्यकाल खत्म हो रहा था। (अनंत ज्ञान)



**एक्स पर लिखा, 'मेरा टाइम पूरा हो गया'**

## न्यूज ब्रीफ

### डिपुओं में लगी पॉश मशीनें बनी शोपीस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सस्ते राशन के डिपुओं में लगी पॉश मशीनों का सर्वर लगभग एक सप्ताह से ठप रहने की वजह से डिपो धारक अपने उपभोक्ताओं को राशन वितरित करने में असमर्थ हैं। एक दिन पहले भी जब डिपो संचालक अपने उपभोक्ताओं का बिल काटने का प्रयास कर रहे हैं तो पॉश मशीन में बार बार 565-एयूए लाइसेंस एक्सपायर दर्शाने की वजह से वे उपभोक्ताओं को राशन वितरित नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने जारी कहा कि जब इस समस्या के समाधान हेतु निदेशालय में दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया तो एक बजे तक इंतजार करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन बावजूद इसके पांच बजे तक भी कोई कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं की गई। अशोक कवि ने कहा कि इस माह के मात्र 2 दिन शेष बचे हैं और प्रदेश के कई डिपुओं पर पिछले कल ही निगम के गोदामों से राशन पहुंचा है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के हजारों उपभोक्ताओं को खुले बाजार से राशन खरीदने पर मजबूर होना पड़ेगा। अशोक कवि ने विभाग से मांग की है कि इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाई जाए और अगले माह इस माह के राशन को वितरित करने का विकल्प डिपुओं पर लगी पॉश मशीनों में डाला जाए।

### गैस सिलेंडर लेने के लिए डीएसी नंबर अनिवार्य

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर के प्रबंधक संजीव डडवाल ने सभी गैस उपभोक्ताओं आग्रह किया है कि जिन भी उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी नहीं हुई है, वे जल्द से जल्द गैस एजेंसी में आकर अपनी ई- केवाईसी करवा लें ताकि भविष्य में उन्हें गैस सिलेंडर लेने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि अब आपके क्षेत्र में या आपके गांव में गैस की गाड़ी जाती है उसी दिन आप 8454955555 नंबर पर मिस कॉल करके अपनी गैस बुक करवाएं तथा बुकिंग के बाद आपको चार अंकों का डीएसी कोड आएगा। आप उस कोड को डिलीवरी वाले व्यक्ति को अथवा जिस डिलीवरी वाले व्यक्ति को पेमेंट कर रहे हैं, उसे लिखवाएं। बिना बुकिंग एवं डीएसी नंबर के हम आपको गैस नहीं दे पाएंगे। इसके साथ ही गैस प्रबंधक संजीव डडवाल ने बताया कि घरेलू गैस सुरक्षा के तहत सस्ती कीमत पर किसी को भी एप्रन , फायरवॉल और फायर पंप उपकरण चाहिए हो तो वे गैस एजेंसी आकर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी उपभोक्ता का गैस चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप खराब हो तो वे भी एजेंसी में संपर्क करके उचित वस्तु मूल्य देकर इन्हें बदलवा सकते हैं।

### संगठनों ने महाराणा प्रताप को किए पुष्प अर्पित



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक डोली में विश्व हिंदू परिषद व अन्य संगठन के लोगों ने यहां पहुंचकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के भव्य प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करें। समाज सेवी एवं विश्व हिंदू परिषद इकाई के उपाध्यक्ष प्रकाश सुडियाल व अन्य लोगों में बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्म दिवस पर युवा वर्ग को महान सपूत की गाथा की जानकारी दी गई।

### विमल नेगी मामले में की जा रही लीपापोती : राणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाया है कि इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले में सरकार की मंशा शुरू से ही दोषियों को बचाने और मामले की लीपापोती करने की रही है। उन्होंने कहा कि जनता और विपक्ष के भारी दबाव के चलते भले ही एसआईटी गठित की गई, लेकिन उस पर लगातार राजनीतिक दबाव डाला गया, जिससे जांच निष्पक्ष नहीं हो सकी। यहां तक कि एसआईटी ने खुद को जांच से हटाने की पेशकश भी अपने अधिकारियों से कर दी थी। उन्होंने कहा कि पुलिस शुरू से ही राजनीतिक दबाव के कारण इसे आत्महत्या का मामला सिद्ध करने में लगी थी, लेकिन परिस्थितियां यह शंका भी जाहिर कर रही है कि कहीं यह हत्या का मामला तो नहीं था जिसे बाद में आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

### प्रतिनिधिमंडल ने नप अध्यक्ष को बताई समस्याएं

अनंत ज्ञान, नादौन। टैक्सी ट्राला ऑपरेटर्स का एक प्रतिनिधि मंडल समस्याओं को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी से मिला तथा समस्याओं से अवगत करवाते हुए एक मांग पत्र भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में टैक्सी, ट्राला आप्रेटर अमित धीमान, काका, राकेश, बिट्टू, अजु आदि शामिल थे। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी से आग्रह किया कि अस्थायी टैक्सी स्टैंड के पास एक शेड का निर्माण करवाया जा , बैठने के लिए बैंच लगाए जाएं, पीने के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष के साथ अक्षित सोनी भी उपस्थित थे। नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने टैक्सी-ट्राला ऑपरेटर्स की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुना तथा शीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

### किसानों को खरीफ की फसलों की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा नादौन, कृषि विभाग और आत्मा परियोजना की सहभागिता से शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम सासन, बटाली और दोबड में आयोजित शिविरों में 192 किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र की तरफ से डॉ. विशाल डोगरा तथा डॉ. नवनीत जरियाल द्वारा किसानों को आने वाले खरीफ मौसम में लगने वाली फसलों के संबंध में जानकारी दी गई तथा कृषि विज्ञान केंद्र में उपलब्ध प्रसार सामग्री भी किसानों को दी गई। कृषि विभाग की ओर से विषय वाद विशेषज्ञ डॉक्टर अरविंद चल द्वारा किसानों को केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं के बारे में किसानों को अवगत करवाया गया। इस अभियान के दौरान जिला हमीरपुर में विभिन्न ब्लॉक में किसानों के बीच कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग तथा आत्मा परियोजना की तरफ से टीमें हर ब्लॉक में बारी-बारी कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। इस प्रकार 15 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जिला के 8000 किसानों तक सीधा संवाद करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सीएम के दौरे को लेकर नादौन में तैयारियां शुरू

अनंत ज्ञान, नादौन। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 2 जून को नादौन विधानसभा में आएंगे, जिसके लिए प्रशासन और कांग्रेस पार्टी तैयारियों में जुट गई हैं। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री नादौन विधानसभा क्षेत्र नादौन के अंतर्गत जोलसप्पड़ स्थित मेडिकल कॉलेज की करीब 3 बजे इंस्पेक्शन करेंगे। उसके बाद नादौन में सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर के कार्यालय की ओपनिंग करेंगे, तदोपरांत नादौन बस स्टैंड के पास निर्माणाधीन मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम की इंस्पेक्शन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग के रेस्ट विश्रामगृह में लोगों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के हमीरपुर जिला के दो दिवसीय दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जगह जगह स्वागत किया जाएगा।

### कैडेट्स ने जानी भारतीय सेना की ताकत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। अपनी आर्मी के बारे में जानने के लिए एक वेबिनार एनआईटी हमीरपुर में ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जेके शर्मा (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि थे। उन्होंने प्रतिभागियों से बात की। कर्नल एसएस रावत, सीओ, 4 एचपी (प) कोय एनसीसी हमीरपुर और एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी, ने समारोह की अध्यक्षता की। इस वेबिनार में 4 एचपी एनसीसी हमीरपुर, 6 एनओएस, 5 डिग्रजों और 5 संकाय और स्टाफ सदस्यों और 150 छात्रों के तहत 6 संस्थानों के 225 वरिष्ठ कैडेट्स ने भाग लिया। सबसे पहले निदेशक एनआईटी हमीरपुर, प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने छात्रों को भारतीय सेना की ताकत और बलिदान के साथ संबोधित किया, जो राष्ट्रीय सुरक्षा की रीढ़ हैं और राष्ट्र को खतरों से बचाता है और आपदाओं और संघर्षों के दौरान शांति और सद्भाव को बनाए रखता है। उन्होंने इस तरह के एक वेबिनार के महत्व पर प्रकाश डाला, जो हम सभी को हमारी भारतीय सेना की ताकत, अनुशासन और समर्पण को समझने की अनुमति देता है। इसके अलावा कार्य के मुख्य अतिथि जनरल शर्मा ने जीवन, मूल्यों और अवसरों के बारे में बात की, जो भारतीय सेना प्रस्तुत करती है। सिर्फ एक पेशे के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के एक तरीके के रूप में। उन्होंने हमारे राष्ट्रीय हीरो जैसे मेजर सोमनाथ शर्मा, मेजर शैतान सिंह और वीर. विक्रम बत्रा की अंतिम बहादुरी और बलिदान कथा सुनाई और कश्मीर संकट को हल करने में भारतीय सेना की भूमिका, रेजांगला, युद्ध 1965 के युद्ध और टोलोलिंग के युद्ध को हल करने में बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भी दौरान भारतीय सेना की भूमिका पर भी चर्चा की।

# एक वर्ष से मुआवजा न मिलने से लोगों में रोष

## एचटी लाइन डालते समय लोगों के पेड़-पौधों का किया था कटान

अनंत ज्ञान, बड़सर

हाई वोल्टेज विद्युत लाइन जाहू से कोटला 132 केवी की टेस्टिंग हुए एक वर्ष से भी ज्यादा टाइम हो चुका है। विभाग ने इसकी सफल टेस्टिंग की थी। कुछ समय पहले इस हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को फंक्शनल भी किया गया था, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि उपमंडल बड़सर की जिन पंचायतों से लोगों की निजी भूमि से होकर यह लाइन गुजरी, सुरक्षा की दृष्टि से इस लाइन के नीचे जितने भी पेड़ पौधे लगे थे, उनको संबंधित विभाग द्वारा कटवाया गया।

बदले में जिन लोगों के खेत खलियान चाहे वे बागवान ,किसान व सामान्य लोग थे, उनकी पेड़ पौधों की कटाई की, उसकी एवज में मुआवजा मिलना था, जो कि अभी तक नहीं मिल पाया है। विकास खंड बिझड़ी की पंचायतें जिनमें भेल, धंगोटा, बल्ह विहाल, इत्यादि पंचायत से होकर यह लाइन निकल गई है, लेकिन लोगों की मलकीयत भूमि से जो पेड़ इस लाइन की जगह में आए, उनको संबंधित विभाग द्वारा काटा गया, लेकिन अभी तक लाखों रुपए मुआवजा नहीं मिल पाया है। क्षेत्र वासियों नंदलाल, प्रकाश चंद, राजकुमार इत्यादि ने बताया कि इस बारे में उन्होंने इस लाइन का कार्य करवाने वाले संबंधित विभाग से भी बात की, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है, जिससे उनको निराशा ही हुई है।

इस लाइन का कार्य ट्रांसमिशन यार्ड मट्टन सिद्ध की देखरेख में हुआ है। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता विद्युत ट्रांसमिशन सनी धीमान से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में फाइल तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेज दी है। अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया है, साथ में जिन लोगों का जितना मुआवजा देना है , उसके पूरे कागजात तैयार कर दिए गए हैं। जैसे ही फंड रिलीज होगा, लोगों के खातों में पेमेंट डल जाएगी।

बता दें कि कोटला से जाहू तक 26 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाने के लिए 96 टावर स्थापित किए गए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 2016 में इसका वर्चुअल शिलान्यास किया था। 2018 में इसका कार्य शुरू हुआ। 30 मार्च 2024 को इसकी टेस्टिंग भी की गई थी और 25 पंचायतों के 16500 उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलना है।

## भारतीय सेना के शौर्य को लेकर भोटा में निकाली तिरंगा यात्रा



संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा। शीतला मंदिर से रेस्ट हाउस भोटा तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा की अगुवाई बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने की। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा मंडलों व कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर लोगों ने हाथ में तिरंगे झंडा लेकर भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। रेस्ट हाउस में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि मैं भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की ऐसी फजीहत की है कि वह भविष्य में भारत की तरफ नजर उठाने से पहले 20 बार सोचेगा। उन्होंने बताया कि भारत की वीर सेना ने ब्रह्मास्त्र मिसाइल से पाकिस्तान के 11 एयरबेस को बुरी तरह से नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम की वारदात के बाद सबसे पहले दुनिया के सभी देशों का समर्थन हासिल किया और फिर पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई।

## निर्धन परिवार की मदद के लिए आगे बढ़ने लगे हाथ

संजीव चौहान, अनंत ज्ञान

टौणी देवी। तीन दिन पहले क्षेत्र में जोरदार बारिश और तूफान गरीब परिवार के ऊपर कहर बनकर बरपा, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हो। टौणी देवी की कृष्णी देवी का मकान और गोशाला क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनकी मदद के लिए लोग भी आगे आने लगे हैं तथा यह कारवां बढ़ता जा रहा है।

टौणी देवी की 85 वर्षीय वृद्धा कृष्णी देवी के साथ उसका 55 वर्षीय मंदबुद्धि पुत्र भी रहता है तथा उनके परिवार में देखभाल करने वाला कोई और नहीं है। मकान भी बरसों पुराना कच्चा बना हुआ है तथा जर्जर हालत में हो चुका है सांसद अनुराग ठाकुर की संस्था प्रयास की ओर से गुरबार को संयोजक संजीव राजपूत ने कृष्णी देवी को संस्था की ओर से ₹5000 की मदद प्रदान की। इसी तरह से स्थानीय राजस्व अधिकारी ने भी प्रशासन की ओर से मौके पर पहुंचकर ₹3000 की आर्थिक सहायता की तथा अन्य मदद का भी भरोसा दिलवाया। पंचायत प्रधान ने बताया कि कई और लोग भी गरीब परिवार की मदद के लिए आगे आ रहे हैं और वह सभी का हृदय से इसके लिए आभार व्यक्त करते हैं। अन्य दानवीर भी उनकी मदद के लिए आगे आ सकते हैं।



पीड़ित को आर्थिक सहायता देते हुए।

## सुलगवान में मोटरसाइकिल और कार में टक्कर, दोनों चालक घायल

अनंत ज्ञान, जाहू

जाहू-भोटा सुपरहाईवे पर सुलगवान के पास वीरवार रात को 10 बजे के आसपास कार और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हुई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के एयर बैग भी खुल गए। मोटरसाइकिल और कार चालक को चोटें आई हैं।



टक्कर से कार और बाइक को नुकसान हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर पहुंचकर लोगों के दुर्घटना की सुचना पुलिस को दी। पुलिस ने दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से दोनों वाहन चालकों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार दोनों वाहन चालकों को उपचार करवाने के बाद घर भेज दिया गया है। शाहि पुत्र महेंद्र सिंह बाइक पर सुलगवान से जाहू की तरफ जा रहा था जबकि कुलदीप कुमार कार में जाहू से सुलगवान की तरफ जा रहा था, जब यह घटना घटी।

जाहू पुलिस चौकी प्रभारी फिरोज अख्तर ने बताया कि दोनों पार्टियों में समझौता हो जाने के बाद पुलिस में केस दर्ज नहीं हुआ है।

## दिनेश कंवर सर्वसम्मति से बने प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



प्रेस क्लब हमीरपुर की बैठक प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

प्रेस क्लब हमीरपुर की बैठक लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, वहीं अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विवरण सभी के समक्ष रखा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया ने कार्यकाल पूरा होने के चलते वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया तथा हाउस को अगली कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया।

इसके बाद बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति जताई कि प्रेस क्लब के चुनाव बार-बार लंबित हो रहे हैं, इसलिए चुनाव वीरवार को ही संपन्न करवाए जाएं। इसके उपरांत सुरेंद्र कटोच को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। सुरेंद्र कटोच की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया ने दिनेश कंवर को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन करते सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। क्लब के संविधान के अनुसार नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा। इस अवसर पर हाउस ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश कंवर को 15 दिन में नई कार्यकारिणी का गठन करने का समय दिया साथ अन्य पदाधिकारियों का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रणवीर ठाकुर, पूर्व महासचिव वासू देवनंदन एवं अन्य वरिष्ठ पत्रकारों में अजय चौहान, राजकुमार, ध्रुव परमार, रजनीश शर्मा, महेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, नीलम राय, अश्वनी वालिया, विजय कुमार, मीनाक्षी, पवन कुमार, सुनील कुमार, रविंद्र कुमार, अनिल कुमार, कमल कृष्ण, संदीप ठाकुर, बीआर कौशल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आचार्य पवन सर्वसम्मति से बने बिझड़ी खंड के प्रधान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ के बिझड़ी खंड के खंड स्तरीय त्रैवार्षिक चुनाव जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय भकरेड़ी मैहरे बड़सर में संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से आचार्य पवन को खंड प्रधान, महासचिव पवन कुमार शास्त्री, वित्त सचिव राकेश कुमार डीएम वरिष्ठ उप प्रधान पवन पीईटी, उप प्रधान लक्की तथा महिला मोर्चा प्रधान आचार्य रीना कुमारी और वरिष्ठ उप प्रधान मैडम रेखा कुमारी को चुना गया। इस चुनावी प्रक्रिया को राज्य प्रैस सचिव अश्विनी भारद्वाज तथा जिला संयोजक व खंड प्रधान सुजानपुर होशियार सिंह ने पूरा करवाया तथा खंड प्रधान आचार्य पवन को आगामी खंड कार्यकारिणी के विस्तार हेतु अधिकृत किया। इस अवसर पर जिला महासचिव आचार्य अजय कुमार ने सभी



राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ के बिझड़ी खंड के चुनाव में जीते

उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा चुनावी प्रक्रिया को देख रेख की। इस अवसर पर मैडम इंदु गौतम वरिष्ठ उप प्रधान महिला मोर्चा हमीरपुर, रीना बनियाल सचिव महिला मोर्चा हमीरपुर, कुसुम लता उप प्रधान महिला मोर्चा हमीरपुर, अश्विनी भारद्वाज, पवन परमार, होशियार सिंह, विजय कुमार, नरेश ठाकुर, लेखराज, मदन लाल, सुरजीत, रेखा देवी, रीना कुमारी, पवन कुमार, राजेश, सुनील कुमार , लक्की कुमार, विनोद कुमार, राकेश, विजय, विनीत, सुरेश, महेन्द्र, रजनीश, सुनील कुमार,केशव दत्त, रवि शर्मा, आदि अध्यापक साथियों ने भाग लेकर नव कार्यकारिणी के गठन में अपना अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता के लिए भरेड़ी में पहली जून को होगा ट्रॉयल : सुमन

अनंत ज्ञान, जाहू,

21वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता 24 से 27 जुलाई को (चेन्नई) तमिलनाडु में होगी। इसमें हिमाचल प्रदेश की 14 सदस्यीय टीम भाग लेगी। अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश के महासचिव बीआर सुमन ने बताया कि टीम के लिए प्रदेश कोर्फबॉल संघ पहली जून को हमीरपुर जिला के पीश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में ट्रॉयल लेगा। जिससे अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि सब जूनियर वर्ग अर्थात अंडर-15 वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ी 1 जनवरी 2010 के बाद के जन्मे होने चाहिएं। खिलाड़ियों के ट्रॉयल के समय अपना जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। सुमन ने कहा कि आज कोर्फबॉल खेल पूरे भारतवर्ष में तेजी से फैल रहा है और खिलाड़ियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। टीम में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को अनुपात 50:50 अर्थात बराबर होने के कारण खिलाड़ी ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रॉयल से चयनित खिलाड़ियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण में अवश्य भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम को पूरी तरह से तैयार करके प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए खुशी की बात है कि भारतीय टीम के कोच विनोद ठाकुर हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट से ही हैं और खिलाड़ियों को उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा।

## सुक्खू के दौरे को लेकर की बैठक

अनंत ज्ञान, भोटा। बड़सर विस क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष डटवालिया ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर रेस्ट हाउस भोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में डटवालिया ने कार्यकर्ताओं से यह फीडबैक ली कि इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष भोटा क्षेत्र की कौन-2 सी प्रमुख मांगे रखी जाएं। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पीएचसी भोटा का दर्जा सीएचसी होना अति आवश्यक है। कार्यकर्ताओं ने दूसरी मांग भोटा बस स्टैंड के रखी। डटवालिया ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वे उपरोक्त दोनों मांगों को मनवाने का पुरजोर प्रयास करेंगे।

## सलौनी-दियोटसिद्ध मुख्य सड़क मार्ग सोहारी के पास क्षतिग्रस्त



दुर्घटनाग्रस्त सड़क, जो कि किसी हादसे का कारण बन सकती है।

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

बड़सर। उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग सोहारी के पास क्षतिग्रस्त हो गई है। कल को अगर कोई हादसा पेश आ जाता है तथा जान-माल का कोई नुकसान हो जाता है तो इसका कौन जिम्मेदार होगा? इसी सड़क मार्ग से होकर 1 जून को मुख्यमंत्री का काफिला भी गुजरेगा, जिसमें गाड़ियों का जमावड़ा भी अधिकतर रहता है।

थोड़ी सी चूक होने पर भी अगर कोई गाड़ी फिसल जाती है ऐसे में कोई घटना होने पर किसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हालांकि रविवार के दिन बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए जानेवाले श्रद्धालुओं की गाड़ियां भी इसी मार्ग से होकर जाती हैं, ऐसे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को छोटी-छोटी क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का स्वयं जाकर संज्ञान लेना चाहिए ताकि जानमाल की क्षति होने से बच सके। कुछ दिन पहले ही उक्त स्थान पर एक स्कूटी चालक हादसे का शिकार हुआ था परंतु गनीमत यह रही की जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

हालांकि, विभागीय अधिकारियों का यह भी कहना है कि इस सड़क मार्ग का अपग्रेड कार्य चला हुआ है। इस वजह से कोई मेंटेनेंस का कार्य नहीं हो सका है। आपके माध्यम से मामला ध्यान में आया है। स्थानीय लोगों में मदन कुमार शर्मा, सुरेश गर्ग, धनी राम, अशोक कुमार, महेंद्र शर्मा, सुभाष चंद, मोनू कुमार, धर्म चंद इत्यादि का कहना है कि संबंधित विभाग क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग को शीघ्र ठीक करे ताकि कोई बड़ा हादसा होने से बच सके। इस सड़क मार्ग का अपग्रेड का कार्य जो बंद पड़ा है, उसे शीघ्र चालू करने के लिए ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से पुरजोर मांग की है।

**कल सीएम का काफिला बिझड़ी के लिए यहीं से गुजरेगा**

"मामला विभाग के ध्यान में अभी ही आया है। सर्वप्रथम यहां सूचना बोर्ड लगाया जाएगा कि आगे सड़क क्षतिग्रस्त है, सावधानी से वाहन चलाएं। इसके उपरांत सड़क के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से व्हाइट वॉश करके पत्थरों से आपातकालीन बाउंड्री लगाई जाएगी ताकि उक्त स्थान पर बड़ा हादसा होने से बच सके।"

-सुरेश कुमार कौंडल, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी बड़सर

**जीत** हिमाचल का राष्ट्रीय सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# पंजाब के खिलाड़ी को दी पटकनी

अनंत ज्ञान, भोरंज

तमिलनाडु के केएसआर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चल रही 25वीं राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीत से आगाज करते हुए शानदार किया है। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों में उत्साह है। हिमाचल प्रदेश वुशु खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि सबसे पहले हिमाचल प्रदेश ने वुशु खेल के सांसू इवेंट में जीत से आगाज किया है।

हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी ब्रह्मजोत सिंह सैनी ने 32 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में पंजाब राज्य की ईशान सक्सेना को पराजित करके अगले राउंड में प्रवेश किया है। इसी



ब्रह्मजोत जीत के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में।

तरह नखश ने के. प्रीतीश तमिलनाडु को पहले व दूसरे राउंड में पराजित किया है। इसके अलावा चार इवेंट की प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के चार खिलाड़ी सात से अधिक अंक लेकर मेडल जीतने की स्थिति में पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि तालू इवेंट में तेजल ने डांसू, अवनी कपूर ने चनक्वॉन, मोहित चौहान ने गुनशू में और गौरी ने ताईजिजियान में अच्छा प्रदर्शन करके हिमाचल प्रदेश को मेडल दिलाने की संभावना बना दी है।

आजाद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी प्रदेश वुशु खेल संघ की आशा के अनुरूप प्रदर्शन करके अपने जीत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 31 यूनिटों के 1500 खिलाड़ियों में हिमाचल प्रदेश ने खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 31 मई तक चलेगी।

## वालंटियर्स को समाजसेवा और नशा मुक्ति का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, भोरंज

साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भरेड़ी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन समाज सेवा और नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषयों को समर्पित रहा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य समीरपुर वार्ड से पवन कुमार चंदेल बतौर मुख्य वक्ता (रिसोर्स पर्सन) उपस्थित हुए और एनएसएस वालंटियर्स को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया।

पवन कुमार ने शिविर में समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने सीमित संसाधनों में भी समाज के गरीब और पिछड़े वर्ग के लिए कार्य किया, और किस तरह युवा भी इसी मार्ग पर चलकर सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा किसमाज सेवा केवल एक कार्य नहीं, यह जीवन की दिशा है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह खुद में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करे।



पवन कुमार को सम्मानित करते गणमान्य।

इस अवसर पर उन्होंने नशा, विशेषकर युवाओं में बढ़ते चिट्टे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे समाज को खोखला करता है। उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि यदि कहीं नशा तस्करी या उसका सेवन होते हुए नजर आए, तो उसे छुपाने की बजाय प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम में विद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मीरा देवी ने पवन कुमार का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर-हमीरपुर मुख्य मार्ग पर निगम प्रबंधन एवं निजी बस में टक्कर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर-हमीरपुर मुख्य मार्ग नजदीक चबूतरा के पास निगम प्रबंधन और एक निजी बस के बीच टक्कर हो गई गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में दोनों बसों की सवारियां पूरी तरह सुरक्षित रही हैं।



जानकारी के अनुसार निजी बस जो कि चबूतरा के बाद रुकी तो निगम प्रबंधन की बस ने पीछे से टक्रा गई। मुख्य सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची सुजानपुर पुलिस ने तमाम कार्रवाई करते हुए जहां यातायात व्यवस्था को सुचारु किया। सुजानपुर थाना प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि निगम प्रबंधन और निजी पास में टक्कर हुई थी, दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया है किसी के हताहत एवं चोटिल होने की सूचना नहीं है।

### मिड-डे मील वर्कर यूनियन ने शांति को प्रधान व राजमिला को महासचिव चुना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मिड-डे मील वर्कर यूनियन सीटू जिला शिमला का छठा सम्मेलन हाल ही में संपन्न हुआ, जिसमें 35-सदस्यीय नई कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें शांति को जिला प्रधान, राजमिला को महासचिव और चंपा को कैशियर चुना गया। सम्मेलन में वर्करों ने केंद्र और राज्य सरकारों पर शोषण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने पिछले 15 वर्षों से मिड-डे मील वर्करों के वेतन में एक भी रुपया नहीं बढ़ाया है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिया जा रहा 3500 रुपए का मासिक मानदेय भी अनियमित है और यह 2-3 महीने के अंतराल पर, अलग-अलग जिलों में अलग-अलग तरीके से मिल रहा है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और विभाग की होगी।

### महिला थाने में नाबालिग लड़की के गुम होने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में एक महिला हमीरपुर निवासी ने अपनी नाबालिग बेटी के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार इनकी नाबालिग बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। डीएसपी हरीश गुलेरिया ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### हमीरपुर में सरकारी सड़क पर अवैध कब्जा कर बंद कर दी सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर जिला हमीरपुर में यह अभियोग शिकायतकर्ता कुसुमलता पत्नी अजय कुमार गांव बलयूट, जिला हमीरपुर प्रधान स्थानीय ग्राम पंचायत व अन्य स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की संयुक्त शिकायत पर पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार दीन बंधु पुत्र स्व. ज्ञान चंद गांव वल्यूट की सड़क को बंद कर रखा है। यह सभी को गाली-गलौच व जान से मारने की धमकियां देता रहता है। सभी गांववासियों ने 7-8 महीने पहले इस सड़क की निशानदेही भी करवाई थी तथा यह सड़क निशानदेही में सरकारी निकली थी फिर भी उक्त व्यक्ति ने इस सड़क पर अवैध कब्जा किया हुआ है तथा सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया है। सदर थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग को लगा बड़ा झटका, लापरवाही का ठहराया दोषी

# हिमाचल हाईकोर्ट ने रद्द किए 45 डॉक्टरों के बॉन्ड

### देरी पर लगाई फटकार; नियमों की अनदेखी भारी, लापरवाह रवैया बर्दाश्त नहीं

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ा झटका लगा है। उच्च न्यायालय ने 45 पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टरों को उनकी अनिवार्य दो साल की बॉन्ड सेवा से मुक्त कर दिया है। कोर्ट ने इस फैसले के लिए विभाग को समय पर पोस्टिंग आदेश जारी करने में सरासर लापरवाही और लापरवाह रवैया बरतने का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा की एकल पीठ ने सख्त लहजे में कहा कि इस तरह की देरी अस्वीकार्य है।

यह मामला हितेश चनाना और




अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य और अन्य से जुड़ा है, इसमें उन पीजी उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिन्होंने 40 लाख का बॉन्ड भरा था। इस बॉन्ड के तहत उन्हें अपनी एमडी, एमएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद दो साल तक राज्य में सेवा देनी थी।

हालांकि, 27 फरवरी, 2019 की पीजी, सुपर स्पेशियलिटी पॉलिसी के खंड 6, 8, 2 के तहत एक महत्वपूर्ण शर्त है, यदि सरकार परिणाम घोषित होने के एक महीने के भीतर फील्ड पोस्टिंग आदेश जारी करने में विफल रहती है, तो बॉन्ड की शर्त लागू नहीं होगी।

याचिकाकर्ताओं ने 7 मार्च, 2025 को अपनी अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसका अर्थ था कि उन्हें 7 अप्रैल तक अपने पोस्टिंग आदेश मिल जाने चाहिए थे। लेकिन, उन्हें 10 अप्रैल तक भी आदेश नहीं मिले, जो निर्धारित समय सीमा से तीन दिन बाद था।

**दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश**

**न्यायालय** ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई शुरू करेंगे, ताकि इस मामले में की गई गलती दोबारा न दोहराई जाए। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मूल एमबीबीएस डिग्री और बॉन्ड सिक्योरिटी के रूप में जमा किए गए बिना तारीख वाले चेक वापस करने का निर्देश दिया गया है, इसके अतिरिक्त, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण देते हुए तीन सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा भी प्रस्तुत करना होगा।

**जनहित का हवाला देना अस्वीकार्य**

**राज्य** सरकार ने जनहित का तर्क दिया कि उसे प्रक्रियात्मक चूकों पर हावी होना चाहिए, लेकिन न्यायालय ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब नीति में ही पोस्टिंग में देरी के लिए एक 'एग्जिट क्लॉज' (निकास खंड) है, तो ऐसी विफलता के बाद जनहित का हवाला देना अस्वीकार्य है। न्यायालय ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता और राज्य दोनों ही बॉन्ड की शर्तों से समान रूप से बंधे हैं, जिसमें अपवाद खंड भी शामिल है।

# बहु तकनीकी कॉलेजों में 20 एसोसिएट प्रोफेसर होंगे डिमोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बहुतकनीकी कॉलेजों में नियमों के खिलाफ पदोन्नत किए गए 20 एसोसिएट प्रोफेसरों को डिमोट किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विभाग को 15 दिनों के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**राजेश धर्माणी ने जारी किए दिशा-निर्देश नियमों के खिलाफ मिली थी पदोन्नति**

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इन प्रोफेसरों को 2020 में गलत तरीके से पदोन्नति दी गई थी, जिससे सरकारी खजाने पर सालाना करीब 25 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ा। मंत्री को शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है।



जानकारी के अनुसार तकनीकी शिक्षा विभाग में एक बड़ा वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर अयोग्य एसोसिएट प्रोफेसरों को पदोन्नति का लाभ दिया गया, जिससे सरकारी खजाने पर सालाना लगभग 25 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। यह चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब एक शिकायत के बाद हुई विभागीय जांच में आरोप सही पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री ने विभागीय सचिव को तत्काल आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

**शिकायत** में कहा गया है कि तकनीकी शिक्षा विभाग में कई एसोसिएट प्रोफेसर पदोन्नति के लिए पात्र नहीं थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति का लाभ दिया गया। पदोन्नति के बाद इन अधिकारियों को हायर पे स्केल (उच्च वेतनमान) भी प्रदान किया गया, जिससे सरकारी खजाने पर भारी वित्तीय बोझ पड़ा है।

# सुंदरनगर में अपहरण कर युवती से दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में एक युवती का आरोपी युवक द्वारा अपहरण और दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

**डेंटल कॉलेज के बाहर से जबरन कार में बैठाकर ले गया आरोपी**



शिकायतकर्ता युवती ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बीते बुधवार को वह अपनी सहेली के साथ हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर में दांतों का इलाज करवाने गई थी, जैसे ही वह डेंटल कॉलेज के पास पहुंची, तभी अचानक मौके पर डैहर क्षेत्र का रहने वाला आरोपी पहुंच गया। आरोपी जबरदस्ती उसे उसकी सहेली के सामने अपनी कार में बैठाकर ले गया। इस दौरान पीड़ित युवती ने शोर भी मचाया, लेकिन आरोपी युवक ने उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया, जिससे युवती किसी को सूचना न दे सके।

शिकायतकर्ता के आरोप हैं कि आरोपी उसे अपने घर ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की और जबरन दुष्कर्म भी किया गया। पीड़िता का यह भी कहना है कि आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना सुंदरनगर में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# धुरखड़ी में दो मंजिला स्लेटपोश मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट उपमंडल की बल्द्वाड़ा तहसील में वीरवार सुबह एक दो मंजिला स्लेटपोश मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरा मकान आग की लपटों में समा गया। इस घटना में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रभावित परिवार ने करीब 20 लाख रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया है। वहीं, प्रशासन नुकसान का आकलन करने में जुट गया है। आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड, पुलिस थाना हटली के थाना प्रभारी बृजलाल शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गए।



राख हुए घर को देखते लोग।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्द्वाड़ा की ग्राम पंचायत कोट के धुरखड़ी गांव में वीरवार सुबह 10 बजे के करीब एक घर में

**20 लाख का हुआ नुकसान**

आग लग गई। धुरखड़ी गांव के वार्ड सदस्य राज पाल ने बताया कि दो मंजिला मकान, जिसमें चार कमरे स्लेटपोस आग लगने से जलकर राख हो गए है। इस मकान में दो भाई सयुंक्त रूप से रहते थे। यह घर गांव धुरखड़ी की अति देवी (69) पत्नी स्व. अमीं चंद,नरेंद्र कुमार और देवराज का था। नरेंद्र कुमार ग्राम पंचायत कोट के पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं।

वार्ड सदस्य राजपाल ने बताया कि आग लगने के समय घर के सभी सदस्य अपने रोजमर्रा के कार्यें में लगे हुए थे। आग लगने की खबर पाकर ग्रामीण घटना स्थल की और भागे परंतु आग की लपटें इतनी तेज थी कि घर का सारा सामान पलभर में ही जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। प्रशासन की तरफ से तहसीलदार बल्द्वाड़ा प्रवीण शर्मा और हल्का पटवारी सचिन ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को चार तिरपाल और दस हजार रुपए फौरी राहत प्रदान की।

# अहिल्याबाई की उपलब्धियां स्वर्णिम अक्षरों में अंकित: टंडन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**सोलन में भाजपा महिला मोर्चा ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

भाजपा प्रदेश प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने मुरारी मार्केट में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर महिला मोर्चा भाजपा जिला सोलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश उपाध्यक्षा रश्मि धार सूद, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, पूर्व मंत्री राजीव सहजल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रियंका अग्रवाल जिला महामंत्री महिला मोर्चा द्वारा की गई।



कार्यक्रम में पहुंचे संजय टंडन और डॉ. राजीव बिंदल।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय टंडन ने कहा महान शासक, समाज सुधारक और धर्मनिष्ठ रानी अहिल्याबाई होलकर की उपलब्धियां भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हैं। मालवा साम्राज्य की रानी के रूप में उन्होंने अपने कुशल शासन, समाज कल्याण और धार्मिक कार्यों के माध्यम से एक अमिट छाप छोड़ी। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम उनकी प्रमुख उपलब्धियों को याद करते हैं। टंडन ने कहा कि अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक मालवा साम्राज्य पर शासन किया। उनके शासनकाल में मालवा ने अभूतपूर्व समृद्धि और स्थिरता देखी।

वहीं, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि एक महिला शासक के रूप में अहिल्याबाई ने यह सिद्ध किया कि नेतृत्व और साहस में लिंग कोई बाधा नहीं है। उनकी बुद्धिमत्ता, साहस और दृढ़ता आज भी लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। इसके अलावा उपाध्यक्षा रश्मि धार सूद और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा वंदना योगी ने भी रानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी और उनके द्वारा किए सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला।

# फिर बढ़ी गर्मी, ऊना 41 .5 और हमीरपुर 40 .5 डिग्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बेशक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, लेकिन इसके साथ-साथ गर्मी एक बार फिर प्रचंड होने लगी है। वीरवार को ऊना सबसे गर्म रहा। ऊना का तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वहीं, 40.5 डिग्री के साथ हमीरपुर दूसरे स्थान पर रहा। बिलासपुर में 38.7, नेरी में 38.6, सुंदरनगर में 37.4, कांगड़ा में 37, बरठीं 36.2, धौलाकुआं 35.1, भुंतर 35, चंबा 33.8, बजौरा 33.5, सेऊबाग 32.5, धर्मशाला 32, नाहन 31.7, जुबड़हट्टी 30, रिकांगपिओ 29.3, मंडी 27.4 और शिमला में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, बीते 24 घंटों में तेज बारिश और ओलावृष्टि के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। हिमाचल का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा, जबकि कई शहरों में यह गिरावट 5 डिग्री तक पहुंच गई।

मौसम विभाग के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में आगामी छह दिन तक मौसम खराब रहने की संभावना है। शिमला, मंडी, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा और सिरमौर जिलों के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है। इन छह जिलों में ओलावृष्टि की आशंका के चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे प्रभावित क्षेत्रों का तापमान सामान्य से नीचे बना रहेगा। वहीं, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और सोलन के निचले क्षेत्रों में मौसम साफ और गर्म रहेगा।

# भाजपा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से सेना और महिलाओं का किया अपमान: चेतन




पत्रकार वार्ता को संबोधित करते चेतन चौहान, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर देश के सैन्य बलों का अपमान करने और महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और प्रदेश मामलों के सह प्रभारी चेतन चौहान ने कहा कि भाजपा नेता सार्वजनिक मंचों से सैन्य अधिकारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं।

वीरवार को शिमला स्थित राजीव भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चेतन चौहान ने कहा कि कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ देश के साथ खड़ी है। हालांकि, उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध विराम के बिंदु क्या हैं और इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की क्या भूमिका रही है।

उन्होंने पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों और दोषियों की कोई पुख्ता जानकारी न देने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोगों को झूठ परोसकर इस पर राजनीति कर रही है। चेतन ने भाजपा के 'ऑपरेशन सिंदूर' अभियान पर तंज कसते हुए इसे देश की महिलाओं के आत्म सम्मान का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी स्त्री अपने माथे पर किसी दूसरे का दिया सिंदूर नहीं लगाती और यह हमारी परंपरा व धर्म के भी विपरीत है।

**केंद्र सरकार अपनी विफलताओं को छुपा रही**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और प्रदेश मामलों के सह प्रभारी विदित चौधरी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग रखी थी, लेकिन वह आज तक पूरी नहीं की गई। विदित चौधरी ने केंद्र सरकार पर अपनी विफलताओं को छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो पुलवामा हमले का सच सामने आया है और न ही पहलगाम हमले का। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रही।

# एचपी बोर्ड की लापरवाही के खिलाफ एबीवीपी का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड पर छात्रों के प्रति लापरवाही और तानाशाही रवैये का आरोप लगाया है। परिषद ने हाल ही में एक छात्रा द्वारा गलत परिणाम के कारण आत्महत्या के प्रयास को बोर्ड की संवेदनहीनता का प्रमाण बताया है। छात्रा को पहले फेल घोषित किया गया था, लेकिन बाद में उसे पास बताया गया।

एबीवीपी के प्रांत महामंत्री दिशांत जरयाल ने बताया कि एबीवीपी ने पुनर्मूल्यांकन और पुन: जांच की फीस में अनुचित वृद्धि का भी विरोध किया है, जो 400 से 800 और 500 से 1000 रुपए तक बढ़ा दी गई है। एसओएस छात्रों से 3000 रुपए की वसूली को भी परिषद ने शिक्षा के व्यवसायीकरण का प्रयास है।

एबीवीपी ने इन बढ़ी हुई फीसों को तुरंत वापस लेने और गलत परिणामों वाले छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं की स्वतंत्र व निष्पक्ष समीक्षा की मांग की है। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 घंटों के भीतर बोर्ड कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो वे पूरे प्रदेश में उग्र जन आंदोलन शुरू करेंगे।

# गड़ामोड़ में ट्रक से 380 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**आलू की बोरियों के नीचे छिपाकर लाई जा रही थी**

हिमाचल में नशा तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत बिलासपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार देर रात बिलासपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने गड़ामोड़ के पास नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 380 पेटियों अवैध शराब बरामद की। यह शराब पंजाब से हिमाचल लाई जा रही थी और ट्रक में आलू की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी थी।



ट्रक व अवैध शराब समेत पकड़ा गया आरोपी पुलिस के साथ।

स्पेशल टीम ने रात के समय चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। इसी दौरान पंजाब की ओर से आ रहे एक ट्रक (एचपी34एफ 5687) की रोककर तलाशी ली तो ट्रक में ऊपर की परत में 90 बोरियों में आलू भरे हुए थे, लेकिन नीचे 380 पेटियां अवैध शराब छिपाकर रखी थी। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र सालू, निवासी गांव मोहल, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ स्वारघाट थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि बिलासपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने गड़ामोड़ के पास नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 380 पेटियों शराब बरामद की है। यह शराब पंजाब से लाई जा रही थी। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई जारी है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह शराब हिमाचल में कहां और किसको सप्लाई की जानी थी। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और इस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

**लापरवाही** चार दशक के बाद भी नहीं हुए नए पर्यटन स्थल चिन्हित, रोहतांग की तरह नए स्थल विकसित हों तो घटेगा यातायात दवाब

# मनाली में नए पर्यटन स्थलों की कमी पड़ रही भारी, फिसड्डी बनी सरकारें

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। कोरोना काल को छोड़ दें तो कुल्लू मनाली में पर्यटकों का आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है, लेकिन पर्यटन व्यवसाय अभी भी पुराने ढर्रे पर ही चला है।

पर्यटकों की संख्या में भले ही वृद्धि हुई है, लेकिन मनाली में पर्यटकों का ठहराव लगातार कम होता जा रहा है। अधिकांश पर्यटक दो या तीन दिन से अधिक मनाली में नहीं रुकता है। जिस का प्रमुख कारण नए पर्यटक स्थलों की कमी है। चार दशकों के




बाद भी मनाली में नए पर्यटक स्थल चिह्नित नहीं हो पाई है। ऐसा नहीं है कि मनाली में पर्यटक स्थलों की कमी है। कुदरत ने मनाली को बहुत कुछ दिया है, बस राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है। मनाली के अनछुए पर्यटन स्थल भृगु, दशौहर, हामटा, रानी सुई,, चंद्रखणी, लमाढुग स्थान पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो पाए हैं।

सड़क और अन्य सुविधाओं के अभाव में बहुत कम संख्या में ही सैलानी यहां आते हैं। हामटा में हालांकि, सर्दियों में बर्फ रहती है। यदि सड़क कुछ किलोमीटर आगे तक निकली जाए तो गर्मी में भी यहां बर्फ देखने को मिलेगी। मनाली में इस बार समर सीजन रफ्तार नही पकड़ पा रहा है। हालांकि, जून महीने मे समर सीजन के गति पकड़ने की उम्मीद है। रोहतांग दर्रा ही दशकों से पालनहार बना हुआ है। अब अटल टनल ने भी पर्यटकों को आकर्षित किया है। दर्जनों पर्यटन स्थलों को विकसित होने का इंतजार है। देश-विदेश से आने वाले सैलानी इन अनछुए रमणीक स्थलों तक नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे कुल्लू मनाली का पर्यटन व्यवसाय मनाली तक ही सीमित रह गया है। अनछुए पर्यटन स्थल विकसित न होने से रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों का दवाब बढ़ा और एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा। एनजीटी ने दर्रे में वाहनों की संख्या सीमित कर दी। पर्यटन नगरी मनाली में नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। परिणामस्वरूप यातायात समस्या बढ़ने के साथ मनाली में पर्यटकों का ठहराव भी नहीं बढ़ पाया।

**किसी भी सरकार ने नहीं दिखाई गंभीरता: अबरोल**

**पर्यटन** कारोबारी अजय अबरोल का कहना है कहा कि नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। अटल टनल बनने से एक नया स्थल जरूर विकसित हुआ है, लेकिन गर्मी में बर्फ देखना सिर्फ रोहतांग पर ही संभव है। ऐसे ही नए स्थलों को विकसित किया जाना जरूरी है।

**अन्य पर्यटन स्थल भी किए जाएं विकसित: मुकेश**

**होटलियर** एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कहा कि कुछ साल पहले ऐसोसिएशन ने सरकार से हामटा पास से आगे लगभग पांच किलोमीटर तक सड़क बनाने कि मांग की थी। इससे रोहतांग का पर्यटक बंट सकता है। वहीं, अन्य पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जाना चाहिए। अगर सरकार इस दिशा में कार्य करेगी, तो मनाली के पर्यटन कारोबार और पंख लगेंगे।

**सरकार** हिमाचल के अन्य पर्यटन स्थलों की तरह मनाली के पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। अनछुए पर्यटन स्थलों के विकसित होने से मनाली में पर्यटन कारोबार बढ़ेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

**-भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विस क्षेत्र**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश इंटक युवा अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** इंटक के युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल पठानिया ने भाजपा का दामन थाम लिया। यह राजनीतिक बदलाव कांगड़ा के सांसद राजीव भारद्वाज और नूरपुर संगठनात्मक भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार काका की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने नए सदस्य का गर्मजोशी से स्वागत किया। संगठनात्मक कौशल और युवा संवाद के माध्यम से श्रेय अवस्थी ने इस फैसले को धरातल पर लाने में अहम योगदान दिया।

### सिद्धबाड़ी बल्ला में मेला पहली से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की समीप द्रूरणी माता मंदिर रक्कड़ रोड सिद्धबाड़ी बल्ला में वार्षिक मेला एक से दो जून तक आयोजित किया जाएगा। कुश्ती दंगल एक जून को करवाई जाएगी, जिसमें पहलवान एक जून को चार बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। मेला कमेटी के अध्यक्ष जगदीश अत्री ने बताया कि मेले को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। इसमें शांतिपूर्ण मेले का आयोजन के लिए रणनीति बनाई गई है।

### राजू पहलवान ने जीती हरनेरा छिंज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के हरनेरा में वार्षिक छिंज मेले का आयोजन किया गया। इसमें हरनेरा निवासी वरिंदर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेला कमेटी की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में बलवंत सिंह और चरणजीत सिंह ने शिरकत की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ंज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। छिंज की बड़ी माली राजू शाहपुर और पप्पी लंबानाल के बीच हुई, जिसमें राजू शाहपुर विजेता रहे। छोटी माली की कुश्ती विशाल चड़ी और रोहित जौंटा के बीच हुई और विशाल विजेता रहे। मेला कमेटी की तरफ से सभी विजेता और उपविजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

### प्रभु का नाम पापनाशक व मंगलकारीः अतुल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा ।** श्रीशिव महापुराण कथा महोत्सव के 6वें दिन परम श्रद्धेय स्वामी अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि जिसे सिद्धि चाहिए, वह भगवान शिव की आराधना अवश्य करे। साधना सफलता देती है। केवल शिव पूजन से सभी देवी-देवताओं की पूजा हो जाती है। प्रभु के भजन से ही दुख दूर होते हैं। अपने दुखों के लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। हम या तो परमात्मा को दोषी मानते हैं या दूसरों को। यही भ्रम हमें सफलता से दूर करता है। ईश्वर सदा हमारे साथ है। कमी हमारी ओर से होती है, प्रभु की ओर से नहीं। भगवान में आसक्ति कल्याणकारी होती है। निर्लिप्त भाव से दूसरों के सुख के लिए किया गया कर्म मुक्ति का मार्ग खोलता है। प्रभु का नाम पाप नाशक और मंगलकारी है। इसलिए हम जिस देश, वेश, काल या परिस्थिति में हों, भगवान शिव का स्मरण अवश्य करें। अतुल महाराज ने कहा कि जहां दृढ़ श्रद्धा और तीव्र ईश्वर चिंतन होता है, वहां प्रकृति भी अपना नियम बदल देती है। भक्त की रक्षा के लिए पंचभूत भी अपना स्वभाव छोड़ देते हैं।

### लोअर कौना गांव में श्रीमद्भागवत कथा कल से

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सांबा पंचायत के लोअर कौना गांव में 31 मई से लेकर 6 जून तक उदय चंद गुलेरिया पुत्र संसार चंद गुलेरिया के निजी निवास पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथावाचक आचार्य सुरेशानन्द वशिष्ठ दियोटसिद्ध वाले अपने मधुर वचनों से श्रीमद्भागवत कथा का गुणगान करेंगे। 31 मई को 12:15 पर देव मंडल स्थापना, सायं 3:30 बजे पुराण स्वागत एवं क्लश यात्रा निकाली जाएगी। महात्म्य कथा सायं 5:00 से लेकर 7:00 बजे तक होगी। प्रति दिन पूजा एवं श्रोत मूलपाठ श्रवण करने का समय सुबह 06:00 से 09:30 बजे तक होगा।

# कोहाला स्कूल में न चौकीदार, न क्लर्क

## 51 स्टूडेंट्स कर रहे शिक्षा ग्रहण, कंप्यूटर होने के बावजूद स्थायी शिक्षक नहीं

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** हाई स्कूल कोहाला में चौकीदार, क्लर्क का पद खाली होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा समय में स्कूल में 51 विद्यार्थियों शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं, स्कूल में 10 कंप्यूटर होने के बावजूद भी स्थाई कंप्यूटर शिक्षक नहीं है। अन्य शिक्षक समय-समय पर कंप्यूटर की पढ़ाई करवा रहे हैं। अभिवावकों में स्कूल प्रबंधन को लेकर रोष है। उन्होंने स्कूल प्रशासन व सरकार से सवाल किया है की आखिर व इन अव्यस्थाओं को समय पर पूरा क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने स्कूल प्रशासन से मांग की है कि जल्द खाली पदों को भरा जाए और अन्य कमियों को ठीक किया जाए।




कोहाला स्कूल

**अभिभावकों ने की जल्द पदों को भरने की मांग**



कोहाला हाई स्कूल में लगाए गए कंप्यूटर

**अनंत ज्ञान खास खबर**



"विद्यार्थियों को उचित शिक्षा देने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। मौजूदा समय में स्कूल में कुल 11 सदस्यों का स्टाफ है। इसमें एक पद लैब असिस्टेंट, 8 अध्यापक 1 प्रधानचार्य के अलावा एक चपरासी है। वहीं, चौकीदार व क्लर्क का पद खाली है। यह मामला सरकार के ध्यान में लाया है। कंप्यूटर शिक्षकों के साथ एक कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था का मामला भी सरकार के ध्यान में लाया है।

-अजय कुमार, प्रधानाचार्य कोहाला स्कूल।

# चामुंडा से दिल्ली वोल्वो को क्यों किया बंद : प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पालमपुर** के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बताएं कि पालमपुर वाया चामुंडा-दिल्ली वोल्वो बस शुरू की थी, उसे क्यों बंद कर दिया है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चामुंडा से वृंदावन शुरू की गई इस बस सेवा का स्वागत करते हैं।



उन्होंने कहा कि इससे पूर्व चामुंडा से ही दिल्ली वोल्वो बस को स्व. जीएस बाली ने शुरू की थी। उन्होंने उस वक्त जीएस बाली से आग्रह किया था कि बस का रेवन्यू भी बढ़े। साथ ही पालमपुर की जनता को भी इससे सुविधा मिले। ऐसे में इस बस के रूट को

**पालमपुर से बाबा दियोटसिद्ध मंदिर के लिए शुरू होगी बस सेवा**

एक्सटेंड करके चिंबलहार (विंद्रावन) पालमपुर किया जाए। उन्होंने इस बस को पालमपुर वाया चिंबलहार-नगरी-चामुंडा से दिल्ली कर दिया था।

पूर्व विधायक ने उपमुख्यमंत्री से कहा जैसे कि उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के बेड़े में 650 नई बसें शामिल होंगी, उसमें से पालमपुर डिपो की पुरानी एवं खटारा बसों को देखकर इस डिपो को प्राथमिकता दें। रघुवीर वाली से आग्रह किया कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पालमपुर से बाबा दियोटसिद्ध मंदिर के लिए भी बस सेवा शुरू की जाए।

## वन संपदा की सुरक्षा को समझें अपनी नैतिक जिम्मेदारी : ममता

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** हर साल गर्मियों में जंगलों में लगने वाली आग अब सामान्य घटना नहीं रही, बल्कि यह बदलते मानव व्यवहार और पर्यावरण के प्रति लापरवाही की गहरी चेतावनी है। दयाल नैहरनपुखर पंचायत की प्रधान ममता देवी ने कहा कि जंगलों की आग केवल पेड़ों को नहीं जलाती, बल्कि पर्यावरण, जीव-जंतु, और हमारे भविष्य को भी खाक कर देती है।



यह समय केवल आग बुझाने का नहीं, बल्कि आग लगने के कारणों पर आत्ममंथन करने का है। छोटी-छोटी लापरवाही जैसे जलती बीड़ी या सिगरेट फेंक देना या खेतों में आग लगाकर उसे खुला छोड़ देना। ऐसी घटनाएं केवल आग नहीं, हमारी सोच की कमी को भी दर्शाती हैं। समाज के प्रत्येक नागरिक को वन संपदा की सुरक्षा को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

# जनसंख्या विस्फोट रोकने से सुलझ जाएंगी कई समस्याएं : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि एक खबर से शरीर ही नहीं रूह भी कांप गई। पंचकूला में एक ही परिवार के सात सदस्य माता-पिता उनके भी माता-पिता और उनके तीन बच्चों ने आर्थिक तंगी की कारण आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद एक रिपोर्ट पढ़ी। पिछले वर्ष भारत में एक लाख 87 हजार आत्महत्याएं हुईं। 15 हजार छात्रों ने आत्महत्या की।



विश्व में सबसे अधिक आत्महत्याएं भारत में हुई। यह पढ़कर सजल आंखों से बड़ी देर सोचता रहा। उन्होंने कहा कि आत्महत्याओं का सबसे बड़ा कारण गरीबी, बेरोजगारी। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि भारत विश्व के 193 देशों में सबसे अधिक अमीर चार देशों में हैं, परंतु विश्व के सबसे अधिक गरीब व भूख लोग भारत में रहते हैं। यह सच्चाई हैरानी, परेशानी और दिमाग को चकराने वाली है। इसका एक ही कारण है कि विश्व में भारत में सबसे अधिक आर्थिक विषमता है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में करोड़ों लोग भूखमरी में रहते हैं।

1977 की अंत्योदय योजना लागू करके श्री मोदी इस कलंक को भी दूर कर सकते हैं। चीन जैसे विश्व के कुछ देश यदि बढ़ती आबादी रोक सकते हैं, तो भारत आबादी को क्यों नहीं रोक सकता। यदि भारत में आबादी को 100 करोड़ तक ही रोक दिया होता तो आज न गरीबी होती और न बेरोगारी होती।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि पीएम नरेंद्र मोदी बहुत जल्दी इस जनसंख्या विस्फोट को भी रोकेंगे। इससे कई समस्याएं सुलझ जाएंगी।

# तृप्ता पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को बताया नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का महत्व

**अनंत ज्ञान, जवाली**

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में सीबीएसई की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें 52 अध्यापकों और अध्यापिकाओं, एंजल कॉन्वेंट स्कूल देहरी से 4 अध्यापकों और डी मॉन्ट्रियल कॉन्वेंट स्कूल बड़ी राजा का तालाब 4 अध्यापकों ने भाग।

कार्यशाला का विषय नेशनल एजुकेशन पॉलिसी रहा। कार्यशाला में स्प्रिंग डेल कान्वेंट स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को सीबीएसई के निर्देशों की ओर से संसाधन व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया गया। निरयाल ने तृप्ता पब्लिक स्कूल के अध्यापकों तथा पास के सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नेशनल शिक्षा नीति का लक्ष्य प्री स्कूल से लेकर हाई स्कूल तक सभी को शिक्षा उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत में शिक्षा को बदलने पर ध्यान केंद्रित करती है, जो भारत को क्षमता मूलक और जीवंत ज्ञान समझने में सीधे योगदान देती है। यह शिक्षा नीति सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगी, जिससे भारत वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बन जाएगा। आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मेनका गौर ने संसाधन व्यक्ति राजीव सिंह निरयाल का साथ दिया। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी सीखने सिखाने की प्रक्रिया में बदलाव के लिए जानी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर अंडरस्टेंडिंग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सीबीएसई इनिशिएटिव फॉर द इंप्लीमेंटेशन ऑफ कंपनटेंस फोकस्ड एजुकेशन इन स्कूल, रोल ऑफ स्कूल्स इंप्लीमेंटेशन ऑफ राष्ट्रीय शिक्षा नीति, रोल ऑफ टीचर्स इन द इंप्लीमेंटेशन ऑफ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, रिफ्लेक्टिंग ऑफ लेसन प्लान और डिजाइनिंग एंड इंस्ट्रूमेंटल लेसन प्लान इन द लाइट ऑफ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आदि विषयों पर जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉक्टर राजीव और मेम मेनका गौर ने शिरकत की, जिनका स्कूल प्रधानाचार्य राकेश राणा ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में उपस्थित शिक्षक।




# हिमाचल पर्यटन में चुनौतियों का पहाड़

## भीड़, कचरा और बदहाली से पर्यटन को बचाने की जरूरत

**अतिक्रमण, अनियोजित विकास से पर्यटन स्थलों का घुट रहा दम**

**सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधा पर ध्यान देना होगा, वास्तविक हरित विकास आधारभूत ढांचे का अभाव**

**पर्यटन नीति कागजों में, प्लास्टिक का दानव निगल रहा राज्य की सुंदरता**



*हिमाचल प्रदेश अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध भारतीय पर्यटन के मानचित्र पर एक चमकता सितारा है। कोविड-19 महामारी के बाद राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में एक मजबूत वापसी की है, जिसमें 2022, 2023 और 2024 में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, यह बढ़ती संख्या जहां एक ओर आर्थिक समृद्धि ला रही है, वहीं दूसरी ओर कई अनसुलझी चुनौतियां भी पैदा कर रही है, जिनके समाधान पर ही हिमाचल के पर्यटन का भविष्य टिका है। हिमाचल पर्यटन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त उछाल आया है, विशेषकर महामारी के बाद वर्ष 2022 में हिमाचल प्रदेश में 1.51 करोड़ (15.1 मिलियन) पर्यटक आए। यह संख्या पिछले महामारी-प्रभावित वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उछाल था, जिसने राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में मदद की।*

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

### 2023 में रिकॉर्ड तोड़ पहुंचे पर्यटक

**वर्ष 2023** में रिकॉर्ड तोड़ 1.60 करोड़ (16 मिलियन) से अधिक पर्यटक यहां आए। यह आंकड़ा न केवल वर्ष 2022 से अधिक था, बल्कि यह राज्य के पर्यटन इतिहास में सर्वाधिक वार्षिक आगमन में से एक था। वर्ष 2024 में इससे भी अधिक रिकॉर्ड 1.80 करोड़ पर्यटक आए। रुझान और पर्यटन स्थलों पर जारी भीड़ दर्शाती है कि यह वर्ष भी अर्थात वर्ष 2025 पिछले वर्षों की तरह ही मजबूती दिखाएगा। विशेष रूप से गर्मी के महीनों में शिमला, मनाली, धर्मशाला और कसौली जैसे लोकप्रिय गंतव्यों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि हिमाचल देश के सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक बना हुआ है और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

### पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने की चुनौती

**पर्यटकों** की यह भारी आमद जहां आर्थिक लाभ पहुंचाती है। वहीं, इसने कई गंभीर चुनौतियां भी पैदा की हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक दबाव, सड़कें और यातायात जाम, संकरी पहाड़ी सड़कें इतनी बड़ी संख्या में वाहनों का भार सहने में सक्षम नहीं हैं। शिमला, मनाली, धर्मशाला जैसे शहरों में सीजन के दौरान घंटों तक भारी ट्रैफिक जाम लगना एक आम बात हो गई है। यह पर्यटकों के अनुभव को खराब करता है।

### सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्च मानक निर्धारित करने होंगे

**आवास** की कमी और अनियमितता की वजह से पीक सीजन में होटलों और होमस्टे में अकसर जगह नहीं मिलती। अत्यधिक मांग के कारण कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होती है और कई बार अनधिकृत या अनियमित आवास भी सक्रिय हो जाते हैं, जो सुरक्षा और गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरते। जल एवं विद्युत संकट से बढ़ते पर्यटन के कारण इन क्षेत्रों में पानी और बिजली की खपत में भी वृद्धि होती है।

### अपशिष्ट प्रबंधन को सख्ती से साथ लागू करना होगा

**अपशिष्ट** प्रबंधन चुनौती के तहत इतनी बड़ी संख्या में पर्यटकों की ओर से उत्पादित कचरे का उचित निपटान राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। प्लास्टिक कचरा, खाद्य अपशिष्ट और अन्य कूड़ा-कर्कट नदियों, जंगलों और पहाड़ों में जमा हो रहा है, जिससे प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान हो रहा है। हालांकि, सरकार ने 1 जून से इसके निपटा के लिए कड़े कदम उठाने का फैसला लिया है।

### अवैध निर्माण और वनों की कटाई पर रखनी होगी कड़ी निगाह

**अवैध** निर्माण और वनों की कटाई से पर्यटन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पहाड़ों पर अवैध निर्माण और वनों की कटाई बढ़ रही है, जिससे भू-स्खलन और मिट्टी के कटाव का खतरा बढ़ रहा है। 2023 में हुई भारी बारिश और भू-स्खलन की घटनाओं ने इस खतरे को और भी उजागर किया है।

### बादल फटने और बाढ़ जैसी प्राकृतिक घटनाओं पर रखनी होगी नजर

**प्रदेश** में भू-स्खलन, बादल फटने और अचानक बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बढ़ती पर्यटन संख्या के साथ, इन आपदाओं के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा और बचाव एक बड़ी चुनौती बन जाती है। 2023 की बारिश में कई पर्यटकों को सुरक्षित निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी थी। कुछ पर्यटक एडवेंचर के नाम पर जोखिम भरे क्षेत्रों में चले जाते हैं या लापरवाही बरतते हैं। इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली पर प्रभाव से आधुनिक पर्यटन का अत्यधिक प्रभाव स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली पर पड़ रहा है।

### सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने को आवश्यक कदम उठाने की जरूरत

**कुछ** क्षेत्रों में स्थानीय आबादी अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। इन चुनौतियों के बावजूद, हिमाचल में पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं, बशर्ते एक सुनियोजित और स्थायी दृष्टिकोण अपनाया जाए। इको टूरिज्म पर जोर देने से राज्य को प्रकृति-आधारित पर्यटन (इको टूरिज्म) और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण मुख्य लक्ष्य हो। कचरा मुक्त अभियान के तहत प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियां लागू की जानी चाहिए, जिसमें पर्यटकों को भी सक्रिय रूप से शामिल किया जाए।

### इलेक्ट्रिक बसें और साझा टैक्सी की सुविधा देने में तेजी लानी होगी

**कार्बन** फुटप्रिंट में कमी से इलेक्ट्रिक वाहनों और पर्यावरण अनुकूल परिवहन विकल्पों को बढ़ावा देना होगा। बुनियादी ढांचे का उन्नयन और स्मार्ट विकास से सड़क नेटवर्क का विस्तार और रखरखाव संभव हो पाएगा। मौजूदा सड़कों का उन्नयन और नई वैकल्पिक मार्गों का विकास होगा यातायात प्रबंधन के लिए स्मार्ट सॉल्यूशंस और पार्किंग सुविधाओं का विकास करना होगा। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा से पर्यटकों को निजी वाहनों के बजाए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा, जैसे इलेक्ट्रिक बसें और साझा टैक्सी आदि की सुविधा मुहैया करनी होगी।

### डिजिटल बुनियादी ढांचा विकसित करना होगा

**डिजिटल** बुनियादी ढांचा के तहत बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी और ऑनलाइन सेवाओं का विकास, खासकर दूरदराज के इलाकों में करना होगा। पर्यटन का विविधीकरण और नए गंतव्यों का विकास सुनिश्चित बनाना होगा। अछूते क्षेत्रों की पहचान करके पर्यटकों की भीड़ को कम करने के लिए शिमला-मनाली जैसे मुख्यधारा के स्थलों के अलावा, किन्नौर, लाहौल-स्पीति के कम ज्ञात क्षेत्रों, चंबा के भीतरी इलाकों और कांगड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में नए पर्यटन स्थलों का विकास करना होगा। थीम-आधारित पर्यटन से साहसिक पर्यटन (ट्रेकिंग, राफ्टिंग), आध्यात्मिक पर्यटन (मठ और मंदिर), सांस्कृतिक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और वेलनेस पर्यटन जैसे विशिष्ट थीम पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना होगा।

### होमस्टे और फार्मस्टे का विस्तार जरूरी

**होमस्टे** और फार्मस्टे का विस्तार करके स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए होमस्टे और फार्म स्टे को और अधिक बढ़ावा देना, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो और पर्यटक स्थानीय संस्कृति का अनुभव कर सकें। सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण बेहद जरूरी है। आपदा प्रतिक्रिया टीमों को सुदृढ़ करना, पर्यटकों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन और जागरूकता अभियान चलाना होगा। जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर, वहां पर्यटकों की आवाजाही को नियंत्रित करना जरूरी है।

### स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को देना होगा बढ़ावा

**कौशल** विकास और स्थानीय रोजगार से आतिथ्य क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करना पडेगा, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। पर्यटन से जुड़े स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना जरूरी है।

### क्वालिटी टूरिज्म पर ध्यान देना होगा

**हिमाचल** प्रदेश का पर्यटन एक चौराहे पर खड़ा है। 2022-2024 के आंकड़े जहां राज्य के लिए सुनहरे अवसरों का संकेत देते हैं। ये भी चेतावनी देते हैं कि अनियंत्रित विकास गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक परिणाम ला सकता है। हिमाचल को 'क्वांटिटी टूरिज्म' के बजाय 'क्वालिटी टूरिज्म' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक दूरदर्शी, टिकाऊ और समावेशी पर्यटन नीति ही हिमाचल प्रदेश को न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध करेगी, बल्कि उसकी अनमोल प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को भी आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रख पाएगी।



## तीर्थन घाटी की खूबसूरत और अनछुई जगह शरची

# भागदौड़ भरी जिंदगी की थकान व शांति के लिए यहां बिताएं समय

*__अगर__ आप रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर कुछ दिन शांतिपूर्ण माहौल का आनंद लेना चाहते हैं, तो तीर्थन घाटी के शरची गांव आएं। कुल्लू जिले के बंजार उपमंडल की तीर्थन घाटी में यह गांव है। यहां पर्यटक क्षेत्र की जीवनशैली, उनकी संस्कृति और परंपराओं, कृषि, आय के स्रोत, दैनिक गतिविधियों आदि के बारे में जान सकते हैं। शरची गांव के बगल में तीर्थन नदी बहती है, जो एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करती है। पर्यटक नदी के किनारे टहल सकते हैं। जो पर्यटक शांति और सुकून की तलाश में हैं, उनके लिए यहां ध्यान लगाने और मन, शरीर और आत्मा को तरोताजा करने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह गांव सीढ़ीदार खेतों, पारंपरिक लकड़ी और मिट्टी के घरों और सुंदर परिदृश्य के लिए प्रसिद्ध है। यह गांव पर्यटन की दृष्टि से यह एक अनमोल रत्न है, लेकिन इस सुंदरता के पीछे कुछ ऐसी जमीनी सच्चाइयां भी हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार ये चार आधारभूत जरूरतें आज भी शरची की सबसे बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। हालांकि, बुधवार को __मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू__ इस गांव के दौरे पर आए थे। यहां पर सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ।*

**गर्मियों में आएं, चारों ओर दिखेगी हरियालीः** शरची में गर्मियों में आना सही रहेगा। तब आप हर जगह को आराम से आ सकते हैं। आपको चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देगी। अगर आप सर्दियों में शरची में आना चाहते हैं तो अक्तूबर से नवंबर के बीच में आइए, उसके बाद तो शरची में आपको चारों तरफ बस बर्फ ही बर्फ दिखाई देगी।

**यहां जमदग्नि ऋषि का पुरातन मंदिरः** शरची गांव में माता गाड़ा दुर्गा का स्थल व जमदग्नि ऋषि का बेहद सुंदर व पुरातन मंदिर है। हर साल अप्रैल माह में यहां पर माता के सम्मान में मेले का आयोजन होता है। आज भी यहां के लोग प्राचीन परंपराओं और मेलों के माध्यम से पुरातन संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**कई होमस्टे, परोसे जाते पहाड़ी व्यंजनः** शरची जितना खूबसूरत गांव है, उतने ही प्यारे यहां के लोग हैं। शरची में ठहरने की कोई दिक्कत नहीं होगी। यहां पर कई सारे होमस्टे हैं, जिनमें आप ठहर सकते हैं। इनमें आप खाना भी खा सकते हैं। अगर आप चाहें तो यहां कुछ ढाबे भी हैं, जहां आप खाना खा सकते हैं, लेकिन जिस होमस्टे में आप ठहरेंगे, वहां भी आपको स्वादिष्ट व स्थानीय पहाड़ी व्यंजन परोसे जाएंगे।

**शरची गांव तक कैसे पहुंचें :** तीर्थन घाटी में शरची गांव तक पहुंचने के लिए पर्यटक चंडीगढ़ या दिल्ली से मनाली एयरपोर्ट तक की फ्लाइट से सकते हैं। गुशैनी गांव 26 किलोमीटर दूर है। गुशैनी गांव से यह गांव पास में ही स्थित है। बस से आने की योजना बना रहे हैं, तो आपको चंडीगढ़ या दिल्ली से मनाली के लिए बस लेनी होगी। यहां से औट तक बस या टैक्सी लें और यहां से बंजार जाएं, फिर गुशैनी गांव और अंत में शरची गांव है।

**-कमलेश वर्मा, कुल्लू**

### इस वर्ष भी रिकॉड पर्यटकों के आने की संभावना : पर्यटन विकास निगम

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक अनिल तनेजा से जब बात करनी चाही, तो वह छुट्टी में होने के कारण उपलब्ध नहीं हो पाए। इसके बाद जब सहायक महाप्रबंधक दिलीप ठाकुर से संपर्क साधा गया। उन्होंने बताया कि निगम पर्यटकों को लुभाने के हरसंभव प्रयास कर रहा है, उनकी हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। तभी बड़े पैमाने पर देश-विदेश के सैलानी हिमाचल के पर्यटन स्थलों को निहारने पहुंच रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्ष 2025 का साल भी पिछले 2 वर्षों की भांति रिकॉर्ड बनाएगा और लाखों की तादाद में पर्यटक हिमाचल की फिजाओं को निहारने पहुंचेंगे।

# पाक के लिए जासूसी करने वाले युवक को 5 दिन का पुलिस रिमांड

## फेसबुक पर हथियारों का वीडियो भी किया था शेयर, एजेंसियां अलर्ट

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के उपमंडल देहरा के सुकाहर गांव में रहने वाले एक युवक की ओर से पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी भेजने की साजिश का खुलासा होने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभिषेक सिंह को वीरवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, युवक के मोबाइल से देश की सुरक्षा से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल सामग्री मिली है, जिसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच में हुई है। जांच के दौरान सामने आया है कि अभिषेक ने 11 जून, 2024 को अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें दो पिस्टल, तीन राइफलें और गोलियों की कतारें दिखाई दे रही हैं। गोलियों को इस तरह सजाया गया था कि उन पर 'अभिषेक भारद्वाज' लिखा नजर आ रहा है। इस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और खुफिया एजेंसियां कई पहलुओं से जांच में जुटी हैं।

यह गिरफ्तारी बुधवार को की थी। डाडासीबा के डीएसपी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर युवक के घर पर दबिश दी थी। शुरुआती जांच में पता चला कि अभिषेक कुछ समय पहले कॉलेज छोड़ चुका था और इंटरनेट के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था। पकड़ा गया युवक गरीब परिवार से है, उसकी माता निजी होटल में सफाई कर्मचारी और पिता ड्राइवर है। पुलिस ने युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत मामला दर्ज आगामी शुरू कर दी है।

### देशविरोधी गतिविधियों में था संलिप्त : एसपी मयंक

**एसपी** देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि आरोपी के मोबाइल से मिली जानकारी को गंभीरता से लिया है और तकनीकी विश्लेषण में पुष्टि हुई है कि वह देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त था। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों को सूचना दे दी गई है और उनसे सहयोग मांगा गया है। गांव में इस गिरफ्तारी के बाद हड़कंप मच गया है। लोगों को यकीन नहीं हो रहा कि उनका जानने व पहचानने वाला युवक ऐसी गतिविधियों में शामिल हो सकता है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। एसपी कहा कि राज्य की शांति को भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गिरफ्तार युवक के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : मनोहर

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** जसवां-परागपुर के गांव सुकाहर में पकड़े गए संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस पर पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई पर इंडियन वेलफेयर एंड एंटी करप्शन ट्रस्ट ने संतोष जताया है। ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोहर लाल शर्मा और राज्य उपाध्यक्ष अंजना डोगरा ने संयुक्त बयान में कहा कि देहरा पुलिस ने समय रहते देशविरोधी गतिविधियों में शामिल युवक को गिरफ्तार कर देश की सुरक्षा को मजबूत किया है। 20 वर्षीय युवक का पाकिस्तान के साथ गद्दारी करना गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि देशद्रोही हरकतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। ट्रस्ट ने आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई और युवा इस प्रकार की गतिविधियों की ओर आकर्षित न हो।

# कृषि मंत्री चंद्र ने जवाली से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का किया शुभारंभ

## हर कोने तक पहुंचेगा अभियान, 40 टीमें करेंगी किसानों से सीधा संवाद

**अनंत ज्ञान, जवाली**



**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने वीरवार को जवाली क्षेत्र से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा। इसके तहत ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

चंद्र ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। इस दौरान किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, आधुनिक बीज किस्में, ड्रोन तकनीक, डिजिटल कृषि, कृषि स्टार्टअप, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस अभियान के माध्यम से किसानों को नई सोच, नई तकनीक और नई नीतियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के सफल संचालन के लिए 40 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें कृषि, बागवानी, पशुपालन विभागों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्रों व कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों तथा स्थानीय किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सभी जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### मृदा परीक्षण वाहन को दिखाई हरी झंडी

**कृषि** विश्वविद्यालय पालमपुर, डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सोलन, और आईसीएआर के वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही, जिन किसानों की मिट्टी का परीक्षण किया गया, उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में लगभग 300 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने मृदा परीक्षण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गांव-गांव जाकर किसानों के खेतों की मिट्टी के पोषक तत्वों की जांच करेगी।

# 39 मील में 2100 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

**कोहली, अनंत ज्ञान**



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार युवक।

**शाहपुर।** शाहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी करतार सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नशा माफिया के खिलाफ चलाई गई विशेष मुहिम के तहत वीरवार सुबह एक युवक को प्रतिबंधित नशीली 2100 टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शिक्षण संस्थान के नजदीक 39 मील में बेचने की फिराक में खड़ा था। आरोपी युवक की पहचान सुनील (29) निवासी गांव झंगी तहसील शाहपुर के तौर पर हुई है। आरोपी मूल रूप से भरमौर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी काफी समय से नशीले पदार्थ बेचने का व्यापार कर रहा था। अधिकतर युवा इसके जाल में फंसे हुए हैं। आरोपी के खिलाफ कई लोगों और अविभावकों ने पुलिस थाने में शिकायत की थी। इस पर पुलिस की आरोपी पर पिछले लगभग पांच-छह महीने से नजर थी। शातिर आरोपी काफी समय से किसी तरह बचता आ रहा था। सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी शाहपुर के 39 मील में नशा का सामान बेचने के लिए खड़ा है, जिस पर आरोपी को मौका पर पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया और मौका पर आरोपी को पिट्ठू बैग के साथ 39 मील में धर दबोचा। तलाशी लेने पर नशे की प्रतिबंधित कलोनोजीपाग की 1000 टेबलेट, जोलपिडेम 500 टेबलेट तथा प्रगाबलीन कैप्सूल 600 कैप्सूल बरामद किए। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि कोई ऐसे कार्यों में लिप्त पाया जाता है, तो उसकी सूचना पुलिस को दें। शिक्षण संस्थानों में नशे के खिलाफ बच्चो को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही उन्होंने अविभावकों से अपील की है कि यदि उनका बच्चा नशे का सेवन करता है, तो उसे छिपाएं नहीं, बल्कि उसका इलाज करवाएं।

## सत प्रकाश बंसल को डॉक्टर ऑफ लेटर्स की उपाधि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल को हिमालयन विश्वविद्यालय इटानगर अरुणाचल प्रदेश की ओर से डीलिट (डॉक्टर आफ लेटर्स) की उपाधि से नवाजा गया है। यह उपाधि उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक जीवन, संस्थागत निर्माण, नवाचार, नीति निर्माण में भागीदारी, मूल्यपरक नेतृत्व व शिक्षा के भारतीय दृष्टिकोण के सशक्त संवाहक के रूप में प्रदान की गई है। बंसल भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने वाले अग्रणी कुलपति रहे हैं, जिन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हुए भारतीय ज्ञान प्रणाली, योग, नैतिक शिक्षा और आंतरिक मूल्यों को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के मानदंड स्थापित किए हैं।

# सुक्खू राज में पालमपुर में बड़ा भूमि घोटाला : संजय

## कहा- राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत ने शहीद सहित 20 परिवारों को किया बेघर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा।

**प्रदेश** भाजपा के प्रवक्ता संजय शर्मा ने वीरवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कहा कि पालमपुर में एक बड़ा भूमि घोटाला सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से शहीद के परिवार समेत 20 से अधिक परिवारों की करीब 110 कनाल जमीन हड़प ली गई। परिवारों को बेघर कर दिया गया और उनकी जमीनों को उनके हकों को छीन लिया गया।

संजय शर्मा ने कहा कि कुछ राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से उनके कब्जे वाली जमीन को अन्य व्यक्तियों के नाम पर स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रभावित परिवारों को सुनवाई का उचित अवसर दिए बिना आधिकारिक भूमि अभिलेखों में अनधिकृत सुधार करके ऐसा किया गया। परिणामस्वरूप इन परिवारों से पालमपुर से मात्र 5 किलोमीटर दूर स्थित 100 कनाल से अधिक कीमती जमीन छीन ली गई। स्थिति को और अधिक भयावह बनाने वाली बात यह है कि जिस तेजी से इन कार्यों को अंजाम दिया गया, वह आश्चर्यजनक है। क्या यह सब प्रदेश सरकार के इशारे पर हुआ, जनता यह जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं भूमि अभिलेखों को मात्र चार दिन के भीतर बदल दिया गया और इन अवैध परिवर्तनों के आधार पर कुछ ही दिनों में जमीन बेच दी गई। इस तरह के त्वरित सुधार और उसके बाद की बिक्री से स्पष्ट रूप से हेरफेर, सत्ता का दुरुपयोग और आधिकारिक दस्तावेजों से छेड़छाड़ का संकेत मिलता है। विस्थापित परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग कहते हैं कि सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी ने हिमाचल प्रदेश भूमि सुधार एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 104(4) के तहत काम करने का दावा किया है, लेकिन कानून के तहत अनिवार्य रूप से कोई औपचारिक कार्रवाई शुरू करने में असफल रहे। कोई नोटिस जारी नहीं किया गया, कोई जांच नहीं की गई और कोई मुद्दा तैयार नहीं किया गया, जिससे परिवारों को पूरी तरह से अवैध तरीकों से बेघर और लावारिस बना दिया गया।

### न्याय के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन

**संजय** शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रक्रिया ने प्राकृतिक न्याय के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। समन न तो व्यक्तिगत रूप से दिए गए और न ही निर्धारित ग्राम प्रक्रिया के माध्यम से भेजे गए। इसके बजाए उन्हें केवल पालमपुर में नगर निगम कार्यालय में चिपका दिया गया, जो कि संबंधित राजस्व क्षेत्र से संबंधित नहीं था, जिससे प्रभावित परिवारों को जवाब देने का उचित अवसर नहीं मिला। पीड़ितों ने बताया कि राजस्व अधिकारी की एकपक्षीय घोषणा में कानूनी अनुपालन की कमी थी और यह समय से पहले की गई थी। इस दौरान जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा व मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु भी उपस्थित थे।

# किसानों को दिए कीटों से फसलों को बचाने के टिप्स



नूरपुर की पंचायत खैरियां में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** विधानसभा नूरपुर की पंचायत खैरियां में कृषि एवं अनुसंधान विभाग जाच्छ की ओर से डॉक्टर शैलेश सूद के नेतृत्व कृषि अनुसंधान केंद्र पालमपुर टीम ने किसानों को जागरूक करने के लिए पंचायत घर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सब्जियों तथा फसलों को लगने वाली बीमारियों तथा कीटों से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए किसानों को टिप्स दिए गए। मक्की तथा हरी सब्जियां नूरपुर के किसानों की मुख्य फसलों में से एक मानी जाती हैं। शिविर में सब्जियों में लगने वाले कीटों के अलावा मक्की की फसल में लगने वाले सूंडी नमक कीड़े को निष्प्रभाव करने संबंधी किसानों को जागरूक किया गया। रासायनिक स्प्रे से भी परहेज करने पर बल दिया गया। किसान रिंकू सिंह ने विभागीय टीम का धन्यवाद किया। शिविर में दवाइयां तथा बीज इत्यादि का वितरण करने के लिए धन्यवाद किया।

## स्व. जीएस बाली की स्मृति में प्रतियोगिता कल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बंगवा।** पूर्व मंत्री स्वर्ग जीएस बाली की स्मृति में अखिल भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका) 2025-2026 प्रतियोगिताओं का आयोजन 31 मई से से 2 जून तक राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से कुल 28 टीमें भाग लेंगी। लड़कों की 20 टीमें व लड़कियों की 8 टीमें भाग लेंगी। कार्यक्रम में रघुवीर सिंह बाली अध्यक्ष एचपीडीटीसी (कैबिनेट रैंक) बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे।

## चामुंडा-वृंदावन बस पर हमला निंदनीय : पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन की ओर से शुरू की गई श्री चामुंडा से वृंदावन बस हिमधारा पर बुधवार रात को अज्ञात हमलावरों ने हमला किया है। इसकी धर्मशाला एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस हमले में तीन बाइक सवार युवकों ने बस के फ्रंट शीशे पर पत्थर बरसाए हैं। इससे बस का शीशा टूट गया है। हालांकि, गनीमत यह रही कि इस हमले में किसी को कोई चोट नहीं आई है। इस बस में करीब 11-12 सवारियों सहित चालक-परिचालक मौजूद थे। बस रात 11 बजकर 3 मिनट पर पंजाब राज्य के नंगल में भानुपल्ली के पास पहुंची थी। इस दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने बस पर हमला किया। घटना के बाद बस को करीब आधा घंटा भानुपल्ली के पास खड़ा रखा गया और पुलिस को शिकायत दी गई। हालांकि, उच्च अधिकारियों को सूचना मिलने के बाद बस को वृंदावन के लिए रवाना कर दिया है। यह सारा मामला एचआरटीसी मंडल धर्मशाला के समक्ष पहुंचने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मशाला के माध्यम से हमला स्थल के निकट थाना में हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने के आदेश जारी किए गए हैं। बुधवार को इस बस हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

# सुलह में माता बाला सुंदरी मेला शुरू



झंडा रस्म के साथ माता बाला सुंदरी मेले का शुभारंभ मुख्यातिथि समाजसेवी हितेश शर्मा ने किया। इस दौरान मौजूद अन्य लोग।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सुलह में ऐतिहासिक प्राचीन माता बाला सुंदरी मेला वीरवार को टमक की थाप व झंडा रस्म के साथ शुरू हो गया। मेले का शुभारंभ मुख्यातिथि व्यवसाय एवं समाजसेवी हितेश शर्मा ने किया। इस मौके पर बाबा सिद्ध रूपी मंदिर से मेला मैदान तक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मेला कमेटी के समस्त सदस्य व गांववासी मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने मेला कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर बाबा सिद्ध रूपी मंदिर व माता बाला सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यातिथि ने मेला कमेटी को 11 हजार रुपए की राशि मेले के सफल आयोजन को लेकर भेंट की। मेला कमेटी प्रधान अजय चड्ढा, मीडिया प्रभारी जसवंत कटियाल ने बताया कि मेले में पहली बार कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। कुश्ती विजेता को 21 हजार व उपविजेता को 16 हजार रुपए व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जाएगा। वहीं, कबड्डी में विजेता टीम को 14 हजार रुपए व उपविजेता टीमों को 12 हजार रुपए व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जाएगा। मेले में 30 व 31 मई को लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

## केवल सिंह पठानिया के लिए सम्मान समारोह कल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विश्व बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 ड्रामेन नॉर्वे में पावर लिफ्टिंग इंडिया के प्रबंधन एवं उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया की अगुवाई में भारत के लिए गोल्ड मेडल लाने पर 31 मई सुबह साढ़े 11 बजे शाहपुर में उनके सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का अयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश में ऑब्जर्वर लगाने के उपलक्ष्य पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर ,चंगर कांग्रेस कमेटी, धार कंडी कांग्रेस कमेटी सहित, सम्माननीय सीनियर सिटीजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एसटी प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस सेल, पेंशनर ब्लॉक कांग्रेस सेल, भूतपूर्व सैनिक ब्लॉक कांग्रेस सेल, माइनियोरटी ब्लॉक कांग्रेस सेल, एसटी प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस सेल, खेल युवा ब्लॉक कांग्रेस संगठन, नगर पंचायत शाहपुर, पंचायत की ओर से किया जाएगा।

## टांडा कॉलेज में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही सरकार : डॉ. मिलाप

**अनंत ज्ञान टीम, कांगड़ा/धर्मशाला**

**राज्य** में टांडा मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में अपनी अलग पहचान कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व में सरकार ने टांडा मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए हैं। धर्मशाला में प्रेस विज्ञप्ति में टांडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने कहा कि टांडा मेडिकल संस्थान में सुविधाओं को लेकर कुछ लोगों की ओर से भ्रामक तथा तथ्यहीन प्रश्न उठाने को अनुचित हैं। उन्होंने कि संस्थान में हर वर्ष 6 लाख के करीब ओपीडी होती है, जबकि 60 से 70 हजार इंडोर पेशेंट का इलाज किया जाता है। संस्थान का डिलीवरी प्रति वर्ष 8 से 10 हजार है, जो देश की अग्रणी मेडिकल कॉलेज के बराबरी करता है।

उन्होंने कहा कि 6 महीनों के अंदर ही टांडा अस्पताल ने 11 रिनल ट्रांसप्लांट कर इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ किया और 100 पद भरे गए हैं, जिसमें 8 डॉक्टरों के पद भी शामिल हैं। मेडिकल कॉलेज में एक-रे मशीन खराब होने वह पूरा काम ठप होने जैसे भ्रामक प्रचार को पूरी तरह से गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान में नियमित रूप से ऑपरेशन सहित अन्य सेवाएं संचालित की जा रही है। टांडा अस्पताल में 6 पोर्टेबल एक्सरे मशीनें हैं। इसके अतिरिक्त दो 800 एम ए (65 केवी)की मशीनें हैं, जो अभी तक कार्य कर रही थी, लेकिन उनमें कुछ खराबी आई थी। अब इन सभी एक्सरे मशीनों को ठीक किया जा रहा है, ताकि मरीजों को परेशानियां न झेलनी पड़ें।

**दिक्कत** छावनी परिषद से बाहर कर चार पंचायतों में बांटने पर मूलभूत सुविधाओं की कमी

# योल में कचरे से नाले बने डंपिंग जोन

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** 23 अप्रैल 2024 को योल क्षेत्र को छावनी परिषद से बाहर कर चार पंचायतों में बांट दिया गया, परंतु तब से मूलभूत सुविधाओं, सफाई और जल निकासी की भारी कमी सामने आई है। क्षेत्र की सीमाओं पर स्थित बड़े-बड़े नाले कचरे से पटे पड़े हैं, जिससे दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

**प्रशासनिक समन्वय की कमी** : पंचायतों में विभाजन के बाद जिम्मेदारियों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। गेहारी पुल और पुलिस चौकी योल के पास नरवाना पुल के दोनों ओर कचरे के ढेर लगे हैं। नाले अब डंपिंग जोन बन चुके हैं, जिनमें प्लास्टिक, घरेलू और दुकानों का कचरा डाला जा रहा है।





अनंत ज्ञान स्पैशल

नाले में फेंकी गई गंदगी।

### पंचायत की



**सुरेश** पप्पी, वाघिनी पंचायत प्रधान ने कहा कि योल में फैल रही गंदगी गंभीर समस्या है। छावनी परिषद के विघटन के बाद उनके पंचायत क्षेत्र में आए हिस्से में सफाई अभियान चलाए गए हैं। आगामी 5 जून को एक और सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन को भी बुलाया गया है। उन्होंने अपील की कि आम लोग भी इसमें भाग लें और स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी समझें।

### स्थानीय लोगों की पीड़ा



**अक्षित मेंनी,** व्यापार मंडल योल के प्रधान ने बताया कि गाड़ी लगवाई गई है, परंतु दुकानदार पैसे नहीं दे रहे, जिससे ठेकेदार को परेशानी हो रही है।



**संजीव,** कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार ने कहा कि ग्रामीण और बाजार क्षेत्र के काफी लोग भुगतान नहीं कर रहे, जिससे संचालन कठिन हो गया है।



**मनीष चौधरी,** बार्बर और किसान ने बताया कि नाले से बदबू और गंदा पानी खेतों तक पहुंच रहा है, जिससे फसल को नुकसान हो रहा है।



**विकास** उर्फ विकी ने प्रशासन से मांग की है कि नालों पर तारबंदी और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि दोषियों की पहचान हो सके।

## ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने बैठक में बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज की ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 15 जून को सुबह 11 बजे कॉलेज परिसर के प्रयास भवन में जनरल हाउस मीटिंग बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी की ओर से अपने कार्यकाल का वित्तीय व प्रशासनिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा नई कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 में संस्था के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा कर उसे अंतिम रूप देने की योजना है। संस्था के सभी स्थायी सदस्यों से विनम्र आग्रह किया कि वे 15 जून को आयोजित इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और संस्था को नई दिशा देने में अपना मूल्यवान योगदान दें। स्टूडेंट्स एसोसिएशन आप सभी पूर्व छात्रों से अपील करता है कि इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें और मिलकर संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएं।

# डिपुओं में राशन उपलब्ध करवाने में सुक्खू सरकार नाकाम: काजल

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**



विधायक पवन काजल से मांगों को लेकर मिलता प्रतिनिधिमंडल।

**कांगड़ा।** भाजपा उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने कहा सुक्खू सरकार राज्य आपूर्ति निगम विभाग के राशन के डिपो में दालें और तेल, रिफाइंड मुहैया करवाने में नाकाम रही है। पिछले लंबे समय से राशन के डिपो में खाद्य आपूर्ति न होने के चलते महंगाई के दौर में गरीब व मध्यम वर्ग को महंगी दरों पर राशन खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। पूर्व भाजपा शासन में राशनकार्ड पर तीन दालें, चावल, आटा, चीनी, नमक और रिफाइंड व तेल उपभोक्ताओं को प्रति महीने रियायती दरों पर वितरित किया जाता था, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद राशन के डिपो से राशन का गायब होना चिंता का विषय है। यह बात नगर परिषद के वार्ड 4 की पार्षद अनुराधा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल साथ चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनावी वादे पूरे करने में नाकाम रही है। महिलाओं को प्रति महीना 15-15 सो रुपए की पेंशन नसीब नहीं हो पा रही है। वहीं, सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स को हर महीने अपनी सैलरी और पेंशन की चिंता सताने लगी है।

### टांडा प्रशासन कर रहा झूठे आंकड़े प्रस्तुत

**काजल** ने कहा मेडिकल कॉलेज टांडा प्रशासन झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर सरकार का गुणगान कर रहा है। हकीकत में मेडिकल कॉलेज टांडा में उपचार को आने वाले रोगियों को ना तो पर्याप्त दवाइयां और न ही एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही है। भाजपा टांडा मेडिकल कॉलेज में फैली अव्यवस्थाओं के विरुद्ध स्थानीय जनता को साथ लेकर शीघ्र आंदोलन शुरू करेगी। नगर पार्षद अनुराधा ने वार्ड चार में रास्तों के निर्माण के लिए विधायक निधि से धन, पेयजल समस्या का समाधान करवाने की मांग रखी। काजल ने पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुदेश काका, कमल नैन, राकेश गोस्वामी, दीवान सिंह, केवल कृष्ण, निशा गोस्वामी, अनीता गोस्वामी भी साथ रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रवि चौहान और देवी सरन ढोलटा कांग्रेस में शामिल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जुब्बल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब उसके दो सक्रिय कार्यकर्ता, रवि चौहान और देवी सरन ढोलटा, भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इन दोनों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा। ग्राम पंचायत पराली के खड़ापत्थर निवासी रवि चौहान, जो भाजपा के युवा मोर्चा में सक्रिय थे और डीम से संबंध रखने वाले भाजपा कार्यकर्ता देवी सरन ढोलटा ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान रोहित ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने रवि चौहान और देवी सरन ढोलटा को आश्वस्त किया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### झूठे दावे कर सड़क निर्माण का श्रेय ले रहे शिक्षामंत्री : मीनाक्षी



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों शिक्षा मंत्री विभिन्न सड़कों का उद्घाटन कर रहे हैं और उन्हें अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी जुब्बल की अध्यक्षा मीनाक्षी मांटा ने गुरुवार को एक बयान में स्पष्ट किया कि जिन सड़कों का उद्घाटन मंत्री कर रहे हैं, उनकी नींव भाजपा सरकार में दिवंगत नेता नरेंद्र बरागटा ने रखी थी। मीनाक्षी मांटा ने दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि सराली-कपाली-सनोली संपर्क मार्ग, सलाना गांव संपर्क मार्ग, जखेला-मढ़ईक मार्ग, छिकली गांव मार्ग और शिल्ली रोशाल मार्ग की आधारशिला 13 जुलाई, 2020 को नरेंद्र बरागटा ने रखी थी। हाल ही में धानसर शिलोली संपर्क मार्ग का उद्घाटन करते हुए, जिसकी नींव भी बरागटा ने 13 जुलाई, 2020 को रखी थी। जिसका प्रमाण सरकारी कागजों में दर्ज है, फिर भी झूठा श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है। मीनाक्षी मांटा ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि वे जनता को गुमराह करने की बजाय भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों को स्वीकार करें और ईमानदारी से अपनी भूमिका निभाएं।

### शिक्षा मंत्री के प्रयासों से घुन्डा पंचायत को मिला ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कोटखाई की ग्राम पंचायत घुन्डा के निवासियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। मंत्री के प्रयासों से पंचायत में नया बिजली ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। ग्राम पंचायत घुन्डा के प्रधान बृजेश कंवर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रधान कंवर ने बताया कि ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही बिजली ट्रांसफार्मर की मांग को मंत्री ने पूरा किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रोहित ठाकुर ग्राम पंचायत घुन्डा में विभिन्न विकासात्मक कार्यों को गति दे रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। इस मौके पर पूर्व बीडीसी सदस्य बली राम शास्त्री, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रोशन लाल राजटा और गुलज़ार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कदम को क्षेत्र में विकास के प्रति शिक्षा मंत्री की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।

# हिमाचल में 6,297 प्री-प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती जल्द होगी

## एनटीटी करने वालों को भर्ती में दी जाएगी प्राथमिकता

- आउटसोर्सिंग से मिलेगी प्राथमिकता
- प्राइवेट कंपनियों के माध्यम से होंगी भर्तियां




**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 6,297 प्री-प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जून के पहले सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है।

यह भर्तियां 14 निजी कंपनियों के माध्यम से होंगी, जिनके लिए राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ने शिक्षा खंड आधार पर कंपनियों का चयन कर लिया है। पात्रता 12वीं कक्षा में 50 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले 21 से 45 वर्ष की आयु के हिमाचली इन पदों के लिए पात्र होंगे।

जानकारी के अनुसार नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (एनटीटी) करने वालों को भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। एमसीसी, एसटी, ओबीसी, और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए योग्यता अंकों में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

चयनित शिक्षकों को 10,000 रुपए मासिक पारिश्रमिक मिलेगा, जिसमें एजेंसी चार्ज, जीएसटी और अन्य खर्च शामिल होंगे।

### वरिष्ठ शिक्षकों की देखरेख में करेंगे काम

**ये** प्रशिक्षक स्कूल के सबसे वरिष्ठ शिक्षकों की देखरेख में काम करेंगे और बिना सरकारी मंजूरी के इन्हें पद से हटाया नहीं जा सकेगा। यह भर्ती प्रदेश में प्री-प्राइमरी शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### शिक्षकों का 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रशिक्षक' का होगा पदनाम

**इन** शिक्षकों को 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रशिक्षकों' का पदनाम दिया गया है। पूर्व में हिमाचल हाईकोर्ट द्वारा आउटसोर्स भर्ती पर लगाई गई रोक को सुप्रीम कोर्ट ने हटा दिया है, जिससे यह भर्ती प्रक्रिया अब आगे बढ़ सकेगी।

## कृतम ने हासिल किए 94 फीसदी अंक

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल शिक्षा बोर्ड के संशोधित परीक्षा परिणाम में पदम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर की कक्षा 12वीं के कला संकाय वर्ग के छात्र कृतम सिंह ने मार्च 2025 में आयोजित बोर्ड परीक्षा में 94 फीसदी अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कृतम सिंह ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कृतम सिंह ने बताया कि वह तहसील रामपुर के 12/20 क्षेत्र के ढिबरी गांव का निवासी है और उसके पिता राजेंद्र सिंह और माता मीना देवी किसान हैं।

विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसका श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और विद्यालय के प्रधानाचार्य रतन चंद गुप्ता एवं समस्त कर्मठ गुरुजनों को दिया। कृतम सिंह ने बताया कि उसका लक्ष्य खूब पढ़ लिखकर एक एचएएस अधिकारी या आईएएस अधिकारी बन कर लोगों की सेवा करना है। इसके अलावा कृतम सिंह ने बताया कि वह विद्यालय की अन्य सभी शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में भाग लेता रहा है।

## कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को किया लहूलुहान, आरोपी फरार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

चौपाल थाना क्षेत्र के बमनोल गांव में एक युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया है। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे उपचार के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार चौपाल के बमनोल गांव निवासी मनोज शर्मा पर कराटी गांव के निवासी नंद लाल ने किसी विवाद के चलते कुल्हाड़ी से हमला किया। हमले में मनोज शर्मा की गर्दन पर गंभीर चोट आई है।

पुलिस थाना चौपाल की से प्रभारी उप निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके के लिए रवाना हो गए, जबकि हेड कांस्टेबल लीला राम और संदीप कुमार आरोपी को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंचे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी नंद लाल की धरपकड़ के प्रयास जारी हैं।

## किसानों को दिया जाछ में फसल विविधता पर विशेष प्रशिक्षण

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** हिम रेनफेड रिवीटाइलाइजिंग एग्रीकल्चर नेटवर्क के सौजन्य से जाछ में तीन दिवसीय फसल विविधता ब्लॉक पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय बीज विशेषज्ञ डॉ. सौमिक बनर्जी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और फसल विविधता की बारीकियों पर प्रकाश डाला।

शिविर में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए फसल विविधता पर काम कर रहे किसानों ने भाग लिया। उन्होंने गेहूं की फसल पर लगाए जाने वाले फसल विविधता ब्लॉक के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान गेहूं की देसी किस्में भी प्रदर्शित की गईं और किसानों को उनके विशेष गुणों से अवगत कराया गया। स्थानीय किसानों द्वारा गेहूं की देसी किस्मों पर लगाए फसल विविधता ब्लॉक का निरीक्षण भी किया गया।

## किमछू यंग्स की टीम ने जीता क्रिकेट का फाइनल मुकाबला



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

किमछू यंग्स गवास द्वारा ग्रामीण स्तरीय अंडर-25 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल मुकाबला किमछू यंग्स गवास एवं रुपीन वैली डोडरा क्वार क मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए किमछू यंग्स गवास ने निर्धारित आठ ओवर में 89 रन बनाए, वहीं रुपीन वैली डोडरा क्वार की टीम 78 रन ही बना पाई। विजेता टीम को 22 हजार नकद राशि के साथ नवाजा गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब किमछू यंग्स गवास के प्रिंस को दिया गया। समापन समारोह पर प्रधान अशोक चौहान बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। वहीं नवयुवक मंडल गवास के प्रधान शीश चौहान एवं ग्राम पंचायत गवास के प्रधान सूरत सिंह भनियाट बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

## उत्तम मिस्टर व प्रीतिका बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

राजकीय बहुतकनीकी कालेज रोहड़ू में डी. फार्मेसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों ने विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम में दोनों वर्षों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संस्थान के विभागाध्यक्ष राजीव वर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने छात्रों को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उसके बाद मिस्टर फेयरवेल उत्तम शर्मा व मिस फेयरवेल प्रीतिका मेहता को चुना गया। पीयूष चौहान व अनुष्का रनर अप रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता उदय चौहान ने छात्रों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं छात्रों के योगदान और संस्थान में उनके दो वर्ष के कार्यकाल को भी याद किया गया।



बहुतकनीकी कॉलेज रोहड़ू में विदाई पार्टी के दौरान छात्र।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता मोती शर्मा, प्रवक्ता महेश चौहान, भारत भूषण शर्मा, उदय चौहान, मनोज शुक्ला, अधीक्षक छात्रावास देविंद्र सिंह प्रेमी, तरुण शर्मा,निशा शर्मा, प्रेम शर्मा, सहित संस्थान के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि सभी ट्रेडों के सेमेस्टर समाप्त होने के बाद अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कनिष्ठ छात्र विदाई पार्टी देते है और यह क्रम कई वर्षों से संस्थान में चला आ रहा है।

## युवक ने उड़ाई दोस्त की बाइक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के उपमंडल सुन्नी में एक युवक के साथ बड़ा धोखा हो गया। जिस व्यक्ति को उसने अपना दोस्त मानकर एक ही कमरे में रात बिताई, उसी ने उसकी बाइक, मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर सुन्नी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गुरमीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह, गांव पदराणा, जिला होशियारपुर पंजाब ने बताया कि वह दोस्त सतवंत सिंह पुत्र गुरचैन सिंह, गांव दोपालपुर, नवांशहर (पंजाब) के साथ किराए के कमरे में रुका था। दोनों साथ ही सोए थे, लेकिन सुबह देखा तो 10 हजार की नकदी और बाइक गायब थी।

## 10 दिन बाद चलेला से युवक का शव बरामद

### 19 मई को सतलुज में बह गए थे दो युवक

**मुकेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नयना देवी।** थाना बरमाणा के तहत हरनोड़ा के पास 19 मई को सतलुज में नहाते समय बह गए दो युवकों में से एक का शव 10 दिन बाद नयनादेवी के चलेला से बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, 20 वर्षीय मिलन बुद्धा निवासी त्यूणी रायगी जिला देहरादून, उत्तराखंड तथा 18 वर्षीय सुशील केसी निवासी ग्राम व डाकघर बाफीकुट नौझूला जिला रुकुम-नेपाल सतलुज में नहाते हुए पानी के तेज बहाव में बह गए थे।

घटना के बाद से पुलिस व होमगार्ड व स्थानीय गोताखोरों द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया था तथा 21 मई को पुलिस ने बीबीएमबी से पेशेवर गोताखोर भी बुलाए थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर पुलिस ने गोताखोरों को वापस भेज दिया था तथा झील किनारे नजर रखना शुरू कर दी थी। वीरवार सुबह पुलिस चौकी नयना देवी के पास स्थित चलेला क्षेत्र में किसी ने एक शव को पानी में देखा तथा इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने संबंधित शव को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बाहर निकाला तथा इस बारे में थाना बरमाणा पुलिस को सूचना दी।

मृतक की पहचान सुशील केसी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद बरमाणा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दूसरे लापता युवक की तलाश की जारी है।

### संस्कार सोसायटी ने श्रीमद्भागवत गीता व रामायण पर करवाई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

# घुमारवीं का होलिहार्ट स्कूल प्रथम



पूर्व निदेशक ओपी शर्मा ने बच्चों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** समाजसेवी संस्था संस्कार सोसायटी की ओर से महाराणा प्रताप जयंती पर संस्कार और सरोकार अभियान के तहत श्रीमद्भगवद्गीता एवं रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

संस्कार संस्था प्रदेश की पहली संस्था है, जिसने श्रीमद्भागवतगीता एवं रामायण पर बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया हो। प्रतियोगिता में घुमारवीं उपमंडल के 40 स्कूलों के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में ओपी शर्मा पूर्व निदेशक शिक्षा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रथम स्थान पर हिलिहार्ट स्कूल घुमारवीं की रितिका धर्माणी और अक्षांश चंदेल को 2100 रुपए, दूसरे स्थान पर एसवीएम घुमारवीं के सूरज और दीपांश को 1500 रुपए देकर सम्मानित किया गया।

तीसरे स्थान पर नावलोक आदर्श विद्यालय खांसरा की अक्षिता और वर्षा देवी को 1100 रुपए और अनिका धीमान, कृतिका, देवराज, सुनाक्षी, आकृति और तपश्या को 500 सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### गीता और रामायण को पढ़ें और जीवन में अपनाएं : ओपी शर्मा

**ओपी** शर्मा ने कहा कि संस्कार संस्था संस्कृति और संस्कार को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि त्याग, वीरता, साहस हमारी संस्कृति में है। गीता और रामायण संस्कृति के अटूट अंग है। रामायण और गीता में आशीर्वाद, कर्मों की प्रधानता है, जिस कारण ये दुनिया मे सर्वोपरि है हमे इनके आदर्शो को अनुकरण करना चाहिए। संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि गीता जीवन दर्शन है, सत्य है, सनातन है इसलिए इसे युवा पीढ़ी गीता को पढ़े, बुढ़ापे में नही युवावस्था में गीता को पढ़े और राम मर्दित थे। राम सामाजिक समता के प्रतीक थे और असहाय के साथ खड़े रहना यह राम का चरित्र दिखता है, इसलिए संस्था ने रामायण और श्रीमद्भागवत गीता पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि गीता व रामायण को पढ़ें और जीवन में अपनाएं।

### झंडूता कॉलेज में पहली से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए झंडूता कॉलेज में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 जून से 19 जून तक चलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://www.gcjhandutta.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश से संबंधित विस्तृत विवरण पत्रिका (प्रॉस्पेक्टस) भी पोर्टल पर उपलब्ध करवा दी गई है, जिसे डाउनलोड कर पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बीए, बीकॉम एवं बीएससी जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों के विभिन्न संकायों में दाखिले उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 98165-26366 पर कॉल कर सकते हैं।

### बरमाणा में दो जून को होंगे कुश्ती मुकाबले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की सदर विधानसभा क्षेत्र के बरमाणा में 2 जून को बरमाणा दंगल कमेटी की ओर से कुश्ती मुकाबले का आयोजन किया जाएगा। इस बार केवल हिमाचल प्रदेश के पहलवानों को ही भाग लेने का मौका मिलेगा। कमेटी के प्रधान रामपाल ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए पहलवानों को पहले से पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी आयोजन स्थल पर उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन से पहले 1 जून को लखदाता पीर की पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालु भाग लेंगे। मुख्य अतिथि की ओर से विजेता और उपविजेता पहलवानों को गुर्ज के साथ सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

### जुखाला में कार से 92 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एनएच शिमला-मटौर वाया जुखाला पर बुधवार रात को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 92 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान नम्होल चौक पर एक कार को शक के आधार पर जांच के लिए रोका। कार में दो युवा सवार थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार के डैशबोर्ड से 92 ग्राम चरस बरामद की। इन युवाओं की पहचान 32 वर्षीय शुभम मेहता निवासी गांव रिऊटी डाकघर रूसला तहसील चौपाल, जिला शिमला व 27 वर्षीय चिराग लोथटा तहसील चौपाल, जिला शिमला के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## 'अज मथुरा दे विच अवतार हो गया, नी श्याम निक्का जेया' भजन पर झूमे औहरवासी



औहर में श्रीमद्भागवत कथा सुनते लोग। कथावाचक बृजेश गोस्वामी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाकर भाव विभोर किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**औहर** में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक बृजेश गोस्वामी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाकर भाव विभोर किया। इस दौरान उपस्थित श्रीकृष्ण भक्तों ने पहाड़ी भजन गाकर और नृत्य कर माहौल को कृष्णमय बना दिया। इस दौरान महिलाओं ने अज्ज मथुरा दे विच अवतार हो गया, श्याम निक्का जेया, मोर मुकट रंग कालेया, ओ मन मोह लेया मुरली वालेया आदि भजन गाकर खूब आनंद किया।

वहीं, पंडित ने बताया कि घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। द्वापर युग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज्य करता था। इसके आततायी पुत्र कंस ने उसे गद्दी से उतार दिया और स्वयं मथुरा का राजा बन बैठा था। कंस की एक बहन देवकी का विवाह वासुदेव नामक यदुवंशी सरदार से हुआ था। एक समय कंस अपनी बहन देवकी को उसकी ससुराल पहुंचाने जा रहा था कि रास्ते में आकाशवाणी हुई है कंस, जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से ले जा रहा है, उसी के गर्भ में तेरा काल जन्म लेगा। कथा समापन के बाद प्रसाद भी बांटा गया।

## मोदी सरकार कर रही किसानों की आर्थिकी मजबूत : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का किया स्वागत



सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई वृद्धि का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए मोदी सरकार लगातार कारगर कदम उठा रही है। इसी कड़ी में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की गई है।

इतना ही नहीं, केंद्र सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण फैसला भी लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर धरातल पर ठोस कदम उठा रही है। अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके मद्देनजर किसान सम्मान निधि समेत कई अन्य कारगर योजनाएं चलाई जा रही हैं। एमएसपी किसानों के लिए एक तरह से सुरक्षा कवच जैसा होता है। बाजार में फसलों की कीमत कम होने पर किसान उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार को बेच सकते हैं। बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में खरीफ की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करने का स्वागतयोग्य फैसला लेकर किसानों को बड़ी सौगात दी गई है। इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य फसल की लागत का कम से कम 50 फीसदी अधिक हो।

## शिक्षा करती अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक: सीता राम



भलस्वाए गांव में संविधान बचाओ अभियान के तहत आयोजित बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**भलस्वाए** गांव में संविधान बचाओ अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल ने शोषित, वंचित समाज के उत्थान के लिए संविधान में किए गए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं और युवाओं को शिक्षित एवं संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में जागरूक करती है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर ने न सिर्फ दलित, पिछड़ों, शोषित और वंचितों के हकों की आवाज उठाई बल्कि उन्होंने महिलाओं के अस्तित्व और अधिकारों की शिद्दत से पैरवी कर आज समाज में उन्हें बराबरी का हक दिलाया है। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष बर्फी देवी की ओर से संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी साझा की।

इस मौके पर सचिव निक्कू राम, बंसी राम, राकेश कुमार, प्यार सिंह, विक्की, राजेंद्र कुमार, मिल्खी राम, मनोज कुमार, मनिंदर कुमार, गौरव, पंकज इत्यादि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में पहली जून से शुरू होगा ग्रीष्मोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में 01 से 05 जून, 2025 तक भव्य ग्रीष्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव पंजाबी, बॉलीवुड और हिमाचली कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को भी एक मंच प्रदान करेगा। उपायुक्त एवं शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बताया कि इस दौरान रिज मैदान को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो उठेगा। उत्सव की सांस्कृतिक संध्याएं विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। पहली संध्या में बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर निधि रस्तोगी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। दूसरी संध्या हास्य कवि सम्मेलन के नाम रहेगी, जिसमें अरुण जैमिनी, सुरेंद्र शर्मा, चिराग जैन, शम्भू चौधरी, वेद प्रकाश और डॉ. सीता सागर अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को लोटपोट करेंगे। तीसरी संध्या को हिमाचली संस्कृति को समर्पित किया गया है, जिसमें पहाड़ी गायक हनी नेगी और गीता भारद्वाज अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। चौथी सांस्कृतिक संध्या में फिरदौस बैंड और इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उत्सव की अंतिम और पांचवीं संध्या में इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित, वॉइस ऑफ शिमला की विजेता अंजलि नानक और प्रसिद्ध पंजाबी गायक अखिल अपनी दमदार प्रस्तुतियां देंगे। इस महोत्सव में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला से हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के सांस्कृतिक दल भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त, पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने और एम्फीथियेटर में दो बैंड और स्थानीय सांस्कृतिक दल भी लोगों का मनोरंजन करेंगे। शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 'ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अभियानों की थीम पर आधारित है। इसी कड़ी में, 01 से 05 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने महानाटी का आयोजन किया जाएगा। इंदिरा गांधी खेल परिसर में जिला के सभी स्कूलों के छात्रों के लिए टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों जैसे कुपवी और डोडरा-क्वार के स्कूली छात्र भी भाग लेंगे। उत्सव के दौरान फ्लावर शो और बेबी शो जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। स्कूलों में वाद-विवाद, निबंध लेखन और नारा लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

### एजुकेशन जोगिंद्रनगर ने एसडीएम 11 को 3 विकेट से हराया



**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बनाई हार में चल रही अजियापाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज जोरदार रहा। प्रतियोगिता के पहले मैच में एजुकेशन जोगिंद्रनगर की टीम ने एसडीएम 11 जोगिंद्र नगर को 3 विकेट से हराकर विजयी शुरुआत की। मैच की शुरुआत में एसडीएम 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में मात्र 63 रन बनाए। जवाब में एजुकेशन टीम ने सधी हुई बल्लेबाज़ी करते हुए तीन विकेट शेष रहते ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर आर्यभट्ट यूनिवर्सिटी स्कूल, बनाई के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजात राठौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।अजियापाल युवक मंडल बनाई हार के प्रधान और प्रतियोगिता के आयोजक दीपन कुमार ने बताया कि यह टूर्नामेंट युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे से दूर रखने की पहल है। उन्होंने क्रिकेट प्रेमियों से अधिक से अधिक टीमों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की और युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों में हिस्सा लें और स्वस्थ जीवन जीएं।प्रतियोगिता के आगामी मैचों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- भरमौर चौक पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा
- 10 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा धर्मवीर, किसी ने नहीं की मदद

भरमौर चौक जीरो प्वाइंट के समीप 28 मई को रात 9:30 बजे के बीच में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक धर्मवीर शर्मा की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे धर्मवीर शर्मा सड़क किनारे गिर पड़ा।

दर्दनाक बात यह रही कि हादसे के बाद लगभग 7 से 10 मिनट तक धर्मवीर सड़क के किनारे तड़पते रहा, लेकिन किसी ने मदद के लिए आगे कदम नहीं बढ़ाया। इसी बीच वहां से गुजर रहे हरषु वर्नवाल ने न केवल स्थिति को समझा, बल्कि बिना समय गंवाए मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए घायल युवक को अपनी गाड़ी में डालकर अस्पताल ले गए, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही धर्मवीर ने दम तोड़ दिया।



डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हरषु वर्नवाल ने फिर मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी और तुरंत अस्पताल बुलवाया। इस हादसे ने जहां एक ओर पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है, वहीं हरषु वर्नवाल की तत्परता और संवेदनशीलता ने समाज के लिए एक जिंदा इंसानियत की मिसाल पेश की है। मृतक की पहचान धर्मवीर शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है। यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि सड़क पर पड़े घायल व्यक्ति को अनदेखा करना सबसे बड़ी अमानवता है। हरषु वर्नवाल जैसे लोग ही समाज की असली ताकत हैं।

## हिट एंड रन केस में दिल्ली नंबर की टेंपो ट्रैवलर खज्जियार से ट्रेस, घायल अस्पताल में भर्ती

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

- चालक और मालिक की पहचान व गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज

**चुवाड़ी।** ककीरा-लाहडू सड़क मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा पेश आया, जब एक अज्ञात टेंपो ट्रैवलर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े युवक को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चुवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया, जहां वह उपचाराधीन है।

घायल की पहचान कुशल कुमार (35 वर्ष), पुत्र जोगिंद्र सिंह, निवासी गांव नरोला, डाकघर घटासनी पुल के रूप में हुई है, जो बाइक 57 8460 पर ककीरा से अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रातभर चेकिंग अभियान चलाया और सीसीटीवी फुटेज सहित विभिन्न माध्यमों से जांच को आगे बढ़ाया। घायल ने टेंपो ट्रैवलर के बारे में कुछ संकेत दिए थे, जिसके आधार पर पुलिस ने दिल्ली नंबर की एक संदिग्ध टेंपो ट्रैवलर को खज्जियार से ट्रेस कर लिया।

यह चुवाड़ी पुलिस की तेज कार्रवाई और सतर्कता का बड़ा उदाहरण है। मामले की पुष्टि एसएचओ रतन चौधरी ने की है। उन्होंने बताया कि अब टेंपो ट्रैवलर के चालक और मालिक की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेजी से जारी हैं। जल्द ही आरोपी को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। चुवाड़ी पुलिस की यह मुस्तैदी आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाती है और यह सिद्ध करती है कि अपराधियों को कानून से बचना आसान नहीं।

## महाराणा प्रताप वीरता और शिक्षा के प्रेरणास्रोत : शुभम



**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** राजपूत सभा चंबा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में समाज के लोगों और बच्चों ने महाराणा प्रताप के जीवन, उनके संघर्षों और आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में बच्चों के लिए कविता और भाषण प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें उन्होंने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। साथ ही, कक्षा 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभा के प्रधान शुभम ठाकुर, ब्रिगेडियर आरएस जामवाल , लोकेंद्र, नरेश राणा, धीरज नरियाल , विजेंदर ,राजीव ,परमिंदर जरयाल, जसवंत, हरीश ठाकुर, प्रवीण मेहता, सतिंद्र, प्रकाश, इंद्र, डॉ. विपन और राजेश चाड़क जी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इन सभी महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया और समाज के एकजुट होने का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि देना नहीं था, बल्कि समाज में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करना भी था। राजपूत सभा चंबा का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।

## विधायक नीरज बने निजी विश्वविद्यालयों के शासी निकाय सदस्य

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- नीरज नैय्यर बोले-राज्य के शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा देना मेरी प्राथमिकता रही
- प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में एक गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। चंबा, सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नीरज नैय्यर को प्रदेश सरकार द्वारा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत दो प्रमुख विश्वविद्यालयों की शासी निकाय का सदस्य नामित किया गया है। यह नियुक्ति न केवल चंबा जिला, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।



जिन विश्वविद्यालयों में नैयर को सदस्य नियुक्त किया गया है, वे हैं बद्दी यूनिवर्सिटी ऑफ इमर्जिंग साइंसेज एंड टेक्नोलॉजीज, बद्दी (सोलन)। दूसरी महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी शामिल है। इस सम्मानजनक दायित्व को प्राप्त कर विधायक नीरज नैयर ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, राज्य के शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा देना मेरी प्राथमिकता रही है। शासी निकाय का सदस्य बनकर अब मुझे विश्वविद्यालयों की नीतियों में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ है, जिसके माध्यम से मैं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध हूं।

उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने अनुभव और समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी का आभार व्यक्त किया और कहा कि, मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

यह उपलब्धि दर्शाती है कि चंबा जैसे पहाड़ी जिले से भी नेतृत्वकर्ता अब राज्य स्तरीय निर्णयों में भागीदार बन रहे हैं, और प्रदेश का भविष्य शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ हो रहा है।

## दीप सिंह बने प्रवक्ता संघ के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ की चंबा इकाई ने आज एक गरिमामयी कार्यक्रम में दीप सिंह खन्ना को सम्मानित किया। हाल ही में संपन्न राज्य स्तरीय चुनावों में उन्हें प्रवक्ता संघ का राज्य कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर जिले भर के शिक्षकों और प्रवक्ता संघ के सदस्यों ने उनका उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया।




दीप सिंह व अन्य को सम्मानित करते हुए संघ के सदस्य।

खन्ना इससे पहले लगातार चार बार जिला चंबा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, जो उनके नेतृत्व और कार्यशैली में सभी की दृढ़ आस्था को दर्शाता है। इस अवसर पर आयोजित बैठक और पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने प्रवक्ता वर्ग की समस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से एसएमसी पर कार्यरत प्रवक्ताओं के नियमितिकरण, देय भुगतानों की शीघ्र अदायगी और प्रवक्ताओं से प्रधानाचार्य पद पर लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग को प्रमुखता से उठाया।

इस कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता संघ की कार्यकारिणी के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों से आए प्रवक्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और खन्ना को नए दायित्वों के लिए बधाई दीं। यह सम्मान न केवल दीप सिंह खन्ना की काबिलियत का प्रतीक है, बल्कि प्रवक्ताओं की आवाज को सशक्त नेतृत्व मिलने का संकेत भी देता है।

## भरमौर और पांगी को मिलेगी सशक्त स्वास्थ्य सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- जनजातीय क्षेत्र की सेहत को मिला नया जीवन
- हाईकोर्ट ने मानी डॉ. जनक राज की अपील
- स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विधायक डॉ. जनक राज की ऐतिहासिक जीत

भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय विधायक डॉ. जनक राज, जो स्वयं स्वास्थ्य क्षेत्र से गहरी समझ और अनुभव रखते हैं, ने आज एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि साझा की है, जो चंबा जिले के सुदूरवर्ती और जनजातीय इलाकों के लिए नई स्वास्थ्य क्रांति की शुरुआत बन सकती है।



डॉ. जनक राज ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लंबे समय से अथक प्रयास किए हैं। उसी संघर्ष और प्रतिबद्धता का परिणाम है कि दिनांक 28 मई 2025 को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने डॉ. जनक राज बनाम एचपी राज्य एवं अन्य (2025 का सीडब्ल्यूपी नंबर 8378) मामले में ऐतिहासिक निर्णय निर्णय।

कोर्ट ने आदेश दिया है कि 17 जून 2025 तक हिमाचल प्रदेश सरकार का स्वास्थ्य सचिव, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के सिविल अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी में 50त्न स्वीकृत पदों पर नियुक्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

इस निर्णय से वर्षों से डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और उन्हें अब गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही क्षेत्र में सुलभ होंगी।

यह सिर्फ एक कानूनी आदेश नहीं, बल्कि डॉ. जनक राज के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक निर्णायक मोड़ है। उनका यह कदम न केवल जनसेवा की भावना को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि जब जनप्रतिनिधि विषय की गहराई से जुड़े हों, तो बदलाव सुनिश्चित होता है।

## तेलका से डलहौजी तक नहीं चली सरकारी बस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

- आप नेता सोनू ठाकुर ने बीजेपी और कांग्रेस पर साधा निशाना

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष और डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता सोनू ठाकुर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आजादी के 75 साल और विधानसभा गठन के कई दशक बीत जाने के बावजूद तेलका से डलहौजी के बीच आज तक एक भी सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने इस गंभीर कमी को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों की विफलता करार दिया।



सोनू ठाकुर ने स्पष्ट किया कि बीते 35-40 वर्षों में कांग्रेस के विधायक ने क्षेत्र में लगभग 30 साल और भाजपा के विधायक ने करीब 7-8 वर्षों तक सत्ता संभाली, लेकिन आम जनता की सबसे बुनियादी जरूरत-एक सरकारी बस सेवा- अब तक पूरी नहीं की गई। उन्होंने कहा, यह विडंबना ही है कि जिस क्षेत्र का नाम खुद डलहौजी विधानसभा है, वहां की जनता को डलहौजी पहुंचने के लिए उप तहसील तेलका से सीधी सरकारी बस सेवा तक नसीब नहीं हुई।

आप नेता ने इस मुद्दे को आम जनता की उपेक्षा और विकास के खोखले दावों का प्रमाण बताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी इस विषय को पूरी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने राज्य सरकार और वर्तमान विधायक से मांग की कि उप तहसील तेलका से डलहौजी के लिए तुरंत एक नियमित सरकारी बस सेवा शुरू की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को लंबे समय से हो रही असुविधा से राहत मिल सके।

सोनू ठाकुर ने अंत में दो टूक कहा, यह सिर्फ एक बस नहीं, बल्कि जनता का हक़ है, और इस हक़ को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस प्रेस वार्ता के बाद आम आदमी पार्टी की ओर से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि पार्टी स्थानीय स्तर के ऐसे ठोस मुद्दों को लेकर मैदान में उतर चुकी है, जो अब तक अनदेखे रह गए हैं।

## शिक्षा बोर्ड की लापरवाही पर एबीवीपी करेगी महा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अब हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तानाशाही, लापरवाही और छात्रविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए मैदान में उतर चुका है।



भवानी ठाकुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश भर में छात्र हितों की रक्षा के लिए बिगुल फूंक दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि यदि 24 घंटे के भीतर शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशव्यापी जनांदोलन होगा।

वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मुख्य मांगें और तथ्य में छात्रा आत्महत्या प्रयास की न्यायिक जांच होनी चाहिए।

17 मई को बोर्ड के गलत परिणाम के चलते एक छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया, जबकि 22 मई को उसी छात्रा को पास घोषित किया गया। यह शिक्षा बोर्ड की घोर संवेदनहीनता और लापरवाही का प्रमाण है। इसके साथ परिणाम प्रबंधन विभाग सहित बोर्ड के जिन अधिकारियों की गलती से छात्रों का भविष्य संकट में आया है, उन पर प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाए।

बोर्ड द्वारा दिए गए गलत परिणामों की स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष पुनर्समीक्षा कराई जाए ताकि छात्रों को न्याय मिल सके।

हिमाचल प्रदेश के प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि छात्रों के अधिकारों के लिए हम हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। यदि बोर्ड ने 24 घंटे के भीतर उचित कदम नहीं उठाए, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का ऐलान सड़कों पर उतरकर प्रदेशव्यापी जनांदोलन छेड़ेगी।

### सूडोकु नवताल- 7445 (★★★★★ कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7444 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## तेलका में सड़क किनारे खड़े वाहनों से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के तहत आने वाले तेलका परिक्षेत्र में शिव मंदिर के साथ पार्किंग के लिए जगह चिह्नित होने के बावजूद निर्माण कार्य धरातल पर नहीं उतर पाया है। तत्कालीन विधायक आशा कुमारी ने विधानसभा सत्र में भी यह मुद्दा गर्मजोशी के साथ उठाया था। छह वर्ष पहले लोगों में तेलका में पार्किंग बनने उम्मीद जगी थी।

बावजूद इसके अभी तक यह उम्मीद साकार नहीं हो पाई है। तेलका बाजार में पार्किंग का अभाव होने के कारण चालकों को सड़क किनारे अपने वाहन खड़ा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इससे जहां स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ रहा है तो वहीं, सड़क किनारे आड़े-तिरछे वाहन खड़े होने पर कई बार वाहनों के चालान कट रहे हैं। इससे चालकों को काफी चपत लग रही है।

पार्किंग के अभाव में दुकानों के बाहर वाहन खड़े होने से ग्राहकों के आने-जाने का रास्ता बंद होने से व्यापार पर असर पड़ रहा है। इतना ही नहीं, कई बार तो उन्हें सुबह दुकान खोलने में भी दिक्कत पेश आती है।

विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि तेलका में पार्किंग निर्माण के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष मुद्दा उठाया जाएगा।

## 432 अभ्यर्थियों ने दी डीएलएड प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में डीएलएड प्रवेश परीक्षा हुई। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बाल माध्यमिक स्कूल में 239 ने प्रवेश परीक्षा दी। 11 अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए। इसके अलावा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में 200 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की थी लेकिन सात अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। यहां 193 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी। वहीं, दूसरी तरफ चंबा महाविद्यालय और सरोल स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी परीक्षा हुई। परीक्षा सुबह 11:00 शुरू हुई जो दोपहर 1:00 बजे तक जारी रही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घांघल**
**विकास खंड धनोटू , जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण जनता/फर्मों / व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घांघल में विकासात्मक कार्य मनरेगा सहित अवधि 31/03/25 से 31/03/26 तक निम्न सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती है । केवल पंजीकृत व्यक्ति / फर्म निविदा बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से कार्यालय ग्राम पंचायत घांघल में दिनांक 25.05.2025 से 02.06.2025 तक कार्यालय में जमा करवा सकते है। निविदाएं 3/06/25 को दोपहर 01 बजे ग्राम पंचायत द्वारा निविदादाता या उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के समक्ष खोली जाएंगी, जिसके लिए निविदादाता को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा सामग्री का विवरण निम्न है:- 1. बजरी क्रैशर 10एमएम, 20एमएम,40एमएम 63एमएम तक (प्रति क्यूविक मीटर) 2. रेत क्रैशर (प्रति क्यूविक मीटर) 3. रेता प्लांट (प्रति क्यूविक मीटर) 4. बोल्डर पत्थर (प्रति क्यूविक मीटर) 5. कट स्टोन (प्रति क्यूविक मीटर) 6. शटरिंग स्लैब (प्रति वर्ग फुट) 7. शटरिंग दीवार 2'' 4'' ironplate (प्रति दिन किराया) 8. शटरिंग रास्ते रनिंग में (प्रति वर्ग फुट) 9. पानी टैंकर 3000 लीटर कार्यस्थल तक (प्रति चक्कर) 10. जे.सी. वी. प्रति घंटा 11. सामग्री ढुलान सड़क से कार्य तक (Munal carriage) बिना GST दर 12. किराया सीमेंट सिविल सप्लाई स्टोर से पंचायत स्टोर तक । **निविदाएं देने हेतु शर्ते** 1. जी.एस.टी. नंबर धारक की निविदाएं जो ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रारूप (Format) पर हो वही मान्य होगी व लैटर पैड साथ में लाना होगा। 2. सामग्री की दरें जीएसटी दरो सहित दे। 3. सामग्री के साथ M फॉर्म आवश्यक रूप से देना होगा। 4. कटिंग व ओवर राइटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी । 5. सामग्री पूरे पंचायत क्षेत्र में जहां तक ट्रैक्टर जाता है वहां तक पहुंचानी होगी रोड चाहे कच्चा हो या पक्का । 6. पंचायत द्वारा सामग्री मांग करने पर समय पर सामग्री न सही ना होने पर स्वीकृत रद्द की जाएगी । 7. सामग्री की अदायगी तकनीकी कर्मचारी द्वारा पास करने उपरांत की जायगी। 8. सामग्री की अनुमानित मांग आवश्यकता अनुसार बढ़ाई या कम की जा सकती है। 9. पारित निविदादाता की मुबलिग 10000/-FD (सुरक्षित राशि) के रूप में जिस दिन निविदा पास होगी उसी दिन ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी यदि समय पूर्ण हो जाता है और कुटेशन धारक सामग्री समय पर देता रहता है तो वर्ष समाप्त होने पर उसे वापस की जाएगी पंचायत द्वारा जारी Formate (प्रारूप) मु. 1000/- नॉन रिफण्डेबले है।

**प्रधान/ सचिव ग्राम पंचायत घांघल**
**विकास खंड धनोटू , जिला मंडी (हि.प्र.)**

**MARBLE FINVEST LIMITED**
Regd. Off:- 78, Industrial Area, Phase-I, Chandigarh-160002
CIN: L65910CH1984PLC021285
Ph : 0172-2993903, E- mail: marblefinltd@gmail.com, website: marblefinvest.com Extract from Audited Financial Results for the quarter and Year ended 31.03.2025 (Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 31.03.2025 (Audited) | Year Ended 31.03.2025 (Audited) | Quarter Ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Revenue from Operations | 3.21 | 13.04 | 3.22 |
| 2. | Net Profit/(Loss) (before tax and Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.59) | (5.51) | (0.83) |
| 3. | Net Profit/(Loss) (before tax and after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.59) | (5.51) | (0.83) |
| 4. | Net Profit/(Loss) (after tax and Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.59) | (5.51) | (4.95) |
| 5. | Total Comprehensive Income (Comprising Profit/(Loss) after tax and Comprehensive Income | (6.57) | (10.49) | 1760.80 |
| 6. | Equity Share Capital of Nominal value of Rs. 10/- each. | 279.90 | 279.90 | 279.90 |
| 7. | Reserves (excluding revaluation Reserve) as shown in Audited Balance Sheet | 6168.74 | 6168.74 | 6179.23 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) (amount in Rs. ) Basic & Diluted: | (0.23) | (0.37) | 62.91 |

**Note:** This above is an extract of the detailed format of quarterly and yearly audited Financial Results filed with Stock Exchange under regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Financial Results is available on the portal of Metropolitan Stock Exchange of India (MSEI) at www.msei.in and Company's website at www.marblefinvest.com.

By the order of Board
For Marble Finvest Limited

Place: Chandigarh
Date: 29.05.2024

Sd/-
Kamal Jeet
Wholetime Director& CFO
(DIN: 08562859)

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 मई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्थी (21:23): **नक्षत्र** पुनर्वसु (21:29), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : गण्ड (12:57) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

### विशेष दिन

- 30 मई 2025 : उमा चतुर्थी आज।
- 30 मई 2025 : विनायक चतुर्थी आज।

**मेषः** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें।

**वृषभः** इच्छित कार्य सफल होंगे। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मिथुनः** श्मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्कः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**सिंह :** बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**कन्या :** पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुलाः** पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिकः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**धनुः** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**हमारी** ताकत और मजबूती के लिए सबसे जरूरी काम है, लोगों में एकता स्थापित करना। -**लाल बहादुर शास्त्री**

## संपादकीय

# तापमान में वृद्धि चिंताजनक

धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। दुनिया को और रिकॉर्डतोड़ और जानलेवा गर्मी झेलनी पड़ेगी, क्योंकि अगले पांच साल में धरती का औसत तापमान डेढ़ डिग्री बढ़ जाएगा। इस बढ़ते तापमान से जंगलों में आग, तूफान बाढ़ और सूखे जैसी स्थिति निश्चित रूप से भयावह संकट पैदा करेगी। दुनिया की शीर्ष दो मौसम एजेंसियों डब्ल्यूएमओ और यूके मेट ऑफिस ने यह सख्त चेतावनी जारी की है। यह कोई कल्पना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित एक कटु सच्चाई है। यह वृद्धि न केवल मौसम की चरम घटनाओं को बढ़ावा देगी, बल्कि मानव सभ्यता और पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गंभीर संकट खड़ा करेगी। धरती के तापमान में वृद्धि के पीछे मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियां ही ज्यादा जिम्मेदार हैं। कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें तथा अन्य गैसें वायुमंडल में इकट्ठा होकर धरती की ऊष्मा को बाहर नहीं निकलने देतीं। ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन धरती को गर्म करता है। जीवाश्म ईंधनों-कोयला, पेट्रोल, डीजल का जलाना, औद्योगिकीकरण, परिवहन और बिजली उत्पादन इसके प्रमुख स्रोत है। चूंकि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, लेकिन जब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती है, तो न केवल कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण कम होता है, बल्कि कटे हुए पेड़ों से भी यह गैस वातावरण में उत्सर्जित होती है।

नए शहरों और उद्योगों का विस्तार प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डालता है। इससे ऊर्जा की मांग बढ़ती है, जो कि अभी भी मुख्य रूप से गैर-नवीकरणीय स्रोतों से पूरी होती है। आज की जीवनशैली यूज एंड थ्रो की मानसिकता पर आधारित है। यह सोच संसाधनों की अत्यधिक खपत और अपशिष्ट उत्पादन को जन्म देती है, जिससे पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। यदि धरती का तापमान इसी गति से बढ़ता रहा, तो इसके परिणाम भविष्य में घातक हो सकते हैं। गर्मी की लहरें, सूखा, जंगलों में आग, बाढ़ और चक्रवात जैसी आपदाएं अधिक तीव्र और लगातार होती जाएंगी। इससे जान-माल की हानि के साथ-साथ खाद्य और जल सुरक्षा पर भी संकट मंडराएगा। हिमालय, आर्कटिक और अंटार्कटिका जैसे क्षेत्रों में बर्फ तेजी से पिघल रही है। इससे समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, जो तटीय क्षेत्रों को डूबने की कगार पर ला सकता है। कई वन्य प्रजातियां तापमान और मौसम में बदलाव के कारण विलुप्त हो रही हैं। पारिस्थितिकी तंत्र का यह असंतुलन मनुष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। गर्मी से जुड़ी बीमारियां जैसे-मलेरिया और डेंगू जैसे मच्छरों से फैलने वाले रोग और सांस की बीमारियां आदि बढ़ेंगी। इस संकट की जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति, देश या संस्था पर नहीं डाली जा सकती, लेकिन विकसित देश और बड़ी औद्योगिक कंपनियां निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदार हैं।

विकसित राष्ट्र, जिन्होंने औद्योगिक क्रांति के बाद दशकों तक भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन किया, उनकी ऐतिहासिक जिम्मेदारी सबसे अधिक है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां, जो मुनाफे के लालच में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन करती हैं। राजनीतिक नेतृत्व, जो दीर्घकालिक नीतियों को अपनाने के बजाय अल्पकालिक विकास के पीछे भागता है। आम नागरिक, जो अक्सर जागरूक होने के बावजूद पर्यावरणीय दायित्वों की अनदेखी करते हैं। हालांकि स्थिति गंभीर है, फिर भी इससे निपटने के लिए अभी बहुत कुछ किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए वैश्विक, राष्ट्रीय और व्यक्तिगत स्तर पर समन्वित प्रयास जरूरी हैं। सौर, पवन, जल और जैविक ऊर्जा जैसे स्वच्छ स्रोतों पर जोर देना होगा। जीवाश्म ईंधनों की निर्भरता घटाना सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। वनों का संरक्षण और नए पेड़ लगाना कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण का प्रभावी तरीका है। इससे न केवल कार्बन स्तर घटेगा बल्कि जैव विविधता भी बचेगी। लोगों को यह समझाना जरूरी है कि उनका हर छोटा कदम जैसे-बिजली बचाना, प्लास्टिक का कम प्रयोग, साइकल चलाना आदि इस संकट को टालने में मदद कर सकता है। पेरिस समझौता, अंतरराष्ट्रीय जलवायु बैठकों जैसे वैश्विक मंचों पर केवल वादे नहीं, बल्कि प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।

स्वच्छ तकनीकों का विकास, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा दक्ष भवन और टिकाऊ कृषि तकनीक, भविष्य का रास्ता है। धरती के तापमान में वृद्धि मानवता के लिए एक गंभीर और तत्काल संकट है। यह केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक चुनौती भी है। अभी भी समय है कि हम चेतें, अपने जीवन में बदलाव लाएं और धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, सुंदर और जीवंत बनाएं। इस संघर्ष में हर व्यक्ति की भूमिका है-सरकारों की, कंपनियों की और सबसे महत्वपूर्ण, हम सब की। अगर आज कदम नहीं उठाए गए, तो कल केवल पछतावा ही हाथ लगेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# पद्म भूषण से सम्मानित सितार वादक

**पंडित** देवब्रत चौधरी भारत के प्रख्यात सितार वादक थे। वह संगीत के सेनिया घराना से थे। उन्हें भारत सरकार द्वारा 'पद्म भूषण' और 'पद्मश्री' से भी सम्मानित किया गया था। मुश्ताक अली ख़ान के शागिर्द देबू चौधरी का जन्म आजादी से पूर्व को म्यमेनसिंह (अब बांग्लादेश में) हुआ था। उन्होंने सेनिया संगीत घराना के पंचू गोपाल दत्ता और संगीत आचार्य उस्ताद मुश्ताक अली खान से संगीत की शिक्षा ली की थी। देबू चौधरी का नाम उस्ताद विलायत खान, पंडित रविशंकर और पंडित निखिल बनर्जी जैसे भारत के प्रख्यात सितारवादकों में गिना जाता है। देबू चौधरी शिक्षक और लेखक भी थे, जिन्होंने छह पुस्तकें लिखीं और नए राग बनाए। मुश्ताक अली खान के शागिर्द, देबू चौधरी भारत के महान शास्त्रीय संगीतज्ञों की तरह उन्होंने बाल्यावस्था में, जब वह महज चार साल के थे तभी से प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू कर दिया था। ■



पंडित देवब्रत चौधरी
जन्म : 30 मई, 1935
मृत्यु : 1 मई, 2021



कविता

## बनो पक्षियों के मित्र

संजय एम तराणेकर, कवि, लेखक व समीक्षक

*बढ़ रहा तापमान और घट रहा हरित क्षेत्र,*
*गर्मियों के मौसम में बनो पक्षियों के मित्र।*
*चिल-चिलाती धूप और तप रही हैं जमीनें,*
*सूखी हवाएं 'दिनचर्या' को करती गमगीन।*
*इससे परिंदों का जीवन प्रभावित हो रहा,*
*बेजुबां भी संघर्ष करने को मजबूर हो रहा।*
*बढ़ रहा तापमान और घट रहा हरित क्षेत्र,*
*गर्मियों के मौसम में बनों पक्षियों के मित्र।*
*शहरीकरण की मार एवं प्रकृति से हुई दूरी,*
*नतीजा पशु-पक्षियों की प्यास रहीं अधूरी।*
*आज छांव और पानी भी तो दुर्लभ हो गए,*
*ये डिजिटल होकर भी क्यों निर्दयी हो गए।*
*बढ़ रहा तापमान और घट रहा हरित क्षेत्र,*
*गर्मियों के मौसम में बनो पक्षियों के मित्र।*
*गोरैया, बुलबुल, मैना व कबूतर भटक रहे,*
*पक्षी पानी की तलाश में हलाकान हो रहें।*
*मानवीय संवेदनाओं को कोई भी न परखें,*
*आओ छतों या आंगनों में दाना-पानी रखें।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# नशे की गिरफ्त में हिमाचल : टूटती उम्मीदों का सच

हिमाचल प्रदेश जहां की हवाओं में शांति है, जहां की वादियों में आध्यात्मिकता गूंजती है, जहां जीवन प्रकृति के समीप, सरल और सौम्य हुआ करता था, लेकिन आज उसी हिमाचल की आत्मा कराह रही है। हरे-भरे जंगलों, बहती नदियों और बर्फीली चोटियों के बीच अब एक ऐसा संकट पनप रहा है, जो हिमाचल की पहचान को भीतर से खोखला कर रहा है और वह है नशे की लत। कभी शिक्षा, पर्यटन और अध्यात्म के लिए पहचाना जाने वाला यह प्रदेश, आज नशे के जहरीले जाल में जकड़ता जा रहा है।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, उत्कृष्ट पाठशाला, टौणी देवी

यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि हर घर, हर गली, हर गांव की सच्चाई बन चुकी है। युवा जो किसी समाज का भविष्य होते हैं, आज नशे की गिरफ्त में अपने सपनों को, अपनी ऊर्जा को और सबसे दुखद, अपने जीवन को खत्म करते जा रहे हैं। हर दिन कहीं न कहीं कोई परिवार अपने बेटे के बदलते स्वभाव से परेशान है, कोई मां रात-रात भर जागती है, यह सोचकर कि उसका बेटा सुरक्षित घर लौटेगा या नहीं। कोई बहन शर्म से आंखें झुका लेती है, जब उसके भाई की गिरफ्तारी की खबर आती है और कोई पिता अपने बेटे के अंतिम संस्कार में यह सोचता रह जाता है कि कहां चूक हो गई। क्या यही वह हिमाचल है, जो कभी संस्कारों और शांति के लिए जाना जाता था?

नशे की यह लत केवल एक व्यक्ति को नहीं, पूरे समाज को अपने शिकंजे में कस रही है। चोरी, लूटपाट, मारपीट, घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटनाएं और आत्महत्याएं इन सबके पीछे एक बहुत बड़ा कारण है नशा। पुलिस रिकॉर्ड चीख-चीख कर इस कड़वी सच्चाई की गवाही देते हैं, लेकिन सबसे बड़ी गवाही वह मां देती है, जो अपने बेटे को खो चुकी है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति ने भी इस संकट को और गहरा कर दिया है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों से चिट्टा, हेरोइन और अन्य सिंथेटिक ड्रग्स की आपूर्ति यहां बेरोकटोक हो रही है। पहले जहां गांवों में केवल भांग या चरस तक सीमित उपयोग होता था, अब वहां पर रसायनिक नशों ने अपनी जगह बना ली है। आधुनिक तस्करी के नेटवर्क ने हिमाचल को केवल उपभोग का नहीं, बल्कि वितरण का भी केंद्र बना दिया है। नशे के सौदागर न केवल युवा जीवन को निगल रहे हैं, बल्कि प्रदेश की आत्मा को भी छीन रहे हैं।



इस भयावह स्थिति का एक बड़ा कारण बेरोजगारी और दिशाहीनता है। वहीं, बदलते सामाजिक ढांचे ने भी इस समस्या को गहरा किया है। पहले के संयुक्त परिवारों में अनुशासन, मार्गदर्शन और नियंत्रण था। अब एकल परिवारों में व्यस्त माता-पिता बच्चों को समय नहीं दे पाते। तकनीक की दुनिया में संलग्न किशोर, भावनात्मक संवाद से दूर होकर वर्चुअल दुनिया में खो जाते हैं, जहां गलत संगति उनका इंतजार कर रही होती है। धीरे-धीरे वे नशे की ओर खिंचते जाते हैं और एक बार जो इस दलदल में फंसा, उसका बाहर आना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह केवल कानून व्यवस्था का मसला नहीं है, यह एक सामाजिक आपातकाल है। हिमाचल की आत्मा को बचाने के लिए अब केवल नीतियां नहीं, बल्कि जन-आंदोलन चाहिए। हर नागरिक, हर माता-पिता, हर शिक्षक, हर जागरूक युवा को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि हम इस महामारी से लड़ेंगे। सरकार को चाहिए कि वह नशा तस्करों के खिलाफ कठोरतम कानून बनाकर उन्हें उदाहरण स्वरूप दंडित करें। पुलिस को आधुनिक संसाधनों, ड्रोन, सर्विलांस तकनीक और डेटा एनालिटिक्स से सुसज्जित किया जाए ताकि वे तस्करों के नेटवर्क को तहस-नहस कर सकें। विद्यालयों और महाविद्यालयों में नशा-विरोधी जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाएं। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम ही नहीं, जीवन मूल्यों का भी संचार करें। विद्यार्थियों को खेल, संगीत, कला और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जाए ताकि वे अपनी ऊर्जा का रचनात्मक उपयोग कर सकें।

इसी संदर्भ में 31 मई को मनाए जाने वाले विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 की थीम 'अपील को उजागर करना-तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना', हमें विशेष रूप से यह सोचने पर विवश करती है कि कैसे तंबाकू और निकोटीन उद्योग, खासकर युवाओं को लक्ष्य बनाकर, आकर्षक विज्ञापनों, स्वादयुक्त उत्पादों और सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें 'कूल' या 'फैशनेबल' रूप में प्रस्तुत करते हैं। ये कंपनियां जानबूझकर ऐसे भ्रम फैलाती हैं कि उनके उत्पाद नुकसानदेह नहीं हैं, जबकि सच्चाई यह है कि यही उत्पाद युवाओं के जीवन में नशे की पहली सीढ़ी बनते हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम इन भ्रामक तकनीकों को उजागर करें, इनकी मार्केटिंग रणनीतियों को चुनौती दें और युवाओं को वास्तविक जानकारी दें। यह लड़ाई केवल नशे के विरुद्ध नहीं, बल्कि उन ताकतों के विरुद्ध भी है, जो लाभ के लिए हमारे बच्चों के भविष्य को दांव पर लगा रही हैं। अंत में युवाओं से विशेष अपील है कि तुम्हारा जीवन किसी पैकेट में बंद उत्पाद से कहीं ज्यादा मूल्यवान है। तुम्हारे मां-बाप की आंखों का सपना, समाज की आशा और देश का भविष्य तुम हो। अगर तुमने हार मान ली तो केवल तुम्हारा ही नहीं, बल्कि हम सबका सपना टूटेगा।


अब वक्त है जागने का। वक्त है एकजुट होने का। वक्त है अपने हिमाचल को बचाने का इसलिए आओ मिलकर संकल्प लें कि हम हिमाचल को फिर से उसकी मूल पहचान लौटाएंगे। एक ऐसा हिमाचल जहां वादियां केवल सुंदर ही नहीं, सुरक्षित भी हों। जहां युवाओं की आंखों में नशे की लाली नहीं, बल्कि सपनों की चमक हो। जहां गांवों की गलियों में भय नहीं, विश्वास हो। और जहां हर मां अपने बेटे को गर्व से देख सके, न कि आंखों में आंसू लिए। यह लड़ाई आसान नहीं होगी। लेकिन यह लड़ाई जरूरी है। क्योंकि यह केवल कानून की नहीं, यह हमारी अस्मिता की लड़ाई है। हमें मिलकर इस नशे की महामारी के खिलाफ आवाज उठानी है, चेतना फैलानी है, और एक ऐसा हिमाचल बनाना है जहां युवा नशे में नहीं, नव निर्माण में व्यस्त हों।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# 'ऑपरेशन सिंदूर' का असली खेल तो अब शुरू हुआ है

22 अप्रैल 2025, पहलगाम एक शांत सुबह गोलियों की आवाज से थर्रा उठा। आतंकियों ने एक बार फिर कायरता दिखाई लेकिन इस बार भारत ने जवाब नहीं न्याय दिया। भारत ने तुरंत लॉन्च किया ऑपरेशन सिंदूर। एक ऐसा सैन्य अभियान जो सिर्फ सीमाओं तक सीमित नहीं था।



लेखका : चेतन सिंह बरागटा
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता

यह उन आतंकी अड्डों पर सटीक वार था, जो पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे थे और उन विचारधाराओं पर जो नफरत का कारोबार कर रही थीं, लेकिन असली मोर्चा सिर्फ LOC पर नहीं, दुनिया की राजधानियों में खुला। रणनीति जो दुश्मन की सोच से भी आगे थी। हर बार की तरह पाकिस्तान ने OIC, UN, ब्रिटिश पार्लियामेंट और खाड़ी देशों में 'भारत इस्लामोफोबिक है' का पुराना कैसेट बजाया, लेकिन इस बार कहानी पहले ही लिख दी गई थी और लेखक था भारत।

भारत सरकार ने विपक्षी नेताओं को भी आतंकवाद के खिलाफ दुनिया के सामने अपनी आवाज बुलंद करने भेजा। शशि थरूर अमेरिका गए, कनिमोझी रूस पहुंचीं, सुप्रिया सुले कतर में थीं और असदुद्दीन ओवैसी सऊदी अरब में थे। ये सिर्फ नेता नहीं थे, ये भारत की एकता, विविधता और दृढ़ संकल्प की आवाज बन गए। इस बार दुनिया ने सुना यह मोदी का नहीं, यह भारत का जवाब है। चीन और पाकिस्तान के मीडिया ने अफवाहों की झड़ी लगा दी। पीछे से चीन की एक एयरोस्पेस कंपनी के शेयर बढ़ गए। साफ था ये सिर्फ युद्ध नहीं, एक बाजार भी था, लेकिन भारत ने जवाब दिया तथ्य से, संयम से और सामूहिकता से। जहां दुश्मन ने अफवाह फैलाई, भारत ने विश्वसनीयता रखी, जो भारत की राजनीतिक चतुराई का मास्टरस्ट्रोक था। पहले जब भारत सर्जिकल स्ट्राइक करता था, विपक्ष से सवाल उठते थे सबूत दो! ये चुनावी नौटंकी है! अब वही विपक्षी नेता जब दुनिया भर में भारत का पक्ष रख रहे हैं, तो आलोचना की जमीन ही खिसक चुकी है।




यह सिर्फ एक सैन्य ऑपरेशन नहीं राजनीति और कूटनीति की एक ऐसी चाल है, जिसकी कोई काट नहीं। भारत जानता है पाकिस्तान सिर्फ एक कठपुतली है। असली लक्ष्य है भारत को यूक्रेन-जैसे संघर्ष में फंसाना, ताकि आर्थिक प्रगति रुके, पश्चिमी प्रतिबंध लगे और भारत की वैश्विक साख कमजोर हो, लेकिन इस बार भारत तैयार है।

FATF में पाकिस्तान को फिर से ग्रे-लिस्ट कराने की तैयारी, IMF/World Bank से फंड रोकने की लॉबी, इंडस वॉटर ट्रीटी पर पुनर्विचार, N और OIC में पाकिस्तान को अलग-थलग करना और भविष्य की गोपनीय कार्रवाइयों की नींव डालना। यह युद्ध सीमित है, लेकिन इसका असर असीम होगा। भारत अब सिर्फ गोली से नहीं, कहानी से जीत रहा है। सैनिक सीमाओं पर हैं, सांसद मंचों पर, सरकार कूटनीतिक गलियारों में और देश एकजुट है।

ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। यह सिर्फ बदला नहीं, यह भारत की नई सैन्य-दृष्टि है। जहां हर गोली के पीछे एक रणनीति है और हर कूटनीतिक मुस्कान के पीछे एक स्पष्ट संदेश है। अब तुम उकसाओगे नहीं, तो भी हम तैयार रहेंगे और जब जवाब देंगे, तो दुनिया तुम्हारे साथ नहीं, हमारे साथ खड़ी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**देशभर** में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर प्रदेश सरकार ने संभावित खतरे को भांपते हुए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को चौकस रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों में अस्पतालों की बुनियादी संरचना को मजबूत करने, संसाधनों को सुसज्जित रखने और स्टाफ को प्रशिक्षित बनाए रखने पर खास जोर दिया गया है। एक मजबूत स्वास्थ्य ढांचा ही महामारी से निपटने का सबसे कारगर हथियार है। महामारी में सबसे बड़ी चुनौती ऑक्सीजन की कमी थी। इस बार प्रदेश सरकार को पीएसए ऑक्सीजन संयंत्रों को पूरी क्षमता से चालू हालत में रखना चाहिए। इसके अलावा, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बीआईपीएपी मशीनें और वेंटिलेटर्स को पहले से तैयार रखना चाहिएं।

**-मिट्ठू, बंदला (पालमपुर)**

# माता-पिता का बच्चों से भरोसा टूटता क्यों जा रहा है

आज विश्व में मानव समुदाय उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर है। इंसान सामाजिक कड़ियों से जुड़ा हुआ एक प्राणी है। इन कड़ियों में कुछेक पर उसे पूरा भरोसा होता है कि यह कड़ियां उसका मन माफिक साथ देंगी 'भरोसा यानि विश्वास'। हर इंसान जीवन में किसी न किसी व्यक्ति पर अत्याधिक विश्वास करता है। चाहे वह अपना हो या पराया। यानि कोई भरोसा तोड़ दे तो आघात अवश्य लगता है। भरोसा तोड़ना मतलब आघात पहुंचाना, फिर यह आघात शारीरिक, मानसिक व सामाजिक रूप से उस व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है।



लेखक : डॉ. हंसराज ठाकुर
गांव बग्गी, जिला मंडी

यदि इस दुनिया का हर इंसान अच्छा, व्यवहारिक व विश्वसनीय होता तो यही दुनिया स्वर्ग कहलाती है, मगर प्रकृति में हर जगह विविधता व्याप्त है, जिससे इंसान अनभिज्ञ होता है और इसका सामना करने पर यदि परिणाम उसके अनुरूप न हो तो वह दुखी हो जाता है। आज के सामाजिक परिवेश में माता-पिता और बच्चों के बीच में भरोसे का टूटना वर्तमान दौर की एक गंभीर व जटिल समस्या बनती जा रही है। हालांकि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे संवाद की कमी, माता-पिता व बच्चों के बीच खुलकर बातचीत न होना, इस रिश्ते के भरोसे में दरार डाल सकता है। यह द्विपक्षीय पहलू है, कई बार बच्चे अपनी बातें माता-पिता को किसी कारणवश नहीं बता पाते और कई बार माता - पिता उन्हें नहीं समझ पाते हैं।

**अत्यधिक अपेक्षाएं :** कभी कभी माता-पिता बच्चों से बहुत अधिक अपेक्षाएँ रखते हैं द्ध आज के दौर में लगभग हर माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियार बनाना चाहते हैं। उनसे बहुत उम्मीदें लगा बैठते हैं, जिससे बच्चा दबाव महसूस करने लगता है और बातें न बताने तथा झूठ बोलने की कोशिश करने लगता है।

**तकनीक व सोशल मीडिया का प्रभाव :** आज हर घर, हर माता-पिता व हर बच्चे के पास मोबाइल फोन है। बच्चों के पास स्वतंत्र रूप से मोबाइल फोन का होना, उसकी दुनिया में जहर घोलता जा रहा है। माता-पिता को अपने बच्चे के हाथ में मोबाइल होने से खुश होने की बजाए ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता होती है। आज इंटरनेट व सोशल मीडिया ने बच्चों को भ्रमित कर दिया है। यदि माता-पिता इसे नहीं समझ पा रहे हैं और इन सब घटनाक्रमों से दूर रहते हैं तो उनके बीच की दूरी का बढ़ना निश्चित है।

**न्याय का अभाव :** जब माता-पिता बच्चों की बाते सुने बिना, उन्हें डांटतेया सजा देते हैं तो बच्चे उन्हे अपना पक्ष बताने से गुरेज करने लग जाते है। बच्चों को हर कार्य, माता-पिता व गुरुजनों से सलाह-मशबरा करने के बाद ही करना चाहिए। उनके पास जीवन जीने का अनुभव होता है और यह तीनों पक्ष कभी गलत मशबरा नहीं देते। इससे भी रिश्ते का भरोसा बना रह सकता है।

**अविश्वास की भावना :** हर एक बात पर शक करना या बच्चों की हर गतिविधि को संदेह से देखना, माता-पिता व बच्चों के रिश्ते में दूरी ला सकता है, परंतु रिश्ते की सार्थकता के लिए बच्चों का विश्वसनीय होना भी जरूरी है।

**समय की कमी :** यह भी एक महत्वपूर्ण कारक बन जाता है कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में माता-पिता अक्सर बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, जिससे भावनात्मक दूरी बढ़ जाती है। ऐसी परिस्थिति में बच्चों को अपने अध्यापकों का सहारा भी लेना चाहिए। हो सकता है कि उनका सहारा बच्चों को सबल प्रदान करें। इसलिए माता-पिता व गुरुजनों का दर्जा सर्वोपरि होता है।

यदि ये तीनों विमुख हो जाएं तो हर बच्चा रिश्ते कि कड़वाहट महसूस करने लगता है और अपने भावनात्मक रिश्ते से दूर अंधकारमयी एकाकी जीवन की ओर जाने लगता है। दोनों पक्षों को इस संदर्भ में बातचीत करनी चाहिए, क्योंकि दुनिया की भीषण से भीषण परिस्थितियों में वार्ता ही एक मात्र हल लेकर आती है।



**निदानात्मक उपाय :** बच्चों के साथ खुलकर प्रेम पूर्वक और बिना डर के माहौल में संवाद करते रहें। बच्चों को सुने और समझने की कोशिश करें, बच्चे भी माता-पिता से अपने मन की बात बेझिजक करें तो प्रणाम हो सकते हैं। बच्चों को निर्णय लेने की आजादी दें और गलती करने पर सीखने का मौका दें। माता-पिता की आवश्यक व कारगर सलाह बच्चों को अवश्य माननी चाहिए, यदि भी सचमुच अपने जीवन में कुछ करना चाहते हैं। भरोसे की नीव धीरे-धीरे बनती है, उसे समय और देखभाल की जरूरत होती है क्योंकि बच्चे छोटे होते हैं। अत: माता-पिता को ही इस भरोसे की जड़ें अपने प्रेमपूर्वक व्यवहार से मजबूत करनी चाहिए। कई बार जो कार्य डर या गुस्सा नहीं करवा पाता, वह कार्य प्रेमपूर्वक आग्रह करवा देता है। आज की इस आधुनिक व भौतिक संसाधनों के मोहमाया वाले युग में अनेक माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनीयर बनाने की चाह में अपना सर्वस्व लुटा देते हैं और बच्चे पढ़ लिखकर अच्छा पैकज पाने विदेशों में चले जाते हैं। निशित रूप से उनके माता-पिता को बच्चों की उपलब्धि पर खुशी होती है, मगर बच्चों को भी अपने माता-पिता के प्रति, गहरे रिश्ते व इंसानियत के फर्ज को नहीं भूलना चाहिए। माता-पिता अपना पूरा जीवन, जिन बच्चों की भविष्य को संभालने में लगा देते हैं, कई बार वही बच्चे विदेशों में जाकर अपने मूल व चेतन को भूलकर भौतिकवाद की चकाचौंध में इस रिश्ते को तार-तार कर देते हैं। इस दुनिया में शौहरत व दौलत कमाने की चाह रखने वाले बच्चों को अपने माता-पिता का योगदान कभी नहीं भूलना चाहिए। हम भले ही माता-पिता के आशीर्वाद से कितने ही पढ़े लिखे क्यों न बन जाएं, मगर उनकी जिंदगी का तजुर्बा हम कहीं से खरीदकर नहीं ला सकते। माता-पिता अपने बच्चों के लिए कभी कमी नहीं करते। खुद भूखे रह सकते हैं, बच्चों को भूखा नहीं रख सकते।

खुद कष्ट झेल सकते हैं, मगर अपने बच्चों को सदैव कष्ट से बचाने की ईमानदार कोशिश करते हैं। बच्चों को भी अपने माता-पिता के भरोसे को अपना अच्छा वक्त आने पर अधिक मजबूत करना चाहिए, तभी इंसान सच में सबसे बुद्धिमान प्राणी कहलाने योग्य बन पाएगा, वरना माता-पिता को सहारे के समय भरोसा तोड़ने वाली संतान को भी अपने बुढ़ापे की समय ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शब्दों में ताकत होती है। दूसरों के जीवन में बबूल के पेड़ बोने वाले, कभी खुद के जीवन में आम के पेड़ होने की उम्मीद न रखें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पत्रकारों पर लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका के बारे में कहा था कि पत्रकारों पर लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अखंडता के संदर्भ में पत्रकारिता की भूमिका की बात करें तो लोकतंत्र के अन्य स्तंभों के मुकाबले प्रेस की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्वभर में भारत की प्रतिष्ठा के जो तीन प्रमुख कारण माने गए हैं, वे हैं जागरूक मतदाता, स्वतंत्र न्यायपालिका व स्वतंत्र प्रेस।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए ही कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने का अथवा उसे जागृत करने के लिए जन संचार का सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे।

प्रेस को जनता की अंगुली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वत: ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।

प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, 'प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं व विचारों को समझना और उन्हें सही ढंग से व्यक्त करना है, जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।' वैसे भारत-पाकिस्तान युद्ध का उल्लेख करें अथवा भारत-चीन लड़ाई का या अन्य चुनौतीपूर्ण अवसरों का, प्रेस ने ऐसे हर अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत न होगा कि हिंदी पत्रकारिता का स्थान इसमें सर्वोपरि रहा है।

चाहे हिंदी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिंदी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, उनका देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं विकास की दिशा में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

हिंदी पत्रकारिता के 199 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किंतु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिंदी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिंदी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किंतु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिंदी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिंदी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिंदी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई, 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल ने प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदन्त मार्तंड के प्रकाशन के साथ हुई थी। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे।




उदंत मार्तंड की स्मृति में ही हर साल हिंदी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाता है। उदन्त मार्तंड के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिंदी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में सामने आए किंतु लंबे समय तक नहीं चल पाए। फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिलकुल बदल चुकी हैं और हिंदी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है। किंतु अच्छी बात यह है कि आज भी हिंदी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। हालांकि आज के पूर्ण व्यावसायिकता के दौर में पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा, क्योंकि इस पेशे से जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाना अनिवार्य होता गया है, लेकिन व्यावसायिकता के इस दौर में भी इसे एक उद्योग-धंधे के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के चलते पत्रकारिता के मानदंडों को ताक पर रखने की प्रवृति से तो हर हाल में बचना ही चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज करने पर जताया विरोध

अनंत ज्ञान, सरकाघाट


पुलिस से बातचीत करते हुए भूपेंद्र।

हिमाचल किसान सभा, एनएच प्रभावित संघर्ष समिति, नागरिक सभा सरकाघाट और व्यापार मंडल चोलथरा तथा परसदा हवानी, सरोंह, जमसाई की एनएच प्रभावित परिवारों ने दो दिन पहले दमसेहड़ा में निर्माण कंपनी और सरकाघाट प्रशासन के खिलाफ हुए प्रदर्शन में भाग लेने वालों पर मुकदमा दर्ज करने बारे मिली जानकारी का कड़ा विरोध किया है और इसके लिए एसडीएम और पुलिस प्रशासन की कड़ी निंदा की है।

किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा एनएच प्रभावित संघर्ष समिति के पूर्ण चंद पराशर, अमृत लाल, बृज लाल परसदा ग्राम पंचायत की प्रधान सरिता देवी उप प्रधान लश्करी राम प्रभावित जगदीश चंद, सोहन सिंह सहित पांच दर्जन लोगों ने प्रशासन की कड़ी निंदा की है। ग्रामीणों ने एसडीएम सरकाघाट को कई बार मांगपत्र दिए जिसके तहत 2 मई धर्मपुर 20 मई सरकाघाट में स्मरण पत्र दिए थे और वर्षा ऋतु में घर के गिरने की आशंका जताई थी, लेकिन एसडीएम और कंपनी ने कोई कदम नहीं उठाया और फिर उन्होंने पूर्व जिला पार्षद व किसान सभा के संयोजक भूपेंद्र सिंह के माध्यम से 26 मई को लिखित रूप में एसडीएम, डीएसपी और थाना प्रभारी सरकाघाट को 27 मई के परसदा में प्रदर्शन की सूचना दी थी, लेकिन सूचना देने के बाद भी 27 मई को सरकाघाट प्रशासन और पुलिस का कोई कर्मचारी तीन घंटे तक प्रदर्शन स्थल पर नहीं था और उसके बाद तहसीलदार वहां आए लेकिन वे किन्हीं की सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए उन्होंने लिखित में देने में असमर्थता जताई। सरकाघाट की एसडीएम और पुलिस प्रशासन के न पहुंचने का सीधा सा अर्थ ये है कि वे जनता को पेश आ रही समस्याओं को तो नजरअंदाज करते हैं, लेकिन उल्टा पुलिस और डीएसपी ने प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज कर दिया है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वे सरकाघाट प्रशासन व पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की निंदा करते हैं और केस खारिज करने की मांग करते हैं और यदि ऐसा नहीं किया तो एनएच प्रभावित लोग प्रदर्शन करेंगे और न्यायलय में भी मामला दर्ज करवाएंगे। उधर 30 मई को चोलथरा व्यापार मंडल, सर्वोदय जनकल्याण सभा और प्रभावित परिवार चोलथरा में भी कंपनी और प्रशासन के खिलाफ वसड़क पर प्रदर्शन करेंगे।

# महाराणा प्रताप का जीवन प्रेरणास्रोत: इंद्र सिंह



गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर। बल्ह उपमंडल के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि महाराणा प्रताप जी को वीरता, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा और वीर शिरोमणि थे, जिन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। विधायक ने कहा कि उन्होंने आत्मसम्मान और मातृभूमि की रक्षा के लिए सब कुछ खो दिया, लेकिन कभी सिर नहीं झुकाया।

# राष्ट्रभक्ति की मिसाल महाराणा प्रताप: राकेश

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

वीरता, आत्मबलिदान और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती सुंदरनगर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के महाराणा प्रताप चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई।

सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, सभी पार्षदों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विधायक राकेश ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक क्षेत्र विशेष के शासक नहीं थे, बल्कि वे पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि की रक्षा हेतु जो अदम्य साहस और त्याग का परिचय दिया, वह भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक राकेश जम्वाल व साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### निकास रणनीतियों पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में हिमाचल प्रदेश वन पारिस्थितिकी तंत्र जलवायु अनुकुलन परियोजना के तहत डीपीएमयू धर्मशाला के प्रतिभागीयों और वन विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए निकास रणनीतियों पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण को संपन्न किया गया। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागीयों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इसमें स्थाई आजीविका के अवसर स्वयं सहायता समूहों का सुदृढ़करण संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की वन अग्नि प्रबंधन तथा वन संसाधनों के संरक्षण में भूमिका व जिम्मेदारियों के प्रमुख रूप से शामिल रहे। वहीं एक्सपोजर विजिट के लिए प्रतिभागीयों को सुकेत व कुल्लू वन मंडल का दौरा करवाया गया। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक सुभाष चंद पराशर, भारतीय वन सेवा व संयुक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, भारतीय वन सेवा, उपनिदेशक पियूष शर्माव अन्य उपस्थित रहे।

### महादेव में पेयजल एवं सिंचाई के पानी का रिसाव



**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** एक ओर जहां पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है वहीं मंडी जिला के एक बड़े भाग में पेयजल एवं सिंचाई के पानी का रिसाव कई वर्षों से हो रहा है ऐसे में जल शक्ति विभाग आदि द्वारा बड़े पैमाने पर सुधार को लेकर गंभीरता न दिखाए जाने से पानी की खूब बर्बादी हो रही है। गर्मी के मौसम के चलते नाचन विधानसभा क्षेत्र भी कुछ ऐसा ही हाल- बेहाल बयान कर रहा है। जलापूर्ति की बात करते चलें तो ग्राम पंचायत महादेव में भी जगह जगह पेयजल एवं सिंचाई के पानी का खूब रिसाव हो रहा है जिससे पिछले कुछ वर्षों से इस रिसाव ने तेजी पकड़ ली है और संबंधित को इस मामले में कई बार अवगत करवाने के बावजूद भी इस दिशा में अभी तक किसी किस्म की सुधारात्मक कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा सकी है । लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि पानी के रिसाव को बंद करवाने सहित सिंचाई सुविधा देने को लेकर किसानों की बैठक बुलाकर पारदर्शिता बरते ।

### जागरूकता शिविर दोबारा लगाने की उठाई मांग

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** पूर्व डीएलसी सदस्य एवं ग्राम पंचायत सुधराणी के उपप्रधान संत राम ने 26 मई व 28 मई की बालीचौकी में वन अधिकार कानून 2006 के तहत आयोजित जागरुकता शिविरों को दोबारा आयोजित करने की मांग की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे एक शिकायत पत्र में संतराम का कहना है कि इन जागरूकता शिविरों में स्त्रोत व्यक्ति के रूप मे कार्यवाहक एसडीएम निधि सकलानी ने शिविर में भाग ले रहे लोगों को न केवल आधी-अधूरी जानकारी दी बल्कि कानून की गलत व्याख्या कर लोगों को भ्रम में रखा। संत राम ने कहा की इन शिविरों में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में उन्हीं लोगों को नियुक्त किया जाए जो कानून की कानून सम्मत व्याख्या करें। उन्होंने कहा कि पूरे उपमंडल में दोबारा से इन शिविरों का आयोजन किया जाए। शिकायत पत्र की प्रतिलिपि वन मंत्री जगत सिंह नेगी, सयुंक्त सचिव जन जातीय विकास हिमाचल प्रदेश और जिलाधीश मंडी को भी प्रेषित की गई है।

### श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का होगा स्वागत

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भगवान श्रीसत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में निकाली जा रही 'प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा' आगामी 1 जून को जोगिंद्रनगर पहुंचेगी। यात्रा के भव्य स्वागत और आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को सनातन धर्म मंदिर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रीसत्य साईं सेवा समिति जोगिंद्रनगर यूनिट सहित नगर के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्षा गीतू सूद ने की तथा रथ यात्रा की रूपरेखा और कार्यक्रमों की जानकारी दी। रथ यात्रा 1 जून को प्रातः 11 बजे नगर के प्रवेश द्वार गुरुद्वारा सिंह सभा के समीप पहुंचेगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण, पारंपरिक वाद्ययंत्र, पुष्प वर्षा और श्रद्धालुओं के जयघोष के साथ रथ यात्रा का स्वागत किया जाएगा। रविवार सायं रामलीला मैदान में बाल विकास कार्यक्रम के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 2 जून सोमवार को प्रातः प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसके पश्चात 9 बजे बाबा की प्रातःकालीन आरती उतारी जाएगी। सुबह 10 बजे रामलीला मैदान से भव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी । श्रीसत्य साईं सेवा समिति की अध्यक्षा गीतू सूद ने नगरवासियों से दिव्य रथ यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### पंडोह डैम में लापता महिला का मिला शव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंडोह डैम में मीरा देवी पत्नी लूथर चंद गांव हुरला थरास उम्र 55 वर्ष का शव मिला है। स्थानीय पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल मंडी में ले जाया गया है। परिवार का कहना है कि कुछ दिन पहले ये महिला घास काटने गई थी उसके बाद लापता हो गई थी। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट इनके परिवार के द्वारा भुंतर थाने में करवाई गई थी।

### वार्षिक सम्मेलन में दोहराया मानव सेवा का संकल्प

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कोई भी गरीब मेधावी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे, जरूरतमंद व्यक्ति दवाओं के अभाव में अपनी जान न गंवाए और बेसहारा पशुओं को भी सेवा मिले-इन्हीं उद्देश्यों के साथ वर्षों से समर्पित रूप से कार्य कर रही सामाजिक संस्था 'सेवा संकल्प समिति' का वार्षिक अधिवेशन सरकाघाट मंदिर सराय में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त जज वाली राम चंदेल ने की, जबकि शिव मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण गिरी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। बैठक का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे स्थानीय विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया।समिति के महासचिव राकेश पंकज ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए समिति की उपलब्धियों का लेखा-जोखा विस्तार से दिया। वहीं मुख्यातिथि श्री वाली राम चंदेल ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मानवता की सेवा करना ही सच्ची ईश्वर सेवा है।

लड़कों में भांबला व लड़कियों में कोट हटली टीम विजयी

### जिला स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बॉल बैडमिंटन संघ मंडी द्वारा नबाही स्थित बॉल बैडमिंटन ग्राउंड में दूसरी जिला स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संघ के प्रधान बीएल गोयल और महासचिव केसी ठाकुर ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। लड़कों में भांबला व लड़कियों में कोट हटली टीम विजयी रही। प्रतियोगिता के दौरान चयनित लड़के और लड़कियों की एक-एक टीम टिक्करी सिध्यानी में 2 जून से 3 जून तक आयोजित होने वाली चौथी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से पहले 30 मई से 1 जून तक वहीं पर कोचिंग कैंप भी आयोजित किया जाएगा।

# सरौन पंचायत में 10 दिन से पानी की भारी किल्लत

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरौन पंचायत के थड्डू व सरौन वार्ड में पढ़ने वाले स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा वार्ड के लोगों को पिछले करीब 10 दिनों से पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है।

गौरतलब है कि विकासखंड धर्मपुर में सरौन एकमात्र ऐसी पंचायत है, जो पंचायत को पानी का बिल भरते हैं, लेकिन इसके पेयजल आपूर्ति करवाने में पंचायत असमर्थ है। पंचायत प्रतिनिधियों को पूछने पर एनएच द्वारा किए जा रहे काम का बहाना लगाकर कहा जा रहा है की कंपनी वाले पाइप तोड़ रहे हैं।


खाली बाल्टियों के साथ स्कूली बच्चे।

**स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही भारी दिक्कतें**

**हैंडपंपों से बड़ी मुश्किल से चलाया जा रहा है काम**

### लोगों को पानी की बनी गंभीर समस्या

**क्षेत्र** के अनिल कुमार, प्रताप सिंह, स्कूल की प्रधानाचार्य लता पठानिया, संजीव कुमार, राजकुमार, विमल कुमार तथा संतोष कुमार सहित अन्य कई लोगों ने बताया कि पानी की समस्या ग्रामीणों के लिए गंभीर बन गई है। पंचायत प्रतिनिधि और विभाग को पूछे तो यह बहाना लगाया जा रहा है कि एनएच वाले पाइपें तोड़ रहे हैं। यदि एनएच वाले पाइपें तोड़ रहे हैं तो उन्होंने कांटेक्ट के समय एमओयू साइन किया है, यदि वे पाइपें तोड़ रहे हैं तो साथ पाइपें जोड़े। लोगों ने बताया कि यह समस्या स्कूली बच्चों के लिए आफत बनकर बन गई है। कभी हैंडपंप से पानी भरा जा रहा है जिसे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। यही नहीं ग्रामीणों को माल मवेशियों के लिए भी पानी की समस्या सामने आ रही है।

लोगों की पानी की समस्या बेहद गंभीर है, इस संबंधी जल्द ही स्थिति का जायजा लिया जाएगा।
-डीपी गुप्ता, सहायक अभियंता उपमंडल, टिहरा।

एनएच और आईपीएस विभाग से जवाब तलब करने की बात कही और तुरंत समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।
-स्वाति डोगरा, एसडीएम सरकाघाट।

# लैब कर्मचारियों को मिले सुरक्षा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जोनल अस्पताल मंडी में वार्ड में दाखिल मरीजों के सैंपल लेना व लेबलिंग करना स्टॉफ नर्सों का काम है, लेकिन स्टॉफ नर्से सैंपल लेने से मना करती है। जबकि वार्डों में दाखिल मरीजों के सैंपल लेना व लेवलिंग करना इनके जॉब फोफाइल में समलित है।

नर्सों के द्वारा वार्ड में सैंपल न लेने की वजह से लैब-कर्मचारियों को वार्ड में दाखिल मरीजों के तिमारदारों के द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है तथा कर्मचारियों को धमकियां तक दी जा रही है।

लैब कर्मचारियों पर लोगों का बहुत ज्यादा दबाव रहता है। लैब कर्मचारी अपना कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कर रहे है। अस्पताल प्रशासन को चाहिए की जो काम जिस केटेगिरी का है उसको शक्त आदेश निकाले। सभी केटेगिरी के कर्मचारी अपना काम ईमानदारी से करें। हिप्र स्वास्थ्य विभाग लैब टेक्नीशियन संघ प्रदेश इकाई के कानूनी सलाहकार एवं मंडी जिला लैब टेक्नीशियन संघ के प्रधान अमरजीत ने अस्पताल प्रशासन मंडी से आग्रह किया है कि लैब में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए, ताकि लैब कर्मचारी निर्भर होकर लैब का काम कर सके। जिस किसी ने लैब कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किया है उसके खिलाफ अस्पताल प्रशासन कार्रवाई करे।

# निरंकारी गुरु की शिक्षा से जाना जा सकता है परमात्मा को : पवन


नौगांव में सत्संग के दौरान मौजूद लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

निरंकारी गुरु की शिक्षा से प्रभु पिता परमात्मा को जाना जा सकता है। भक्त परिवार में रहकर प्यार नम्रता और सत्कार से जीवन जीने का नाम है, बच्चों ने अपने माता-पिता का सत्कार करना है।

नौगांव में साध संगत को संबोधित करते हुए प्रचार टूर में आए चंडीगढ़ से पवन कुमार ने जोन नं. 6 के समागम में अपने विचारों में कहा कि सुनते आ रहे हैं धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, यह प्रार्थनाओं से नहीं बल्कि क्रियात्मक रूप से होगा जैसे दया धर्म का मूल है पाप मूल अभिमान तुलसी दया न छोड़िए जब लग्न में प्रेम धर्म की जय के लिए दया को अपनाना होगा।

भगवान राम ने वशिष्ठ मुनि की शरण ली तभी कबीर दास ने कहा गुरु गोविंद दोनों खड़े काको लागे पे बलिहारी गुरु आपने किस गोविंद देव मिले। आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंकारी राजापिता जी जन-जन तक यही संदेश दे रहे हैं कि अपने मूल को समझ सके अर्थात प्रभु प्राप्ति करके धर्म की जय की बजाय धर्म का अनुकरण करें।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म का लक्ष्य प्रभु पिता परमात्मा की प्राप्ति है, प्रभु पिता परमात्मा की प्रति पूर्ण सद्‌गुरु की कृपा से हो सकती है युगों युगों से गुरु पीर पैगंबर मनुष्य यही संदेश देते आए आज भी यही संदेश दिया जा रहा है की प्रभु की पहचान कर ले और प्रभु की पहचान की जा सकती है। इस संत समागम में लाहौल-स्पीति जिला कुल्लू जिला मंडी बिलासपुर के महात्माओं ने भी संत समागम में शिरकत की । जोनल इंचार्ज डॉ. रामकृष्ण अभिलाषी ने आई साध संगत का धन्यवाद किया।

# गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत ट्रैफिक लाइट चौक चतरोखड़ी के पास एक बाइक को गाड़ी ने टक्कर मारने का मामला सामने आया है। इस कारण बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता राहुल मंढोत्रा (26) पुत्र मनोज कुमार मंडोत्रा निवासी गांव सनोह डाकघर चतरोखड़ी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने ब्यान दिया है कि जब वह एमएलएसएम कॉलेज से खाना खाने के लिए अपने दोस्त मोहित शर्मा के साथ बाइक नंबर एचपी-31सी-3028 पर सवार होकर पुराने बस स्टैंड सुंदरनगर की ओर जा रहे तो इसी दौरान ट्रैफिक लाइट चौक चतरोखड़ी के पास एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। कार चला रहे युवक की पहचान आबिद खान (28) पुत्र रजाक खान निवासी गांव घाड़ा डाकघर चतरोखड़ी तहसील सुंदरनगर के रूप में की गई है। थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पेंशनरों में बकाया राशि न मिलने पर रोष

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिम आंचल पेंशनर संघ बल्ह खंड इकाई की मासिक बैठक खंड प्रधान मंगत राम चौधरी की अध्यक्षता में वीरवार को डडौर, नेरचौक में हुई। बैठक का संचालन महासचिव जय राम नायक ने किया। उन्होंने सदस्यों को संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। पदाधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध करवाकर सत्र 2025-27 के लिए उन्हें पुनः दायित्व सौंपे जाने के लिए आभार जताया। बैठक में पेंशनरों की मांगों और समस्याओं पर मंथन किया गया। वक्ताओं ने सरकार की ओर से पेंशन संशोधन की बकाया राशि का भुगतान न किए जाने पर कड़ा संज्ञान लिया।

# आधुनिक खेती से मिलेगी नई दिशा: चंद्रशेखर

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर ।** जिला मंडी के विकास खंड धर्मपुर में वीरवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का हॉर्टिकल्चर एक्सीलेंस सैंटर सिद्धपुर में सफल आयोजन किया गया, इसमें स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में चंद्रशेखर ने हरी झंडी देकर मंडी जिला में 'विकसित कृषि संकल्प' अभियान का आगाज किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं बागवानों को आधुनिक कृषि, बागवानी एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार में जानकारी प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं सतत कृषि विकास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के प्रभारी डॉ. पंकज सूद , जिला मंडी के उपनिदेशक कृषि एवं उपनिदेशक बागवानी सिद्धपुर ,परियोजना निदेशक व उप परियोजना निदेशक आत्मा मंडी, विषय वाद विशेषज्ञ कृषि व बागवानी धर्मपुर और आत्मा स्टाफ धर्मपुर के अधिकारीगण तथा क्षेत्र के कृषक व बागवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि विभाग की इस पहल से सभी विभागों के अधिकारी एकजुट होकर किसानों से संवाद कर समस्याओं का निदान कर रहे है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया व यहां के क्षेत्र के अनुरूप फसल पद्धति जैसे कि हल्दी की खेती अपनाने के लिए आगे आने को कहा है।

चंद्रशेखर ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के बारे में भी प्रकाश डाला और कहा कि क्षेत्र के किसान इन योजनाओं से अपनी आर्थिकी सुधार सकते हैं। खास तौर पर उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से भी आह्वान किया है कि युवा न्यूनतम प्रौद्योगिकी को अपनाकर कृषि को एक उद्यम के रूम में अपनी पहचान बना सकते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

माण्डव्य कला मंच मंडी द्वारा बुधवार को इंदिरा मर्केट परिसर में 'एक देश-एक धड़कन' पर आधारित देश भक्ति और राष्ट्रीय एकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।


गणमान्यों को सम्मनित करते हुए।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि नगर निगम के महापौर वीरेंद्र शर्मा भट्ट जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनुपमा सिंह फॉर्मर प्रो. वॉइस चांसलर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी और विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश कुमार ठाकुर चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर मंडी उपस्थित रहे। इन सभी को संस्था के प्रधान कुलदीप गुलेरिया द्वारा पदाधिकारी ने टोपी साल और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

सर्वप्रथम दिनेश गुप्ता की शिव वन्दना के बाद माण्डव्य कला मंच के कलाकारों ने देशभक्ति गीत पेश किए । वहीं कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए वीर सैनिकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा, मनोनीत पार्षद संजय शर्मा, पार्षद नितिन भाटिया, जिला भाषा एवं संस्कृति अधिकारी रेवती सैनी, सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष रनपत राणा, धर्म संघ मंडी के प्रधान वीसी सरोच, सिटीजन कौंसिल के महासचिव हरीश वैद्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जोड़न में दो भाइयों के मकान जले, तीन लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

जोड़न पंचायत के जोड़न रिढा में बुधवार रात को करीब साढ़े बारह बजे दो भाइयों केशव राम पुत्र परमा राम व ओंकार सिंह पुत्र ओंकार सिंह के रिहायशी मकान अचानक आग की भेंट चढ़ गए जिससे दोनों भाइयों का करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है ।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात अचानक दोनों भाइयों के रिहायशी मकानों में आग की लपटें निकलने लगी पूरा गांव आग बुझाने में जुट गया तथा इसकी सूचना धर्मपुर पुलिस और दमकल विभाग को भी दी गई। धर्मपुर पुलिस और दमकल कर्मी भी तुरंत मौके पर जा पहुंचे लेकिन तब तक आग अपना रौद्र रूप दिखा चुकी थी। धर्मपुर पुलिस ने मौके पर जाकर पीड़ितों के बयान दर्ज किए जिसमें पाया गया कि आग लगने का कारण गैस सिलेंडर का रिसाव या फिर बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ हो सकता है। एसडीएम स्वाती डोगरा ने कहा कि नुकसान का जायजा लेने के लिए नायब तहसीलदार टिहरा और पटवारी हल्का को लेकर मौके पर रवाना हो चुके है, जल्द ही मुआवजा राशि दी जाएगी।

# बलद्वाड़ा कॉलेज में प्रवेश पहली जून से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में नए शिक्षा सत्र 2025-2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से शुरू होगी। इसमें विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषयों में स्नातक करने वाले विद्यार्थी ऑनलाइन दाखिला फार्म भर सकते हैं। प्रेस प्रभारी डॉ. प्यार चंद ने बताया कि कॉलेज का पोर्टल 1 जून से सभी विद्यार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा। विद्यार्थी पोर्टल पर जाकर अपनी रुचि के विषयों का चयन कर प्रवेश फार्म भर सकते हैं। प्रवेश फार्म भरने के लिए बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड आदि दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

**सुरक्षा** | वन संसाधनों के संरक्षण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी वन मित्र योजना

# युवतियों ने उठाया वन संपदा की रक्षा का बीड़ा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** वन संसाधनों के प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भूमिका सुनिश्चित करने व वानिकी कार्यों से युवाओं को जोड़ने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने महत्वकांक्षी वन मित्र योजना आरम्भ की है। स्थानीय युवाओं को न केवल घर के समीप आजीविका के साधन उपलब्ध हो रहे हैं अपितु वन क्षेत्र को संरक्षित करने में उनका योगदान भी सुनिश्चित हुआ है।

मंडी वन वृत्त में योजना के तहत 309 वन मित्र रखे गए हैं। इनमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग की 188 युवतियां एवं 121 युवक शामिल हैं। वन मित्रों के रूप में युवतियों की प्रभावी सहभागिता सामने आई है जो प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण की नीति को भी सार्थक करती है। करसोग क्षेत्र के शंकर देहरा की रहने वाली प्रशिक्षु वन मित्र आकांक्षा ने बताया कि उन्हें चुनौतियां पसंद हैं। जब वन मित्र योजना के बारे में पता चला तो उन्होंने वनों की सुरक्षा की चुनौती सहज स्वीकार कर ली। आकांक्षा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें चुनौतियों से पार पाते हुए जंगल की रक्षा करने, नर्सरी प्रबंधन, पौधरोपण इत्यादि के बारे में गहन जानकारी प्रदान की जा रही है।

### जिम्मेदारी पाकर खुश

**प्रशिक्षु** प्रियंका ने बताया कि वह पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। वनों को आग से बचाने सहित वन प्रबंधन से जुड़े अन्य कार्यों में सहयोग देने के लिए वे तत्पर हैं। पांगणा रेंज के प्रशिक्षु वन मित्र गुलशन प्रेमी ने बताया कि जंगलों को बचाने की जिम्मेदारी पाकर वह खुश हैं। फायर सीजन में वन संपदा को अकसर नुकसान होता है, मगर युवा पीढ़ी वन मित्र के रूप में इस अमूल्य संपदा को बचाने में अपना पूर्ण सहयोग देगी।

### वन विभाग के सभी कार्यों से जुड़ेंगे वन मित्र

**वन** मित्र वर्षभर वन विभाग के सभी वानिकी कार्यों से जुड़े रहेंगे, जिसमें अग्नि सुरक्षा, वृक्षारोपण कार्य, राल दोहन और बचाव कार्य आदि शामिल हैं। इन्हें अपने गृह क्षेत्र अथवा पड़ोसी वन क्षेत्र में तैनात करने का प्रावधान है। ग्राम पंचायतों, महिला व युवक मंडलों, पूर्व सैनिकों के निकायों, ग्राम वन विकास समितियों, अन्य समुदाय आधारित संगठनों, शैक्षिक संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों जैसी जमीनी स्तर की संस्थाओं की भागीदारी में भी यह सहायता करेंगे।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के अवसर पर सुंदरनगर के प्रताप चौक पर राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश एवं राजपूत सभा जिला मंडी की ओर से विशेष हवन, पूजा व शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया।

इस दौरान पंजाब के भूतपूर्व राजपूत कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैप्टन रणवीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में अपने साथ अंतरराष्ट्रीय राजपूत वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जितेंद्र व महासचिव अनिल के साथ सम्मिलित हुए। राजपूत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के एस.जम्वाल, लुणापानी ईकाई के प्रधान रविंद्र सिंह गुलेरिया तथा सभी प्रमुख वक्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाओं को याद कर श्रद्धांजलि हेतू सम्मान प्रकट किया।

# व्यापारियों में गहराया असुरक्षा का भाव

## गगरेट बाजार में हार्डवेयर की दुकान पर 35 हजार की नकदी ले उड़े चोर


दुकान की जांच करती पुलिस की टीम।

संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान

**पंजावर।** गगरेट के मुख्य बाजार में बीती रात एक हार्डवेयर दुकान में हुई चोरी की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। अज्ञात चोर दुकान का मुख्य ताला तोड़कर 35,000 रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। यह दुकान गगरेट चौक से लगभग 50 मीटर की दूरी पर दौलतपुर रोड की ओर स्थित है, जिसे वर्षों से विशाल बंसल पुत्र अर्जुन सिंह, निवासी अंबोटा, तहसील घनारी, जिला ऊना संचालित कर रहे हैं।

घटना के अनुसार, 28 मई की रात लगभग 8:30 बजे विशाल बंसल ने रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए। अगली सुबह जब उनका बेटा दुकान खोलने पहुंचा, तो ताला टूटा पाया। सूचना देने पर बंसल ने तुरंत दुकान पहुंचकर पाया कि कैश ड्रॉअर से 35,000 रुपए की नकदी गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी। बंसल ने थाना गगरेट में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की गहन जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी व चोरी गई राशि की बरामदगी की मांग की। गगरेट व्यापार मंडल के प्रधान शुभम पुरी व उप- प्रधान अरविंद चक्रवर्ती द्वारा बोला गया कि गगरेट बाजार में पिछले कुछ समय से इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे व्यापारियों में भय और असुरक्षा का वातावरण गहराता जा रहा है।

स्थानीय व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन से बाजार में गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी व्यवस्था मजबूत करने और शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में व्याप्त अपराध प्रवृत्तियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

अंब की डीएसपी वसुधा सूद ने बताया कि गगरेट क्षेत्र में हार्डवेयर की दुकान में चोरी की शिकायत प्राप्त हुई है, सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, अगामी कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही हैं और इलाका में संधिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। सुराग लगते ही संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सरोह स्कूल में ओपन वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

# युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेलें जरूरी : विवेक


वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाले सीसे सरोह स्कूल के खेल मैदान में खेल प्रेम रेलवे से सेवानिवृत्त राजकुमार द्वारा एकदिवसीय ओपन वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक विवेक शर्मा ने मुख्य तिथि शिरकत करके किया।

प्रतियोगिता में कुल दस टीमें भाग ले रही हैं, जो कि क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं के उत्साह को दर्शाता है। उद्घाटन अवसर पर भारी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय नागरिक एवं स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि खेलों की ओर अग्रसर हो तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। विधायक विवेक शर्मा ने एक और बड़ी उपलब्धि बताते हुए बताया कि पीपलू में युवाओं की मांग पर एक भव्य खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और आयोजन समिति की ओर से विधायक का आभार व्यक्त किया गया। सरोह स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्रिंसिपल सुरेश कुमार, अमन कुमार डीपी, अनिल कुमार पीटीआई रैफरी रहे। एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार, प्रवक्ता संजय कुमार, कांग्रेस नेता अनिल कुमार मनकोटिया आदि गणमान्य मौजूद रहे।

सरोह बनाम पीपलू मैच में पीपलू विजेता बना। दूसरे मैच में हटवाना विजेता बना। ज्योलीदेवी, कोलका में ज्योलीदेवी विजेता, ऊना हॉस्टल, सेमीफाइनल के ऊना ने सरोह को दूसरा ऊना हॉस्टल बनाम पीपलू में ऊना हॉस्टल विजेता रहा। अब ऊना बनाम ऊना हॉस्टल में विजेता ट्रॉफी के लिए भिड़ंत होगी।

## अंबेहड़ा में वॉलीबाल टूर्नामेंट कल से

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।

जोल उपतहसील की पंचायत अंबेहडा धीरज में महालक्ष्मी इंडस्ट्री के तत्वावधान नेहरू युवा मंडल द्वारा दो दिवसीय मेंस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नया खेल मैदान अंबेहड़ा रामकिशन में 31 मई और एक जून को किया जा रहा है। इसका शुभारंभ रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा और रिटायर्ड सूबेदार मेजर ठाकुर दुनी चंद करेंगे। समापन अवसर पर पंडित रमेश शास्त्री एवं आचार्य शिवकुमार शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

मेंस वॉलीबाल प्रतियोगिता के प्रायोजक महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी ने कहा कि हर वर्ष खेल प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से बचाना और उनको प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि नशा आज समाज के लिए घातक साबित हो रहा है। नशे के कारण समाज में आपराधिक मामले बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए सभी का दायित्व बन जाता है कि हम सभी अपने युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें और उनको खेलों की ओर प्रेरित करें। इस प्रतियोगिता के विजेता टीम को 11000 और उपविजेता टीम को 7100 रुपए नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे।

# रोशन लाल चौधरी पेंशनर्स संघ के फिर चुने गए अध्यक्ष

### बोले- पेंशनरों की समस्याओं का नहीं हो रहा भुगतान

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल पेंशनर्स संघ खंड ऊना के चुनाव वीरवार को हुए। इसकी अध्यक्षता ऊना खंड के प्रधान रोशन लाल चौधरी ने की और वे फिर से प्रधान भी बने हैं। इस दौरान प्रदेश वित्त सचिव ओम राज कंवर और गगरेट खंड के प्रधान रामपाल शर्मा ने बतौर चुनाव पर्यवेक्षक अपनी भूमिका निभाई है।

इसके अलावा हिमाचल पेंशनर्स संघ के प्रदेश संरक्षक रमेश भारद्वाज विशेष रूप से बैठक में मौजूद रहे। सर्वसम्मति से रोशन लाल चौधरी को प्रधान, शिवकुमार धीमान को महासचिव, राजेंद्र कुमार धीमान को वरिष्ठ उपप्रधान व रामपाल शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान पेंशनरों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

राज्य वित्त सचिव ओम राज कंवर ने बताया कि पेंशनर लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष अपना पक्ष रख रहे हैं, लेकिन, हर बार आश्वासन मिलने के अलावा कुछ नहीं हो पाया है। पेंशनरों के मेडिकल बिलों का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है, जबकि, सरकार यह बयान दे रही है कि मेडिकल बिलों को लेकर सरकार ने 10 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

धरातल पर मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में पेंशनरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पेंशनरों ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वे इसको बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी पेंशनर्स एकजुट हैं तथा भविष्य में अगर सरकार पेंशनरों के हितों पर ध्यान नहीं देती है तो पेंशनर आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस मौके पर खंड ऊना के पेंशनर मौजूद रहे।

# ईको टूरिज्म पर योजना प्रगति पर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिले में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14.53 करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य जारी है। इसके तहत अंदरोली और सोहारी क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इस संदर्भ में जिलास्तरीय समिति की हाल ही में हुई बैठक में निर्णय लिया था कि 30 मई को रायपुर मैदान में सुबह 10:30 बजे एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला होगी। अब यह कार्यशाला एक जून को इसी स्थान पर होगी। कार्यशाला में भाग लेने के लिए रायपुर, बोहरू, चुल्हाड़ी, थहड़ा, मंदली, टिहरा, छपरोह, बल्ह खालसा, बल्ह, थाना कलां, धनेत, मुछाली, डोहगी, धुंदला, तनोह, लठियाणी, बुधान, ढयूंगली, हटली केसरी, बुडवार और दोबड़ ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों और जल क्रीड़ा में रुचि रखने वाले युवाओं को आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इस परियोजना से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

# समझौते के बाद उद्योग प्रबंधन और मजदूरों के बीच विवाद समाप्त


इंटक नेता, उद्योग के प्रबंधक और अन्य मामले का निपटारा करते हुए।

नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** मिडास केयर फार्मास्यूटिकल उद्योग में दो दिन से मजदूरों व उद्योग प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद उद्योग प्रबंधन व इंटक यूनियन में हुआ समझौते के बाद आंदोलन समाप्त हो गया है।

जानकरी के अनुसार बाथू के मिडास केयर में मजदूरों व मिडास के एचआर के बीच कई दिनों से तनातनी चली हुई थी। इसमें बुधवार को इंटक यूनियन व उद्योग प्रबंधन के बीच समझौता हो गया, जिसमें मुख्य रूप से भूमिका निभाने वालों में डीएसपी हरोली मोहन रावत, एसएचओ टाहलीवाल रिंकू सूर्यवंशी, बाथु पंचायत की प्रधान सुरेखा राणा, औद्योगिक संगठन से रोहित वर्मा, आरसी तनेजा, ट्रक यूनियन टाहलीवाल के प्रधान सतीश बिट्ढ, ट्रक यूनियन के पूर्व प्रधान अशोक कुमार, जिला इंटक अध्यक्ष नरेश ठाकुर, विपिन राणा की भूमिका रही।

लगभग सात घंटे बैठक के बाद लिखित रूप से फैसला किया गा। इंटक प्रधान सहित 7 मजदूर सस्पेंड किए गए हैं। 49 मजदूर आज से काम पर लौटेंगे।

# कारीगरों को दिया तकनीकी ज्ञान


विशेष प्रशिक्षण शिविर में मौजूद कारीगर और कंपनी के प्रतिनिधि।

अनंत ज्ञान, ऊना

स्थानीय निर्माण जगत में गुणवत्ता और दक्षता को नई दिशा देने के उद्देश्य से रायजादा मार्बल ऊना ने एक विशेष टाइल्स प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 36 अनुभवी मैसनों ने भाग लिया और टाइल्स से जुड़ी आधुनिक तकनीकों व ब्रांड ज्ञान के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन राजकुमार ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को टाइल्स बेसिक्स, उपयुक्त टूल्स का इस्तेमाल, कटिंग टेक्निक और लेइंग की तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे सही तकनीक और उपकरण न केवल कार्य की गुणवत्ता बढ़ाते हैं, बल्कि समय और लागत की भी बचत करते हैं।

इस दौरान एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड एजीएल ब्रांड पर केंद्रित एक विशेष सेशन भी हुआ, जिसमें कंपनी के विशेषज्ञों ने ब्रांड की विविधता, तकनीकी उत्कृष्टता और टिकाऊ उत्पादों के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में यह भी बताया गया कि एजीएल कैसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिष्ठित टाइल ब्रांड के रूप में स्थापित हुआ है। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि सभी प्रतिभागी मैसनों को कंपनी की ओर से 'ट्रेंड मेसन सर्टिफिकेट' भी प्रदान किए गए, जो न केवल उनके कौशल की आधिकारिक मान्यता है, बल्कि भविष्य में उनके लिए नए व्यावसायिक अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।


इस अवसर पर रायजादा मार्बल के संचालक भूपिंदर रायजादा, एजीएल कंपनी के रीजनल सेल्स मैनेजर, एरिया सेल्स मैनेजर संजय गुलेरिया, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव विनय कुमार और अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने मैसनों से संवाद करते हुए कंपनी की नवीनतम प्रोडक्ट रेंज, गुणवत्ता मानक और ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप अपनाई जा रही रणनीतियों की जानकारी साझा की।

प्रतिभागियों ने सेमिनार को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल उन्हें नई तकनीकों से अवगत कराते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यावसायिक सम्मान भी बढ़ाते हैं। रायज़ादा मार्बल ऊना का यह प्रयास स्थानीय कारीगरों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और %कौशल भारत, सक्षम भारत% अभियान में योगदान देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# शहादत पर नौटंकी नहीं होनी चाहिए : जगतराम

अनंत ज्ञान, ऊना

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगतराम शर्मा ने कहा कि अपने देश में उन्होंने 1962, 1965,1971 व पुलवामा आदि युद्ध देखे हैं और उनकी पूरी याद है। उस समय सैनिकों के ही गुणगान किया जाते थे और कोई बातें नहीं होती थीं और अब एक राजनीतिक पार्टी के भावनात्मक मुद्दों पर काम करती है, जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी भारतीय सेना की कामयाबी है और पाकिस्तानियों के आतंकी अड्डे नष्ट किए गए।



देश में पहले भी ऐसा कई बार हुआ है। अफसोस इस बात का है कि पहलगाम की इस घटना का मोदी सरकार को भनक नहीं लगी और निहत्थे लोगों को शहीद कर दिया गया। शहीदों की शहादत पर कभी भी नौटंकी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 26 मई को शाहिद नायक दिलावर खान को मरणोपरांत कीर्ति चक्कर मिलने पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी चीफ मिनिस्टर मुकेश अग्निहोत्री थे। इस मौके पर उन्होंने पंचवटी में उनकी याद में पंचवटी पार्क का विधिवद शिलान्यास भी किया और उसकी कबर पर फूल अर्पित किए और उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी देने का भरोसा दिया। इस मौके पर उसके पिता कर्म दीन उसकी माता भोला व पत्नी जमीला और अनेक गणमान्य लोग की संख्या में मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि दिलावर खान के सभी परिवार के सदस्य, नाती, सभी गांववासी इकट्ठे हुए। हजारों लोग पाकिस्तान को कोस रहे थे, जब दिलावर खान के 4 साल बेटे की बात मुकेश अग्निहोत्री ने लोगों को बताई कि वह अपने बाबा को कह रहा है कि मैं बड़ा होकर पाकिस्तान से अपने पिताजी का बदला जरूर लूंगा। इससे समय सारा पंडाल भावुक हो गया। आगे उन्होंने बताया कि मैंने ऐसा माहौल ऊना में दूसरी बार देखा पहले कैप्टन अमोल कालिया की शव यात्रा नंगल से चिंतपूर्णी तक गई, वहां के स्थानीय विधायक स्वर्गीय राम प्रकाश बाली और मैंने भी हजारों लोगों के साथ यात्रा में शिरकत की और मैंने भी 60 किलोमीटर के रास्ते में लाखों लोगों ने स्वर्गीय कैप्टन अनमोल कालिया को अमर रहे कहकर श्रद्धांजलि दी और पाकिस्तान के मुर्दाबाद के नारे लगाए। उन्होंने बताया कि दिलावर खान की एक स्टैच्यू मैहतपुर से लेकर ऊना तक कहीं भी लगाया जाए क्योंकि लोगों का ध्यान शहीदों की तरफ जाए न कि दूसरे मुद्दों पर।

उन्होंने कहा कि आगे सुझाव दिया कि मैहतपुर से लेकर ऊना तक बहुत से ऐसे चौक हैं, जहां शहीदों की स्टैच्यू लगाए जा सकते हैं। जगत राम ने यह मांग जोर शोर से उठे कि पूरे प्रदेश के अंदर शहीदों के याद में शाहिद स्मारक भवन बनाए जाएं, जिन में राष्ट्र के और हिमाचल के व सामाजिक कार्यकर्ताओं जिन्होंने 50 वर्षों से भी ज्यादा मजदूर किसानों व जनता की सेवा की और कई बार जेल तक भी गए, उनके भी चित्र लगाए जाएं।

# चंबोआ में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, थानाकलां।** शिव शक्ति मंदिर चंबोआ में मरियाने ब्राह्मण गोत्र परिवार की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। वीरवार को कलश यात्रा के साथ इसका शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन का आमंत्रण देने के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में हिस्सा लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर चंबोआ से बाबा गरीब नाथ मंदिर, झंगियां कोलका में पंडित किशोरी लाल शर्मा की ओर से वरुण देवता और गौरी-गणेश की पूजा-अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर कथा समिति के अध्यक्ष सतपाल शर्मा, उपाध्यक्ष ओंकार दास शास्त्री, कोषाध्यक्ष जय लाल शर्मा, सचिव पंकज शर्मा, सत्येंद्र, जगदीश, अमन, रेणुका, कल्पना, ज्योति, संतोष कुमारी, रीना देवी, मोनू शर्मा, संदला शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कुटलैहड़ भाजपा में अंतर्विरोध की अभी तक सुलग रही चिंगारी

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

**लठियाणी।** जिले की सियासत में अब तक सबसे चर्चित रहने वाली कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की खेमेबाजी उभरकर सामने आने लगी है। एक समारोह में एक वरिष्ठ नेता के दाखिल होते ही कुछ कार्यकर्ताओं का बीच बैठक बाहर जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि यह विरोध था या कोई सांकेतिक प्रदर्शन, लेकिन बैठक से सामूहिक तौर पर बाहर जाने वाली महिलाओं ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन ऐन मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के सभा में प्रवेश के वक्त ही यह सियासी ड्रामा हुआ था।

घटना को बात करें तो भाजपा महिला मोर्चा का कोई कार्यक्रम चल रहा था। ऊना जिले में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उस समय हलचल मच गई, जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान कुछ महिला कार्यकर्ता बैठक छोड़कर बाहर निकल गईं। इस घटनाक्रम से कुटलैहड़ विधानसभा की राजनीति में चर्चा और सोशल मीडिया पर गुटबाजी का दौर और भी तेज हो गया है। भाजपा ने जिला स्तरीय महिला मोर्चा के स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि एवं तेज तर्रार ऊर्जावान, बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल मुख्य अतिथि थे। हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय महिला मोर्चा के स्थापना समारोह में लेकिन बैठक की शुरुआत के समय बाद ही कुछ महिला कार्यकर्ता असंतोष जाहिर करते हुए बैठक हॉल से बाहर चली गईं। इन महिलाओं ने सार्वजनिक रूप से कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार उनका यह कदम किसी पुराने विवाद या आंतरिक असहमति का संकेत हो सकता है।

### बैठक के बीच महिला कार्यकर्ताओं का बाहर जाना बना चर्चा का विषय

यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिस पर दोनों पक्षों के समर्थक अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे संगठन में लोकतंत्र और असहमति की आवाजकह रहे हैं, कुछ इसे अनुशासनहीनता और व्यक्तिगत विरोध बता रह हैं।

### घटना पर किस ने क्या कहा

भाजपा के जिला अध्यक्ष ने इस घटना को 'आंतरिक विषय' बताते हुए जल्द ही आपसी बातचीत के माध्यम से हल करने की बात कही है। वहीं वीरेंद्र कंवर ने कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करता हूं। अगर किसी को कोई असंतोष है तो उसे पार्टी मंच पर उठाया जा सकता है। बातचीत से हर समस्या का समाधान हो सकता हैं। अगर महिलाओं को किसी प्रकार की कोई समस्या है खुले मंच पर अपनी समस्या बता सकती थीं, ताकि उनकी समस्या का समाधान किया जा सकता था। मैंने हमेशा ही मातृशक्ति का आदर सम्मान किया है और करता रहूंगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घटना कुटलैहड़ में भाजपा की आंतरिक राजनीति में चल रही खींचतान का संकेत हो सकती है, विधानसभा चुनावों के मद्देनजर और भी अहम हो जाता है। गुटबाजी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

### समर्थक बोले-कंवर ने दिया सबको मान-सम्मान

उधर, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कं वर के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर कई टिप्पणियां लिखकर कंवर के प्रति समर्थन जताया है। कई लोगों ने लिखा है कि वीरेंद्र कंवर पार्टी के वरिष्ठ नेता और शांत स्वभाव के धनी हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई प्रकार के कार्य जनहित के लिए किए हैं,। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वीरेंद्र कंवर को आगामी विधानसभा चुनाव उम्मीदवार बनाने की घोषणा बहुत ही जोर-शोर से कर दी है और कार्यकर्ता वीरेंद्र कंवर को जीत हासिल करवाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है क्योंकि वे स्वच्छ छवि के धनी होने के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सच्चे सिपाही हैं। वीरेंद्र कंवर ने अपने कार्यकाल में बहुत ही सराहनीय कार्य करने के साथ-साथ आम जनता के साथ तालमेल बहुत ही सराहनीय है। इन्होंने कभी भी भेदभाव नहीं किया और हमेशा पार्टी के कार्यकर्ताओं को पूरा आदर सम्मान दिया।

# ऊना जिले में महाराणा प्रताप की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित


ऊना में शोभायात्रा निकालते क्षत्रिय महासभा के सदस्य।

अनंत ज्ञान, ऊना/पंजवार

जिले के विभिन्न स्थानों पर महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। वीरवार को ऊना जिला मुख्यालय में क्षत्रिय महासभा की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महाराणा प्रताप के पराक्रमी योद्धा की छवि के रूप में उनके अस्त्रों के प्रतीक भी इस समुदाय के युवा वर्ग ने हाथ में ले रखे थे।

उधर, डंगोह में मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर सूबेदार हरमेश राणा के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित कर युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलने और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट अनिल राणा, सुरिंदर राणा, सुनिल राणा, सुशांत, अभिषेक जसवाल, ऋषभ जसवाल, बंटी ठाकुर और सुखराम राणा उपस्थित रहे।

**स्वरोजगार** पारंपरिक जल स्रोतों का पुनरुद्धार, मत्स्य पालन से जुड़ सकेंगे बेरोजगार

# हरोली के तीन तालाबों में डाला 50 हजार मत्स्य बीज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

हिमाचल प्रदेश सरकार की जल संरक्षण और ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार सृजन की नीति को साकार करते हुए हरोली उपमंडल के गोंदपुर जयचंद, गोंदपुर बुल्ला और दुलैहड़ पंचायतों के सामुदायिक तालाबों में 50,000 मत्स्य बीज संचयित किए गए। इनमें कॉमन कार्प एवं ग्रास कार्प (अमूर) प्रजातियों के बीज शामिल हैं, जिन्हें मत्स्य पालन विभाग ऊना के सहायक निदेशक विवेक शर्मा की देखरेख में डाला गया। ये बीज विभाग के सरकारी कार्प ब्रीडिंग फार्म दयोली (गगरेट) में तैयार किए गए हैं।


तालाबों में मछली का बीज डालते विभाग के कर्मचारी, साथ अधिकारी भी मौजूद हैं।

इस अवसर पर सहायक निदेशक ने कहा कि कभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे पारंपरिक तालाब बदलते समय के साथ उपेक्षा के चलते विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में तथा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने इन जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य केवल जल संरक्षण नहीं, बल्कि इन्हें आजीविका के स्थायी साधन के रूप में विकसित करना भी है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दिशा निर्देशन में हरोली विधानसभा क्षेत्र में प्राचीन तालाबों का समुचित जीर्णोद्धार कर जल संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था की गई है। अब मत्स्य पालन के माध्यम से इन्हें स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बनाया जा रहा है।

मत्स्य पालन निदेशक विवेक चंदेल के निर्देशानुसार इन तालाबों में एक बार में बीज संचयन की प्रक्रिया अपनाई गई है, ताकि आगे पंचायतें इन तालाबों को इच्छुक बेरोजगार युवाओं को पट्टे पर देकर मत्स्य पालन से जोड़ सकें। ग्राम पंचायतों को इन तालाबों की देखरेख व रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोंदपुर जयचंद, दुलैहड़ और गोंदपुर बुल्ला पंचायतों के तालाबों में डाले गए कुल 50,000 बीजों के माध्यम से आने वाले समय में ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर सतत रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

वहीं, गोंदपुर जयचंद के प्रधान अनूप अग्निहोत्री, दुलैहड़ के प्रधान नंद किशोर और गोंदपुर बुल्ला के प्रधान दलजीत सिंह ने संयुक्त रूप से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का इस जनोपयोगी पहल के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास हरोली क्षेत्र में पारंपरिक संसाधनों के नवोन्मेषी उपयोग और युवाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# गोंदपुर बनेहड़ा में छात्रों की नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया


बच्चों को नश पर ज्ञान देते सतीश शर्मा।

अनंत ज्ञान, ऊना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा मे नशे के खिलाफ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को नशा क्या होता है, इसके दुष्प्रभाव तथा नशे की चपेट में आए हुए व्यक्ति को बाहर निकालने के उपाए बताए।

रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बताया की नशा एक धीमा जहर है जो कुछ ही वर्षों बाद व्यक्ति को अपने जीवन के दिन गिनने पर मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों मे नशे का अर्थ है, अकाल मृत्यु। उन्होंने कहा कि बच्चे अपरिपक्व होने के कारण नशेड़ियों के चक्कर में आ जाते हैं तथा थोड़ी समय के आनंद के लिए अपने जीवन से हाथ धो बैठते हैं। उन्होंने कहा कि नशा जिंदगी बर्बाद करने के साथ-साथ अपराधों की भी जननी है। नशे की चपेट में एक बार आने के बाद वापस आना मुश्किल होता है। प्रधानाचार्य और स्टाफ ने मुख्य अतिथि द्वारा बताई हुई अमूल्य बातों को अमल में लाने की बच्चों को अपील की।

# हादसों के बाद भी जान जोखिम में डाल रहे पर्यटक

## नदी के बीचों-बीच पानी में बेखौफ होकर मस्ती कर रहे पर्यटक, प्रशासन व पुलिस बेखबर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/मनाली।** कुल्लू जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में समर सीजन के चलते पर्यटकों का खूब मेला लगा हुआ है। पर्यटक यहां पर साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाना नहीं भूल रहे, लेकिन कुछ पर्यटक ऐसे भी हैं, जो विभिन्न स्थानों पर नदी के पानी में जाकर अपनी जान-जोखिम में डाल रहे हैं।

पानी की लहरों के बीच मस्ती करने का शौक सैलानियों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। हालांकि, प्रशासन की ओर से समय-समय पर सैलानियों को नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी जाती है। बाकायदा, इसके लिए सूचना पट्ट भी लगाए गए हैं। पुलिस कर्मचारी भी सैलानियों को पानी में उतरने से रोकते हैं, लेकिन फिर भी कई जगह पर्यटकों की लापरवाही जान पर भारी पड़ जाती है। बता दें कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कुल्लू-मनाली के नदी-नालों का जलस्तर अक्सर बढ़ जाता है। ऐसे में सैलानी पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं और हादसों का शिकार हो जाते हैं। वीरवार को चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर पतलीकूहल के समीप शिरड़ रिजॉर्ट के सामने काफी संख्या में पर्यटक यहां पर अवैध रूप से नदी की ओर जाने के लिए बनाए गए रास्ते से अपने वाहनों को काफी आगे तक लेकर वहां पर नदी किनारे बैठकर बेखौफ मस्ती करते दिखे।

यहां पर हर दिन पर्यटक ब्यास नदी के बीचों-बीच सेल्फी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। वर्तमान में यह जगह पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाइंट ही बन गई है। यहां सुबह से लेकर शाम तक नदी किनारे और ब्यास के बीचों-बीच पत्थरों के ऊपर चढ़कर पर्यटक सेल्फी लेने में मशगूल दिखते हैं। हैरानी तो इस बात की है कि औट से लेकर मनाली और कसोल, मणिकर्ण, बंजार, आनी सहित जिले के हर क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए नदी किनारे न जाने की हिदायत के चलते बड़े-बड़े चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं, लेकिन फिर भी पर्यटक इन चेतावनी बोर्ड को नजरअंदाज करते हुए अपने अनमोल जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।

यही नहीं पुलिस की ओर से बार-बार पर्यटकों से नदी किनारे न जाने की भी अपील की जा रही है बावजूद इसके पर्यटक नहीं मान रहे हैं और अपनी जान को जोखिम में डालकर नदी के बीचों-बीच पहुंच रहे हैं। लिहाजा, कुल्लू-मनाली में जगह-जगह नदी किनारे जाकर फोटो लेना और पानी में मस्ती करने का एडवेंचर खतरनाक साबित हो रहा है, जहां मौज-मस्ती की चाह और कुछ नया कर गुजरने की ख्वाहिश रखने वाले पर्यटकों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है। आलम यह है कि इतने हादसे होने के बाद भी पर्यटक इससे सबक नहीं ले रहे हैं और इसका खामियाजा हर बार उनके परिवारों को झेलना पड़ता है।



### कई जगह चेतावनी बोर्ड गायब, चोर रास्ते भी बंद नहीं

**कई** जगह प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड लगाए हैं और न ऐसे रास्तों को बंद किया है, जिनसे पर्यटक नदियों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन कई जगह अवैध रूप से बने रास्तों से पर्यटक नदी में पहुंच रहे हैं।

### कई हुए हादसों का शिकार

**एक** सप्ताह पहले मणिकर्ण के कसोल में नदी में दो पर्यटक पार्वती नदी में उतरे थे और जलस्तर बढ़ने से नदी में बह गए। वहीं, कुछ साल पहले जहां औट के पास हैदराबाद से घूमने आए इंजीनियरिंग के छात्रों को सेल्फी का क्रेज ले डूबा था और उसके बाद भी जिले में कई ऐसे हादसे पेश आ चुके हैं। वहीं, मणिकर्ण व मनाली में भी ऐसे कई मामले सामने आए है, जिनमें सेल्फी के चक्कर में पर्यटक ब्यास की जलधारा में बह गए, लेकिन फिर भी अन्य पर्यटकों में नदी के बीचों-बीच और किनारे और पानी में जाने का क्रेज खत्म नहीं हो रहा।

**पर्यटकों** से बार-बार अपील की जा रही है कि नदी, नालों के पास न जाएं, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। समर सीजन की बैठक में अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। इसमें उचित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पर्यटकों को नदी के किनारे जाने से रोकने के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा है। पर्यटकों से अपील है कि सहयोग करें और जिला प्रशासन की ओर से लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर जारी निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें। **तोरुल एस रवीश, डीसी कुल्लू।**

### शरची में पूर्व सैनिक अनूप राम के घर ठहरे मुख्यमंत्री सुक्खू

# नगलाड़ी-शरची सड़क को बेहतर बनाने के लिए आकलन तैयार करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत कुल्लू जिला में बंजार विधानसभा क्षेत्र के शरची गांव में पूर्व सैनिक सूबेदार अनूप राम के घर रात्रि ठहराव किया। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर सभी गांववासी उत्साहित थे। मुख्यमंत्री को अपने घर-द्वार पर पाकर ग्रामवासी गर्मजोशी से विभोर हो गए। पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित ग्रामवासियों ने वाद्ययंत्रों की मधुर स्वर लहरियों से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। राह चलते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं सभी से संवाद किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए बजट का उचित प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नगलाड़ी-शरची मार्ग को चौड़ा करने व इसके सुधारीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क के साथ ड्रेन का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आवश्यकतानुसार सड़क पर पेवर ब्लॉक्स लगाने को भी कहा, ताकि सड़क का बेहतर ढंग से रखरखाव हो सके। उन्होंने शरची ग्राम पंचायत के पांच महिला मंडलों को एक-एक लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। वीरवार सुबह मुख्यमंत्री ने गांव वासियों के साथ नाश्ता किया और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने ग्रामवासियों से क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी खुलकर बात की। लोगों से फीडबैक भी लिया। सेवानिवृत्त सूबेदार अनूप राम ने कहा कि पहली बार कोई मुख्यमंत्री इस दुर्गम गांव में आया है और गांव के सभी लोग इससे बहुत खुश हैं। हमें उम्मीद है कि इससे हमारे गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि उन्होंने मेरे घर को रुकने के लिए चुना। उनके पुत्र नरेश ने कहा कि शरची बंजार विधानसभा क्षेत्र में दूर-दराज का गांव है, जहां के लोगों में उनके इस दौरे को लेकर बहुत खुशी है। मुख्यमंत्री हमारे घर पर रुके हैं, यह हमारे परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे गांव के लिए गौरव का विषय है। ग्राम पंचायत बांदल की प्रधान ईश्वरी देवी ने कहा कि हम मुख्यमंत्री का उनके क्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत करते हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जब कोई मुख्यमंत्री इस गांव में आए हो।

## एक को ढालुपर मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-23 वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल होंगे। यह ट्रायल 1 जून रविवार को ढालुपर मैदान में होंगे। कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के महासचिव शिव कपूर ने बताया कि ट्रायल सुबह 10 बजे शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक खिलाड़ियों को रविवार को उपस्थिति दर्ज करवानी होगी। इच्छुक खिलाड़ी का जन्म 1.9.2002 के बाद का होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को अपने साथ अपना जन्म प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की मूल प्रतियां लानी होगी। ट्रायल के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है, जो खिलाड़ियों को ट्रायल से पहले जमा करवाना होगा। कपूर ने इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील की है कि उक्त ट्रायल में निर्धारित तिथि पर समयानुसार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान ने काजा में लगाई कार्यशाला

# पापलर के रोपण व प्रबंधन पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने हिमाचल प्रदेश के शीत मरुस्थल में सतत आजीविका के लिए पॉपलर के रोपण एवं प्रबंधन पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, ताबो में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण मुख्य रूप से पॉपलर के रोपण एवं प्रबंधन पर जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित था। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्राधिकरण प्रति पूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. बालकृष्ण तिवारी, वैज्ञानिक, शिमला और उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक ने मुख्यातिथि डॉ. संदीप शर्मा, निदेशक शिमला एवं विशिष्टातिथि गौरव कुमार शाखा प्रबंधक एसबीआई ताबो और प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. संदीप शर्मा ने आधुनिक नर्सरी की स्थापना के लिए सरल, प्रभावी एवं उपयोगकर्ता के अनुकूल तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही, उन्होंने शीत मरुस्थलीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले विविध उपयोगी पौधों जैसे जूनिपर, सैलिक्स, प्रमुख औषधीय पौधों तथा पॉपलर की नर्सरी प्रबंधन तकनीकों से जुड़े अपने अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। डॉ. अश्वनी तपवाल ने पॉपलर पर लगने वाली विभिन्न बीमारियों पर विस्तृत चर्चा की और उनकी रोकथाम के लिए जैविक नियंत्रकों की जानकारी साझा की। डॉ. बालकृष्ण तिवारी ने अपने वक्तव्य में बताया कि शीत मरुस्थलीय क्षेत्रों में सतत आजीविका सुनिश्चित करने के लिए पॉपलर की विभिन्न प्रजातियां अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों में विद्यमान पॉपलर की प्रजातियों की विशेषताओं, उनके नर्सरी प्रबंधन, रोपण तकनीकों तथा संभावित लाभों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उनके अनुसार, उचित तकनीकी जानकारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ पॉपलर का रोपण न केवल स्थानीय समुदायों की आर्थिकी को सशक्त कर सकता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन में भी सहायक हो सकता है। कृषि-वानिकी में उच्च गुणवत्ता एवं अधिक उत्पादन देने वाले वृक्षों की प्रजातियां अथवा क्लोन अपनाने से कृषकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। डॉ. तिवारी ने संस्थान द्वारा पॉपलर पर किए जा रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों की जानकारी साझा की व कृषि-वानिकी में इन प्रजातियों के एकीकृत उपयोग के लाभों पर भी प्रकाश डाला।

## नागन-आनी फीडर की आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, आनी।** आज शुक्रवार को 22 केवी आनी-देवरी स्पर फीडर के उचित रखरखाव और मरम्मत के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इस कारण शुक्रवार को नालदेरा, आनी विकास खंड कार्यालय के आसपास, आनी की मिशन कॉलोनी, देवरी, नगाली, अमरबाग, गाड-डीम आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता एमआर कश्यप ने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

## सीएम के दौरे से क्या बेहतर होगी सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था!

**अनंत ज्ञान, बंजार**

- शरची में भाषण में सीएम ने नहीं किया जिक्र
- ग्रामीणों को उम्मीद, शायद अब बदलेंगे गांव के हालात

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कुल्लू के बंजार विधानसभा क्षेत्र के शरची पंचायत में सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम के तहत जहां रात बिताई। वहीं, देर रात तक ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा वार्ता भी की गई।

इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत की मुख्य समस्याओं से सीएम को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री के द्वारा भाषण में उन सब समस्याओं के बारे में कोई बात न किए जाने के चलते उनमें मायूसी भी नजर आई। हालांकि, ग्रामीणों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री ने अगर उनके इलाके का दौरा किया है, तो इससे अब उनके हालात बदलेंगे। ऐसे में अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री के द्वारा इन सभी समस्याओं को कितने समय में हल किया जाता है। मुख्यमंत्री के द्वारा दो दिनों तक बंजार विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया गया और शरची गांव में रात भी बीताई गई। वहीं, मुख्यमंत्री ने गांव के साथ-साथ इस पूरे इलाके को पर्यटन के साथ जोड़ने की भी बात कही। शरची पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री उनके इलाके में आए यह बहुत अच्छी बात है और सभी लोगों ने मांग पत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा, लेकिन लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री के द्वारा अपने भाषण में इन समस्याओं का जिक्र नहीं किया गया। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह इस और विशेष ध्यान दें।

## एक को होगी जूनियर व सीनियर वुशू प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के कोच लुदर चंद ने कहा कि जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता जिला कुल्लू वुशू संघ द्वारा 1 जून को अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर वर्ग के लड़के व लड़कियां 14 से 18 वर्ष और सीनियर वर्ग में 18 से 40 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन 31 मई तक करें। खिलाड़ी अपने साथ अपना आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेलो इंडिया किड नंबर, चार पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी 4 और 5 जून को जिला सोलन की आईईसी यूनिवर्सिटी नालागढ़ में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर व सीनियर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# 'एंडलैस स्टोरी' समकालीन प्रदर्शनी का आगाज

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में शुरू हुई प्रदर्शनी के शुभारंभ पर लोग।

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में वीरवार को भारत के प्रतिष्ठित 10 कलाकारों की ''एंडलैस स्टोरी'' शीर्षक के अंतर्गत सुरेश कुमार की क्यूरेटरशिप में एक समकालीन प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

इसका उद्घाटन मुख्यातिथि कुलभूषण गौतम, जिला अटॉर्नी कुल्लू और रशियन क्यूटर लारिसा सुरगिना द्वारा रिबन काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में लगभग 200 कलाकृतियां और असंख्य छोटी कलाकृतियां सोविनियर के रूप में प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी 1 जून तक पर्यटकों के अवलोकन के लिए प्रदर्शन में रहेगी। इस प्रदर्शनी में दिल्ली की सपना शर्मा ने पेंटिंग ऑफ ग्राफिक्स प्रस्तुत की हैं, जिनमें उन्होंने महिलाओं की अर्न्तमन की भावनाओं को प्रस्तुत किया है। कश्मीर के चित्रकार सतीश पंडिता ने अपनी पेनवर्क के द्वारा अपने चित्रों को प्रदर्शित किय। इसमें ड्रांइग के द्वारा त्रिआयामी चित्रों का प्रदर्शन बहुत बारीकी से किया है। दिल्ली के चित्रकार एवं मूर्तिकार सुरेश कुमार ने इस प्रदर्शनी में अपनी अमूर्त चित्र और छोटे-छोटे स्कल्पचर प्रस्तुत किए हैं। केरल के चित्रकार प्रशांत एवी ने अपने एकरलिक रंग कैनवास पर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार पर चित्र बनाकर प्रस्तुत किए हैं। दिल्ली की चित्रकार स्वाति गर्ग ने जलरंग के द्वारा चित्रों में प्राकृतिक सौंदर्य को प्रस्तुत किया है। केरल के चित्रकार दिनेश पीजी ने अपने चित्रों को एकरलिक और इंक ड्राइंग में जानवरों के प्रति अपना प्रेम प्रस्तुत किया है। दिल्ली की चित्रकार अनामिका ने अपने चित्रों में प्रकृति में जीवन को एकरलिक मीडियम में पारदर्षिता के साथ प्रस्तुत किया है। राजस्थान के चित्रकार संजीव शर्मा ने जलरंगों एवं मिक्स मीडिया से राजस्थान की परंपरा और इमारतों का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया है। हरियाणा के चित्रकार राजीव सेमवाल ने प्रकृति प्रेम के प्रति अपनी कला के माध्यम से कला को प्रदर्शित किया है। इसमें पेन एंड इंक तथा एकरलिक रंगों का समायोजन किया गया है। इसमें कलाकृति अत्यंत आकर्शिक और मनभावक लगती है। नोएडा की चित्रकार अर्चना ने इस प्रदर्शनी में मधुबनी और सजनी कला को मिश्रित कर कैनवास पर उकेरा है। भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने प्रदर्शनी में उपस्थित सभी रशियन मेहमानों, चित्रकारों, गणमान्यों देश-विदेश के पर्यटकों का धन्यवाद किया।

## कटराई में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कटराई स्थित होटल शुभम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें मथुरा वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित विष्णु दत्त मिश्रा सरस महाराज आगामी 7 दिनों तक अपनी मधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए भक्त जनों को निहाल करेंगे। कार्यक्रम के व्यवस्थापक नीरज उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि भागवत कथा का आयोजन सेवार्थ ट्रस्ट गाजियाबाद के सौजन्य से किया जा रहा है। इसमें आदर्श महिला मंडल कटराई का विशेष सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक रहेगा तथा उन्होंने सभी भक्त जनों से निवेदन किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शुभम होटल कटराई में पधार कर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें।

# सरकार लाहौल-स्पीति में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने को प्रयासरत

## अनुराधा राणा ने लाहौल-स्पीति के दुर्गम एवं दूरदराज गांव मुद पहुंच कर सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान वीरवार को लाहौल-स्पीति के पिन वैली के दुर्गम व दूरदराज एवं अंतिम गांव मुद पहुंचकर मुद गांववासियों की समस्याएं सुनीं।

विधायक ने इस अवसर पर मुद और सगनम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार अन्य जिलों की भांति जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व बिजली आदि परियोजनाओं के कार्यों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है। राज्य सरकार ग्रामीण स्तर पर लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्पीति में भी सड़क, शिक्षा व बिजली जैसी अनेक परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सूक्खू पिछली बार जब स्पीति दौरे पर आए थे, तो उन्होंने गुलिंग में सीनियर सेकेंडरी स्कूल खोलने की घोषणा की थी, जिसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है तथा इस भवन का कार्य पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री द्वारा जल्द इसे जनता को समर्पित किया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र के बच्चों को लाभ मिले।



मुद में गांववासियों की समस्याएं सुनती हुई विधायक अनुराधा राणा।

उन्होंने कहा कि लियो-बाइपास सड़क को सीमा सड़क संगठन के सुपुर्द किया गया है और मुद-भावा सड़क को भी जल्द ही बीआरओ को सौंपने के लिए मामला प्रदेश सरकार द्वारा उठाया जाएगा। विधायक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सगनम व गुलिंग के विद्यार्थियों द्वारा एकलव्य, नवोदय व सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इन स्कूलों के अध्यापकों तथा बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया। विधायक ने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि प्राइवेट स्कूलों की अपेक्षा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने में अधिक सक्षम होते हैं, इसलिए उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही पढ़ाएं, ताकि उन्हें प्राइवेट स्कूलों में भारी-भरकम राशि न चुकाना पड़े। उन्होंने कहा कि सगनम स्कूल के छात्रावास के प्रस्ताव का मामला भी जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, ताकि यहां के बच्चों को छात्रावास की सुविधा मिल सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिन वैली के लिए निर्माणाधीन सड़क को कम से कम 20 किलोमीटर तक पक्का करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को आरामदायक सड़क सुविधा प्राप्त हो।

### विभिन्न गांवों में सुनी जनसमस्याएं

**विधायक** ने कुंगरी गोंपा, मिकिम, सगनम, मुद, तेलिंग और खर में जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने विधायक के समक्ष सामूहिक व व्यक्तिगत समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया और शेष समस्याओं को निपटारे के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया।

# महाराणा प्रताप अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति : सुदर्शन पठानिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

महाराणा प्रताप की जयंती पर जिला राजपूत संघ की ओर से कुल्लू के शीतला माता मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरिराज ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी के नेता नरोत्तम ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला राजपूत संघ कुल्लू के जिलाध्यक्ष सुदर्शन पठानिया ने कहा कि महाराणा प्रताप अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति रहे हैं। वीर योद्धा महाराणा प्रताप के शौर्य एवं पराक्रम की गाथा से अन्याय के खिलाफ लोहा लेने की प्रेरणा मिलती है। समाज में पनपी कुरीतियों को रोकने के लिए आवाज बुलंद करने का साहस उनके नाम से मिलता है। वहीं, जिलाध्यक्ष सुदर्शन पठानिया ने कहा कि एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम का दुरूपयोग हो रहा है। इसके अलावा जातिगत आरक्षण की आग में स्वर्ण समाज का युवा जल रहा है। उन्होंने कहा कि राजपूत संघ किसी विशेष जाति के खिलाफ नहीं है, बल्कि जातिगत आरक्षण के खिलाफ है। आरक्षण जातिगत न होकर आर्थिक आधार पर दिया जाए। इस दौरान चेयरमैन ज्ञानचंद चंबियाल, उपाध्यक्ष गुरदयाल ठाकुर, महासचिव हीरालाल, मोलू राम, फतेह चंद, बलदेव सिंह, श्याम चंद आदि उपस्थित रहे।

**आक्रोश** जनसंघर्ष मंच व किसान सभा की बैठक आयोजित, प्रभाकर का लोक निर्माण विभाग को कड़ा संदेश

# नौटंकी बंद करो, ईमानदारी से करो काम

**अनंत ज्ञान, आनी**

जनसंघर्ष मंच बुच्छैर और किसान सभा बुच्छैर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इसमें क्षेत्रीय विकास कार्यों की उपेक्षा और सरकारी उदासीनता को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी गई। बैठक की अध्यक्षता पदम प्रभाकर ने की और उन्होंने विभाग पर सीधा हमला करते हुए कहा, काम को लेकर नौटंकी बंद करो, ईमानदारी से काम करो। बैठक में गुगरा-तराला सड़क और जांओ से लढागी सड़क की दुर्दशा को लेकर गहरा आक्रोश जताया गया। जानकारी के अनुसार, जांओ से लढागी सड़क की टारिंग का टेंडर वर्ष-2021 में हो गया था और कुछ हद तक कार्य भी हुआ, लेकिन पांच साल तक लगातार कार्य होना था, जो अधूरा रह गया। ठेकेदार ने बीच में ही टेंडर छोड़ दिया। इस विषय में दो बार अधिशाषी अभियंता निरमंड से भी प्रतिनिधिमंडल मिल चुका है, जिन्होंने अप्रैल-मई में काम शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। स्थिति यह है कि गड्ढों तक की मरम्मत नहीं की गई है।



जनसंघर्ष मंच बुच्छैर और किसान सभा बुच्छैर की बैठक के दौरान पदाधिकारी।

मंच ने निर्णय लिया है कि यदि मांगों पर जल्द अमल नहीं हुआ, तो 4 जून को लोक निर्माण विभाग, डिवीजन निरमंड कार्यालय के बाहर मोर्चा खोला जाएगा। यह मोर्चा 24 घंटे का होगा और आवश्यकता पड़ने पर इसे अनिश्चितकालीन किया जाएगा। बैठक में पदम प्रभाकर ठाकुर, पूर्ण चंद, प्रकाश जेहर, रमा ठाकुर, भागचंद, लीलाचंद, मेघराम, निट्टु, पबन, मोतीराम, देशराज, हीरालाल और किशन सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जनसंघर्ष मंच ने साफ किया कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, जब तक कार्य शुरू नहीं होता, संघर्ष जारी रहेगा।

### बैठक में उठी प्रमुख मांगें

- **जांओ** से तराला तक सड़क में निकासी की व्यवस्था की जाए।
- **प्रभावित** किसानों के क्षेत्रों-जुहाट, शिला पानी, बघाल, निचला परेआ में डंगे लगाए जाएं।
- **दुर्घटना** संभावित स्थलों पर रेलिंग लगाई जाए।
- **लढागी** से तराला तक के कार्य में गति लाई जाए, केवल दिखावटी कार्य न हो।
- **शिला** पानी नाले पर स्लैब कलवर्ट का कार्य शुरू किया जाए।
- **मराडेसेउनाला,** तराला नाईगाड, रूमाली नाला, चुलूगाड खड्ड और समासर नाले में स्लैब-कलवर्ट के लिए बजट का प्रावधान किया जाए।
- **जीरो** प्वॉइंट से खादबी शौहण सड़क को दुरुस्त कर बस सेवा शुरू की जाए।
- **रूमाली** से डिम थनाच सड़क को डंगे लगाकर दुरुस्त किया जाए।
- **जांओ**- लढागी सड़क की मरम्मत कर शेष बजट उसी पर खर्च किया जाए।

# पत्रकारिता के माध्यम से जनहित की समस्याओं का हो रहा समाधान : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




पत्रकारिता जहां समाज का आइना है। वहीं, पत्रकारिता के माध्यम से जन सरोकारों को भी सरकार व प्रशासन के समक्ष रखा जाता है। ऐसे में एक पत्रकार खबरों के माध्यम से जहां समाज की बुराइयों को उजागर करता है। वहीं, जन समस्याओं को सुलझाने में भी अपनी अहम भूमिका रखता है।

यह बात जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने ऑल इंडिया पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मचंद यादव से मुलाकात के दौरान कही। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने ऑल इंडिया पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर धर्मचंद यादव को बधाई दी और कहा कि वह अपने कलम के बूते आगे भी आम जनता की समस्याओं को सरकार व प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान जिला कुल्लू भाजपा कार्यालय सह सचिव नरेश चौहान भी उपस्थित रहे। अमित सूद ने धर्मचंद यादव को बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता का रुख डिजिटल की ओर भी बढ़ा है, ऐसे में डिजिटल पत्रकारिता के माध्यम से भी धर्मचंद यादव अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। इसके अलावा नए पत्रकारों के मार्गदर्शन में भी वह अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में डिजिटल पत्रकारिता के माध्यम से जिला कुल्लू की आवाज प्रदेश और देश के हर कोने में पहुंचाई जाए और जिला कुल्लू को पर्यटन के क्षेत्र में उभरने के लिए भी पत्रकारिता के माध्यम से नए मुकाम हासिल किए जाने चाहिए।

# सोलन में दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं में कम रिजल्ट देने वाले स्कूलों का डाटा तैयार

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से जारी दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं में जिला सोलन के कई स्कूलों में परीक्षा परिणाम निराशाजनक आने पर शिक्षा विभाग रिपोर्ट तैयार कर निदेशालय को भेजेगा। उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय जिलेभर के ऐसे स्कूलों का विस्तृत ब्यौरा एकत्र करने में जुटा है, जिनका रिजल्ट 50 प्रतिशत व 25 प्रतिशत से कम आया है। रिपोर्ट को तैयार कर एक सप्ताह के भीतर निदेशालय को भेजा जाएगा व उसके बाद स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से खराब परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूल प्रबंधकों व अध्यापकों में हड़कंप मचा हुआ है।



## 25 से 30 प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों पर कार्रवाई तय

पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। इन परिणामों में जिला सोलन के ऐसे कई स्कूल हैं, जहां का परीक्षा परिणाम काफी निराशाजनक रहा है। जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों के ऐसे स्कूल हैं, जिनमें दसवीं की परीक्षाओं का परिणाम औसत दर्जे का रहा है। कई स्कूलों में परिणाम 50 प्रतिशत तो कहीं 25 से 30 प्रतिशत तक ही रहा है। इन निराशाजनक परीक्षा परिणामों के बाद प्रदेश ही नहीं, बल्कि जिला स्तर पर भी शिक्षा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। प्रदेश शिक्षा विभाग ने सभी उपनिदेशकों को खराब रिजल्ट की रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं। इस पर अमल करते हुए जिले में खराब परीक्षा परिणाम देने वाले सभी स्कूलों से उनके रिजल्ट का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर उपनिदेशक कार्यालय को भेजने के लिए कहा गया है। इनमें 50 प्रतिशत से कम व 25 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों को दो अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद उपनिदेशक कार्यालय द्वारा इसकी रिपोर्ट बनाकर निदेशालय को भेजी जाएगी।

## खराब परीक्षा परिणामों के कारणों को भी समझा जाएगा

परीक्षा परिणामों के निराशाजनक रहने के पीछे के कारणों को भी टटोला जाएगा और उसके साथ ही इस बात पर भी ध्यान दिया जाएगा कि कहां-कहां किन-किन विषयों में छात्रों ने बेहद कम अंक प्राप्त किए हैं। इससे विभाग को यह समझने में भी आसानी होगी कि बच्चों को किन विषयों में दिक्कतें आ रही हैं और वहां पर तैनात अध्यापक के पढ़ाने का तरीका सही है या नहीं। इसके अतिरिक्त शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए किन प्रयासों की आवश्यकता है यह भी क्लीयर हो पाएगा। ऐसे में आने वाले दिनों में संबंधित स्कूलों के विषय अध्यापकों पर भी गाज गिर सकती है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा संबंधित स्कूलों के मुखियाओं से भी जवाब तलब किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि कहीं स्टाफ की कमी के चलते तो छात्रों की पढ़ाई प्रभावित तो नहीं हुई है।

**विभाग** दसवीं की बोर्ड परीक्षा परिणामों में 50 प्रतिशत व 25 प्रतिशत से कम रिजल्ट देने वाले स्कूलों का डाटा तैयार कर रहा है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी। संबंधित स्कूलों व विषय अध्यापकों की जवाबदेही तय की जाएगी और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। **गोपाल सिंह चौहान, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा विभाग सोलन।**

# ड्रेस कोड का पालन करेंगे, लेकिन वर्दी नहीं पहनेंगे: प्रवक्ता संघ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ ने प्रदेश में ड्रेस कोड की व्यवस्था पर आपत्ति जताई है। संघ के जिला प्रधान जयलाल जलपाइक एवं महासचिव हेमंत कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा सचिव द्वारा जारी आदेश के तहत कहा गया है कि शिक्षण संस्थानों में जीन्स, टी-शर्ट और अन्य भड़कीले कपड़े पहनना अशैक्षणिक गतिविधियों पर असर डालेगा। यह ड्रेस कोड वैधानिक है, लेकिन विद्यालय प्रशासन इसे लागू करने के लिए स्वतंत्र है। महिला शिक्षकों के लिए औपचारिक भारतीय परिधान जैसे दुपट्टे के साथ सलवार-कमीज या औपचारिक पश्चिमी परिधान की कल्पना है। विद्यालय स्थानीय परिस्थितियों और मौसम की स्थिति के अनुसार ड्रेस कोड को अनुकूलित करने के लिए स्वतंत्र हैं। संघ इस आदेश का स्वागत करता है और यह आश्वस्त करता है कि प्रवक्ता इन आदेशों का पालन करेंगे, लेकिन कुछ प्रिंसिपल द्वारा स्कूलों में ड्रेस कोड के नाम पर शिक्षकों को वर्दी पहनने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। प्रधानाचार्य स्वयं इतने शिक्षित होने के बावजूद ड्रेस कोड की गलत व्याख्या कर रहे हैं। प्रवक्ता संघ ने ऐसे प्रिंसिपल से आग्रह किया कि वह इस पर अमल करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के विभिन्न स्कूलों से यह शिकायतें मिल रही हैं कि उन्हें जबरन वर्दी पहनने के लिए कहा जा रहा है और इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किए जा रहे हैं। ऐसे प्रधानाचार्यों की शिकायत शिक्षा सचिव को की जाएगी। प्रवक्ता संघ जल्द ही शिक्षा उपनिदेशक जयपाल सिंह चौहान से भी मुलाकात कर मांग करेगा कि प्रधानाचार्यों को आदेश दिए जाएं कि ड्रेस कोड वर्दी नहीं, बल्कि औपचारिक पोशाक है। ऐसे में शिक्षकों को केवल औपचारिक परिधान पहनने के लिए कहा जाए।

## डीसी ने मां शूलिनी मेले के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

# कलाकारों की प्रस्तुतियों के लिए ऑडिशन 10 से 15 जून तक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। मनमोहन शर्मा गत दिवस 20 से 22 जून तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला के संबंध में तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने मेला अवधि में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक तथा आपातकालीन सेवाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मेले में विभिन्न स्थानों से आए लोगों तथा शहर वासियों को उचित व्यवस्था प्रदान करना जिला प्रशासन का दायित्व है। डीसी ने कहा कि यह सुनिश्चित बनाना होगा कि इस अवधि में बिजली, पेयजल एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं सतत क्रियाशील रहे। उन्होंने सभी विभागों को योजनाबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले का अभिन्न अंग हैं और यह प्रयास किया जाना चाहिए कि लोगों को बेहतर कार्यक्रम सुनने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि मेले में अति विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के दौरान कलाकारों द्वारा हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक वस्त्रों में लोक संगीत व वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कलाकारों की प्रस्तुतियों के लिए ऑडिशन 10 से 15 जून तक आयोजित किए जाएंगे। कलाकारों को प्रस्तुति के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने कहा कि कलाकार मेले में प्रस्तुति देने के लिए अपना पंजीकरण hpsolan.nic.in पर जाकर शूलिनी मेला, 2025 लिंक पर जाकर करना होगा। किसी अन्य माध्यम से आवेदन व पंजीकरण स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मकांड की विधियों का ज्ञान प्रदान किया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** त्रिलोकपुर स्थित यात्रि निवास में तीन दिवसीय कर्मकांड एवं ज्योतिष प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल समापन हुआ। यह कार्यशाला 26 मई से 28 मई तक हिप संस्कृत अकादमी के सौजन्य से आयोजित की गई। इसका शुभारंभ डॉ. ओम प्रकाश राही ने किया। कार्यशाला के पहले दिन संयोजक लायक राम शास्त्री ने समय की सबसे सूक्ष्म इकाई 'त्रुटि' से लेकर 'कल्प' पर्यंत कालगणना की विस्तृत जानकारी दी। दूसरे दिन डॉ. राधेश्याम ने समय शुद्धि विषय पर गहन प्रशिक्षण दिया। तीसरे दिन प्रातःकालीन सत्र में वेदाचार्य डॉ. सन्नी कुमार ने वेदों की ऋचाओं और सस्वर आने अभ्यः सूक्त का अभ्यास करवाया। साथ ही कर्मकांड की विधियों का विस्तृत ज्ञान भी प्रदान किया। इसके अतिरिक्त डॉ. सोम दत्त ने षोडश संस्कारों की महत्ता और उनके विधिक पक्ष पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 दयानंद भारती मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गिरिराज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय विद्यालय फागलो के प्राचार्य मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान अनिता सिंह, जगदीश कुमार व नरेंद्र तथा स्थानीय विद्यालय की शास्त्री दीपिका सहित कई विद्यार्थी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी प्रदान की

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 14वीं बटालियन क्षेत्रीय प्रतिक्रिया टीम-नालागढ़ द्वारा सिरमौर जिले में फैमिलियराइजेशन अभ्यास के दौरान शिलाई स्कूल में आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा विषय पर जनजागरूकता अभियान एवं मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य राम शर्मा ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर के सहयोग से शिलाई स्कूल में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 30 सदस्यीय टीम, कमांडिंग ऑफिसर बलजिंद्र सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह नेगी, सब इंस्पेक्टर मोहित कुमार, कांस्टेबल प्रेमजीत के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा से संबंधित जन-जागरूकता, चर्चा, विचार-विमर्श एवं मौक अभ्यास आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की इस प्रशिक्षित टीम द्वारा शिलाई स्कूल के लगभग 800 विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं तकनीकों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा व प्रशिक्षण प्रदान किया।

### पर्यावरण दिवस के बारे में दी जानकारी

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में हिमकोस्ट के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने की। स्नातक विज्ञान रुचि गुप्ता ने बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसकी स्थापना की गई थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 1973 में मनाया गया था। इसकी थीम थी केवल एक पृथ्वी। विश्व पर्यावरण दिवस का विचार 1972 में स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान आया था। सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और वैश्विक पर्यावरण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। इसके बाद प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### जून में होगी तलवारबाजी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई में जून महीने में जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसको लेकर तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों ने डगशाई आर्मी स्कूल सोलन का दौरा किया। इसमें प्रदेश तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष शादी लाल स्वामी ने स्कूल प्रिंसिपल रितांबरा घई के साथ स्कूल में तलवारबाजी खेल को शुरू करने के बारे में चर्चा की। हिमाचल प्रदेश तलवारबाजी संघ के महासचिव अतुल ने बताया कि तलवारबाजी संघ जून महीने में आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई में तलवारबाजी कैंप लगाएगा। इसमें एनआईएस कोच रूबी खान खिलाड़ियों तलवारबाजी खेल थे कुर सिखाएंगी। इसक बाद जून महीने में ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी।

# शशिकांत प्रदेश संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के शशिकांत शर्मा महासचिव हिमाचल प्रदेश यूथ कांग्रेस को प्रदेश स्तर पर एक नई जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश व राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा युवा नेता शशिकांत शर्मा की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्हें प्रदेश स्तर पर इंडियन यूथ कांग्रेस ऐप पर संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव शशिकांत शर्मा प्रदेश स्तर पर संगठन के कार्यों को इंडियन यूथ कांग्रेस ऐप के माध्यम से प्रदेश संयोजक के रूप में देखेंगे। अर्की के युवा नेता ने प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष भानू चिब, राष्ट्रीय महासचिव विनीत कंबोज, प्रदेश सह प्रभारी योगेश हांडा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर सहित संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



## पाइनग्रोव में ईको क्लब क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

# हरित नेतृत्व की ओर बढ़ाया कदम



**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय ईको क्लब क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा प्रायोजित तथा प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक, सोलन के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायी कार्यशाला में सोलन जिले के विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय तथा निजी शिक्षण संस्थानों से आए 100 से अधिक ईको क्लब प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्यातिथि, कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने अपने संबोधन में पर्यावरणीय प्रदूषण से बचाव, सतत एवं सरल जीवनशैली अपनाने तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किए जा रहे पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें हरित परिवर्तन के वाहक कहा। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने वाले विशिष्ट अतिथियों में एमसी पिर्टा (उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, सोलन), आरके पराशर, अदित कंसल, अनिल बाली, सुमृति कश्यप, बलबीर सिंह, निशिकांत, अशोक, राजमन नेगी और मीनू कश्यप सम्मिलित रहे। पाइनग्रोव स्कूल के प्रधानाचार्य संजय चौहान ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए पर्यावरण जागरूकता की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को न केवल ज्ञान, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता से भी संपन्न होना चाहिए।

# अवैध खनन मामले को लेकर भाजपा ने किया थाने का घेराव

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** बद्दी के किशनपुरा हांडाकुंडी में अवैध खनन का मामला गर्माता जा रहा है। दून भाजपा मंडल ने विधायक राम कुमार चौधरी की पत्नी के द्वारा अवैध माइनिंग मामले में कार्रवाई न होने के विरोध में पुलिस थाना मानपुरा का घेराव किया। पदाधिकारियों ने बद्दी पुलिस व विधायक के खिलाके जमकर नारेबाजी की।

भाजपा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विधायक की पत्नी हांडाकुंडी में बड़े स्तर पर अवैध माइनिंग कर रही हैं, लेकिन पुलिस ने एफआईआर तक नहीं की। उन्होंने कहा कि दूसरों पर पुलिस तुरंत अवैध माइनिंग और चोरी का मामला दर्ज करती है, लेकिन यहां पर एफआईआर तक नहीं की गई। यह विरोध-प्रदर्शन भाजपा जिला सचिव गुरमेल चौधरी व मंडल अध्यक्ष मान सिंह मेहता के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कोकला माता मंदिर, जो किशनपुरा के हांडाकोंडी क्षेत्र में स्थित है, उसके पास अवैध रूप से बड़े-बड़े टिप्पर और पोकलेन मशीनों द्वारा माइनिंग की जा रही है, जबकि उनके पास किसी प्रकार की परमिशन या लीज उस जमीन की नहीं है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस जानबूझकर इस मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं। उनका कहना है कि जहां छोटे ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, वहीं विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। मान सिंह मैहता ने कहा कि यह दोहरा मापदंड सहन नहीं किया जाएगा। बीते दिनों कोकला माता मंदिर के समीप से तीन टिप्पर व एक पोकलेन मशीन को जब्त किया था, जो कि विधायक की पत्नी के बताए जा रहे थे। पुलिस ने अवैध माइनिंग करने के मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर पकड़े थे।

# बिना अध्यापक चल रहा अठावा स्कूल: रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान करते हुए बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला अवाठा गाताधार क्षेत्र के अति दुर्गम स्थान पर स्थित है, लेकिन यहां पर पिछले दो महीने से कोई भी अध्यापक कार्यरत नहीं है, जो अध्यापक इस पाठशाला में कार्यरत था, वह अध्यापक एचटी बनकर दूसरे पाठशाला में चला गया है।



इस कारण अब इस पाठशाला में कोई भी अध्यापक कार्यरत नहीं है, जबकि यहां पर पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 9 है। रावत ने बताया कि इस पाठशाला को चलाने के लिए केंद्र पाठशाला सागंना से एक अध्यापक को रोज बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है। इस कारण राजकीय केंद्र पाठशाला सागंना के बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। रावत ने बताया कि केंद्र पाठशाला सागंना में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 50 से अधिक है। इसको संभाल पाना एक अध्यापक के लिए बहुत मुश्किल हो रहा है। रावत ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला अवाठा के बच्चों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस पाठशाला के लिए जल्द अध्यापक की नियुक्ति की जाए, ताकि पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य खराब न हो।

# सकोड़ी पंचायत में बाहरी लोगों के कब्जे

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल की ग्राम पंचायत सकोड़ी में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंडाघाट-चायल सड़क मार्ग पर कई जगह पर्यटन व्यवसाय के नाम पर बाहरी क्षेत्रों के कारोबारियों ने सड़क किनारे डंगे और ट्रांसफार्मर लगाकर इसे संकरी कर दिया है और गांवों के भूमिगत सार्वजनिक पानी जैसे संसाधनों पर पानी के बोरवेल लगाकर इस पर अवैध कब्जा किया है। सरकार, विभाग और प्रशासन के पास विभिन्न माध्यम से कार्रवाई की मांग रखी गई, जिसकी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने भड़ेच गांव के समाजसेवी बलदेव ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत की कि गांव डून्नों में एक व्यक्ति अवैध रूप से सड़क के किनारे डंगा लगा रहा है। यह सड़क आजादी से 43 साल पहले पटियाला शाही के राज समय में निकली है। इस शिकायत का जवाब नहीं आया, तो उन्होंने यह मामला सोनाघाट में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में डीसी और जिला प्रशासन के सामने उठाया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन को दी शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि सरकार, विभाग और प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं। उनके संसाधनों पर कब्जा करने वाले के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी शिकायत पर अब भी कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो वह शांतिपूर्ण विरोध करेंगे।

## अर्की अस्पताल में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# हर तीसरा व्यक्ति उच्च रक्तचाप से प्रभावित: विजय

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** सिविल अस्पताल अर्की में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दूनी चंद के नेतृत्व में मनाया गया।

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हर वर्ष 17 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 17 मई से 16 जून तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने ब्लड प्रेशर से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं आशा वर्कर्स को बताया कि रक्तचाप वह बल होता है, जो रक्त हृदय से निकलकर धमनियों की दीवारों पर डालता है। सामान्य व्यस्क व्यक्ति का ब्लड प्रेशर लगभग 120/80 एमएम एचजी होना चाहिए, यदि यह स्तर लंबे समय तक 140/90 एमएम एचजी या उससे अधिक रहता है, तो उसे उच्च रक्तचाप माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में हर तीसरा व्यक्ति उच्च रक्तचाप से प्रभावित है, लेकिन उनमें से बहुत कम लोगों को इसकी जानकारी होती है यह बीमारी धीमे-धीमे हृदय, मस्तिष्क, किडनी और आंखों को क्षति पहुंचा सकती है इसलिए समय रहते इसकी पहचान और रोकथाम आवश्यक है।



सिविल अस्पताल अर्की में कार्यक्रम में मौजूद हेल्थ और आशा वर्कर्स।

इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सत्य शर्मा, भूषण वर्मा तथा लीला दत्त गर्ग भी उपस्थित रहे। इस मौके पर अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी हैं और उनके माध्यम से ही समुदाय के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकती हैं। उन्होंने आशा वर्कर्स को ब्लड प्रेशर के सामान्य लक्षण जैसे लगातार सिर दर्द, चक्कर आना, थकान, सीने में दर्द, धुंधली दृष्टि और नाक से खून आना की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित किया, ताकि वह जरूरतमंद लोगों को समय पर अस्पताल भेज सकें।

# रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन, कार्यों पर डाला प्रकाश

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** शिलाई विधानसभा क्षेत्र के कमरऊ में रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया।



इस अवसर पर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने विशेष रूप से शिरकत की और रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में इंदु गोस्वामी ने रानी अहिल्याबाई होलकर को एक कुशल प्रशासिका, धर्मनिष्ठ, दयालु और दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई के कार्य और आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अहिल्याबाई ने पुरुष-प्रधान समाज में राज सिंहासन को सफलतापूर्वक संभाला और नारी नेतृत्व की एक अनुपम मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान इंदु गोस्वामी ने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने आतंकियों को किसी भी कीमत पर न बख्शने का संकल्प लिया था और भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस अवसर पर भाजपा विधायक सुखराम चौधरी और प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने अपने संबोधन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा नेताओं ने वर्तमान सरकार के कार्यकाल को निराशाजनक बताते हुए कहा कि सरकार जनता से किए गए किसी भी वादे को पूरा करने में विफल रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव, जिला अध्यक्ष भाजपा धीरज गुप्ता, सीमा कन्याल, मनीष चौहान, इंद्र ठाकुर और साधुराम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**आयोजन** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नौणी विवि में कार्यक्रम आयोजित

# कृषि विज्ञान केंद्रों में शुरू होंगे आउटरीच कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने अपने पांच कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) और अनुसंधान स्टेशनों के साथ मिलकर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत व्यापक किसान आउटरीच पहल शुरू की है।

एक पखवाड़े तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत, विश्वविद्यालय ने सोलन, शिमला, चंबा, किन्नौर और ताबो में स्थित अपने कृषि विज्ञान केंद्रों और मशोबरा एवं शारबो में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण स्टेशन के विशेषज्ञों की 12 टीमों को संगठित किया है। ये टीमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगी और किसानों से सीधे संपर्क करेंगी, ताकि उन्हें तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। आउटरीच टीमों में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और आत्मा जैसे संबद्ध विभागों के विशेषज्ञ भी शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान और स्थानीय एफपीओ के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि ज्ञान से लैस करके, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग को बढ़ावा देकर और विभिन्न केंद्रीय कृषि योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा कर आगामी फसल सीजन के लिए तैयार करना है। अभियान का उद्देश्य किसानों के घर तक सीधे कृषि सेवाएं और सलाह पहुंचाना भी है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने नौणी, शमरोड़ और कोटला पंजोला के किसानों के एक समूह को संबोधित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते नौणी यूनिवर्सिटी के वीसी।

अपने संबोधन में प्रो. चंदेल ने किसानों को विश्वविद्यालय और इसके अनुसंधान केंद्रों को अपना दूसरा घर मानने और इन संस्थानों से प्राप्त वैज्ञानिक ज्ञान को अपने खेतों में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सेहतमंद और विविध आहार अपनाने पर जोर दिया। वीरवार को केवीके सोलन की तीन टीमों ने चायल के आसपास तुंडल, झझर और बडून गांवों का दौरा किया, जबकि एक अन्य टीम ने कुनिहार ब्लॉक के गांव को कवर किया गया। तीसरी टीम ने मान और लहराच गांवों का दौरा किया। शिमला जिले में केवीके शिमला और मशोबरा स्टेशन की टीमों ने चौपाल ब्लॉक में किसानों के खेतों का दौरा किया और केडी, रुसला और लालपानी के किसानों से बातचीत की। एक अन्य टीम ने कुपवी, धार चांदना और डाक गांवों का दौरा किया, जबकि मशोबरा की टीम ने नारकंडा ब्लॉक का दौरा किया। इसमें डीब, कुमारसैन और लाठी शामिल थे। केवीके चंबा ने भी तीन टीमों को किसानों को फील्ड में उतारा, जिन्होंने चंबा ब्लॉक के दुल्ला, फौलगट और सरोल गांवों का दौरा किया, अन्य दो टीमों ने सलूणी और भरमौर ब्लॉकों के गांवों को कवर किया।

# मांगें न मानने पर पेंशनर्स ने सरकार को जमकर कोसा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन ने कंडाघाट में अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इसमें सरकार को चेताया कि मांगों को नहीं माना, तो आंदोलन उग्र किया जाएगा।

संगठन ने जिलाध्यक्ष केडी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोबिंद भारद्वाज, जिला कार्यकारिणी और चायल व सायरी इकाईयों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बाजार होते हुए मिनी सचिवालय पहुंचा। सचिवालय में एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया। मिनी सचिवालय के बाहर पेंशनर्स संगठन ने धरना दिया। धरने में पेंशनर्स नेताओं ने अपनी मांगों को न मानने को लेकर सरकार को जमकर कोसा। सरकार को चेतावनी दी कि वह शांतिपूर्ण मांग कर रहे हैं, उनको आंदोलन पर मजबूर न करें। संगठन ने पांच सूत्री मांग 9 अप्रैल को सरकार को दी, उस पर सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया। इन मांगों में वर्ष 2016 से 22 के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बताया भुगतान, पेंशनर्स के बकाया मेडिकल बिल के लिए बजट प्रावधान करना, महंगाई भत्ते की तीन किश्ते जारी करना, 70 वर्ष आयुवर्ग के पेंशनर्स को 2016 के संशोधित बकाया भुगतान करना और राज्य स्तर पर संयुक्त सलाहकार समिति का गठन करना। इन मांगों के बारे सरकार लंबे समय से कोई निर्णय नहीं ले रही है।




कंडाघाट में पेंशनर्स मांगें न मानने पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### अथर्व कॉलेज मुंबई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंजीनियरिंग, एमबीए, होटल मैनेजमेंट, फैशन डिजाइन, फिल्म और टीवी, स्पोर्ट्स जैसे विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पीजीडीएम कोर्सेज के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। अथर्व मुंबई उपनगर शहर का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है और यह मलाड मार्वे रोड, मलाड पश्चिम मुंबई में स्थित है। अपना भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए हम आपको आमंत्रित करते हैं। उच्च गुणवत्ता, उन्नत शैक्षणिक वातावरण, सुसज्जित इमारत, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रयोगशालाएं, उत्कृष्ट शिक्षक, सर्वोत्तम शैक्षणिक वातावरण और छात्रों के भविष्य के लिए सर्वश्रेष्ठ स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराते हुए, उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रमों के साथ, अथर्व महाविद्यालय आपके करियर को एक नया और सही मोड़ देगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर की बेटियों के लिए प्रत्येक शाखा में छात्रवृत्ति के अंतर्गत एक सीट आरक्षित रखी गई है।

### सालवन में सीएम ने की करोड़ों की विकास योजनाओं की घोषणा

**अनंत ज्ञान, करनाल।** असंध क्षेत्र के सालवन गांव में गुरुवार को राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। सैनी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा महाराणा प्रताप का जीवन स्वाभिमान, साहस और धैर्य का प्रतीक है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। सदियों से युवा उनसे प्रेरणा लेते रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी को जयंती की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सालवन गांव में नहर के दोनों किनारों को पक्का करने सहित कई विकास कार्यों की घोषणा की। इसमें असंध-जींद रोड को फोरलेन करने की घोषणा की। सड़कों का रखरखाव और मरम्मत के लिए 54 सड़कों जिनकी कुल लंबाई 186 किलोमीटर है उन पर 88 करोड़ रुपए, 16 सड़कों की विशेष मरम्मत, और 41 सड़कों जिनकी कुल लंबाई 123 किलोमीटर है के रखरखाव के लिए बजट आवंटन किया। इसके अलावा असंध बाइपास के निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपए की घोषणा की। सालवन गांव में सामुदायिक कें द्र के लिए 5 करोड़ रुपए और अन्य विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए देने की सीएम ने घोषणा की।

### सोनीपत में अवैध हथियारों समेत 5 गिफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपियों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। सभी मामलों में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पहली घटना में थाना कुंडली पुलिस ने बुधवार की रात बैयापुर खुर्द निवासी कान्हा उर्फ मोनी को केएमपी अंडरपास, गांव छतेहरा के पास से गिरफ्तार किया। उसकी पैंट से 315 बोर की देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। दूसरे मामले में कुंडली क्षेत्र में ही फैक्टरी एरिया में गश्त के दौरान आकाश निवासी गांव कुंडली को पकड़ा गया। उसके पास से भी एक 315 बोर की पिस्तौल मिली। तीसरी घटना में क्राइम यूनिट सेक्टर-27 ने खन्ना कॉलोनी निवासी रोहित उर्फ बाबा को महलाना रोड, सैक्टर 23 के पास से हिरासत में लिया। उसकी तलाशी में 315 बोर की पिस्तौल और दो जिंदा रौंद बरामद हुए। चौथे मामले में थाना मोहाना पुलिस ने 27 मई को चिटाना नहर पुल के पास पांची जाटान निवासी कृष्ण को दबोचा। तलाशी में उससे एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद मिला। पांचवीं घटना में क्राइम यूनिट वेस्ट ने गोहाना निवासी अभिषेक को 28 मई को नगर मोड़, खरखौदा रोड़ से गिरफ्तार किया। उससे एक 315 बोर की देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ।

### गुरुग्रामः पुलिस ने नष्ट किए गांजा व नशीले पदार्थ

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में बरामद किए गए मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा इन मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। सेक्टर-37 इंडस्ट्रियल एरिया में बायोटिक वेस्ट लिमिटेड कंपनी में इन्हें नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 116.030 किलोग्राम गांजा, 69 ग्राम स्मैक, 10.619 किलोग्राम चरस, 342.368 ग्राम हेरोइन, 01.008 ग्राम एमडीएमए, 253.0358 किलोग्राम ब्राउन पाउडर, 08.089 ग्राम कोकीन, 02.348 किलोग्राम पॉपी हस्क शामिल थे। इस दौरान डॉ. अर्पित जै पुलिस उपायुक्त मुख्यालय व सुशीला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय मौजूद रहे।

# हिसार : पानी की किल्लत से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

## भाजपा नेता के नेतृत्व में रोड जाम कर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, हिसार**

हांसी के वार्ड 23 में पानी की किल्लत से गुस्साए क्षेत्रवासियों ने विधायक विनोद भ्याना के आवास के समीप बरवाला रोड पर गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए रोड पर जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा मंडल प्रधान तनुज खुराना व वार्ड पार्षद आशीष उर्फ पिंकू ने किया।



विधायक आवास के समीप सड़क जाम किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को शाम तक समस्या का समाधान किए जाने पेयजल आपूर्ति का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

हिसार चुंगी के समीप स्थित वार्ड 23 में जनस्वास्थ्य द्वारा सप्लाई किए जाने वाला पानी नहीं आने से से नाराज लोगों ने विधायक आवास से महज कुछ कदम की दूरी पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने हांसी बरवाला रोड को हिसार चुंगी के पास जाम कर दिया, जिस वजह से वहां जाम लग गया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना ने किया। इस दौरान लोगों ने पार्षद और जल आपूर्ति विभाग के खिलाफ नारे लगाते हुए जमकर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान मंडल प्रधान तनुज खुराना ने भी प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ जनस्वास्थ्य विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर मंडल प्रधान तनुज खुराना ने बताया कि उन्होंने पानी संकट बारे पहले ही विधायक से बात की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। लोगों का कहना है कि कई दिनों से पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा, जिससे लोगों को पानी को लेकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महिलाओं का कहना है कि उनके घरों में पिछले कई दिनों से पानी नहीं आ रहा, जबकि वार्ड के अन्य हिस्सों में पानी की सप्लाई हो रही है। मजबूरन उन्हें प्रदर्शन कर सड़क जाम का सहारा लेना पड़ा।

# फोर्टिस मोहाली ने वास्कुलर रोगों के इलाज की एडवांस्ड क्लॉट रिट्रीवल तकनीक की शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

फोर्टिस अस्पताल मोहाली ने वास्कुलर रोगों (नसों से जुड़ी बीमारियों) के उपचार विशेष रूप से डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल के वास्कुलर सर्जरी विभाग ने डॉ. रावुल जिंदल (डायरेक्टर, वास्कुलर सर्जरी) के नेतृत्व में अत्याधुनिक नॉन-थ्रोम्बोलिटिक मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी उपकरणों को सफलतापूर्वक लागू किया है। ये उन्नत उपकरण उन मरीजों के लिए तेज, सुरक्षित और अधिक प्रभावी इलाज उपलब्ध कराते हैं जो शरीर में फैले बड़े रक्त के थक्कों (ब्लड क्लॉट्स) से पीड़ित है।



डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आमतौर पर टांगों की गहरी नसों में रक्त का थक्का जम जाता है। यदि इसका समय पर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है। पारंपरिक रूप से डीवीटी का इलाज एंटीकोएगुलेंट थैरेपी से किया जाता था, जो केवल थक्के को बढ़ने से रोकती है, लेकिन उसे सक्रिय रूप से हटाती नहीं है। फोर्टिस मोहाली अब अगली पीढ़ी के क्लॉट रिट्रीवल सिस्टम्स की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिनमें पेनुम्ब्रा इंडिगो लाइटनिंग सिस्टम (एक वैक्यूम-आधारित, इमेज-गाइडेड एस्पिरेशन सिस्टम) और इनारी क्लॉटट्रीवर सिस्टम (एक कैथेटर-आधारित उपकरण जो बिना थ्रोम्बोलिटिक दवाओं के बड़े थक्कों को एक ही सत्र में हटाने के लिए डिजाइन किया गया है) शामिल हैं।

डॉ. रावुल जिंदल ने बताया कि एंटीकोएगुलेशन जरूरी है, लेकिन यह केवल थक्के को बढ़ने से रोकता है, उसे हटाता नहीं है। यदि डीवीटी गंभीर हो, तो शुरुआती चरण में ही थक्का हटाना बेहद जरूरी होता है, ताकि नसों में लंबे समय तक रुकावट, उच्च रक्तदाब और पोस्ट-थ्रोम्बोटिक सिंड्रोम (पीटीएस) से बचा जा सके। ये आधुनिक तकनीकें थक्के को तुरंत और प्रभावी ढंग से हटाती हैं। उत्तर भारत से आ रहे मरीज अब इन तकनीकों से शीघ्र स्वस्थ हो रहे हैं और अस्पताल में कम समय रुकना पड़ रहा है। इसके चलते फोर्टिस अस्पताल मोहाली डीवीटी के इलाज का एक अग्रणी केंद्र बन गया है।

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी चंडीगढ़ शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी शाखा चंडीगढ़ ने जीएमसीएच-32 के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के सहयोग से आज सेक्टर 22 स्थित पशु चिकित्सालय में सफलतापूर्वक एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन नवीन, एसडीएम (सेंट्रल)-कम-निदेशक, पशुपालन, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किया गया।

**800 से अधिक यूनिट किया रक्त एकत्रित**

रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी चंडीगढ़ की नोडल अधिकारी, सुश्री पूनम मलिक ने सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न रक्तदान अभियानों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक कुल 9 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है, जिनमें 800 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आज के शिविर को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 65 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। डॉ. अश्वनी, संयुक्त निदेशक, एवं पशुपालन विभाग के स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इस मानवीय कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।

विश्वास फाउंडेशन ने रक्तदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था कर इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी शाखा चंडीगढ़, सभी रक्तदाताओं, विश्वास फाउंडेशन और उन गणमान्य व्यक्तियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती है, जिनके सहयोग से यह पुनीत कार्य संभव हो सका।

# मेयर बबला ने स्मार्ट पार्किंग समाधान पर की चर्चा

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने वीरवार को एक परामर्श बैठक की समीक्षा की, जिसमें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत स्मार्ट पार्किंग समाधान के विकास पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस परियोजना के लिए आगामी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल के फ्रेमवर्क को अंतिम रूप देना था।

इस परामर्श बैठक में समिति के अध्यक्ष सौरभ जोशी, उमेश घई, जसविंद्र कौर और दर्शना पुरी (सभी पार्षद) के साथ-साथ संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग और नगर निगम के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, मेयर ने चंडीगढ़ की बढ़ती पार्किंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचारी और कुशल तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एक पारदर्शी और भविष्यदर्शी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया, जिससे शहर के लिए एक स्थायी शहरी गतिशीलता समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



परामर्श समीक्षा बैठक में उपस्थित मेयर हरप्रीत कौर बबला व अन्य।

बैठक में जिन प्रमुख सुझावों पर चर्चा हुई, उनमें एआई-आधारित और आरएफआईडी-सक्षम प्रणाली, प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट, वैलेट पार्किंग सेवाएं, वास्तविक समय में उपलब्धता दिखाने वाले एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, और एएनपीआर/ओसी जैसी तकनीकों का उपयोग शामिल था। प्रस्तावों में पार्किंग क्षेत्रों का जोनिंग करना, कंसोर्टियम और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को अनुमति देना, और लागत प्रभावशीलता के लिए पीओएस या टिकटिंग मशीनों में से चुनाव करना भी शामिल था।

अन्य बिंदुओं में जनशक्ति अनुपालन सुनिश्चित करना, जियो-फेंसिंग की शुरुआत करना, और स्टांप ड्यूटी से संबंधित नियमों को संबोधित करना शामिल था। नगर निगम सभी सुझावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करेगा ताकि आरएफपी को परिष्कृत किया जा सके और शहर की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अत्याधुनिक स्मार्ट पार्किंग प्रणाली लागू की जा सके।

### मणिपुर में 15 तक बन सकती है नई सरकार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना है। राज्य के 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इनमें 8 भाजपा, NPP और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इनमें से ही एक विधायक ने भास्कर को बताया, 'नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है। उम्मीद है कि 15 जून तक एक सरकार बन जाएगी।' इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो चुके हैं। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। राज्य में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। बता दें कि 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। बीरेन सिंह पर राज्य में डेढ़ साल से ज्यादा समय तक चली हिंसा न रोक पाने के चलते काफी दबाव था। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 321 अंक चढ़ा, निफ्टी 24800 के पार

**एजेंसी, मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में 29 मई को एक बार फिर हरियाली लौट आई। उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 320.70 अंक चढ़कर 81,633.02 पर, जबकि निफ्टी 81.15 अंक बढ़कर 24,833.60 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक रुपया 12 पैसे गिरकर 85.50 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। **(अनंत ज्ञान)**



### केरल में मूसलादार बारिश से भारी नुकसान

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** इस साल मानसून ने तय समय से पहले ही देश में दस्तक दे दी है, जिसके चलते देश के दक्षिणी हिस्सों में लगातार भारी बारिश हो रही है। दक्षिण में मानसूनी बारिश से सबसे प्रभावित राज्य केरल है। यहां बारिश से बड़े पैमाने पर नुकसान को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गंभीर निम्न दबाव के कारण अगले कुछ दिनों में राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। इस दबाव के चलते केरल के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश और 40-60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है।आईएमडी ने केरल के जिन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, उनमें पठानमथिट्टा, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों हैं। इन जिलों में आज के लिए रेड अलर्ट और शेष जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# आतंकवादी समूह भारत को अस्थिर कर रहे, दंगे कराना चाहते : ओवैसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं। इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब कर रहे हैं। सऊदी अरब के रियाद में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान को फाटा की ग्रे लिस्ट में वापस लाया जाना चाहिए। तभी हम इन सभी आतंकवादी संगठनों के इस आतंकी वित्तपोषण को नियंत्रित कर पाएंगे। पाकिस्तान की संलिप्तता के स्पष्ट सबूत हैं। ये आतंकवादी समूह वहां फल-फूल रहे हैं, उन्हें वहां प्रशिक्षित किया जा रहा है और उनका पूरा काम भारत को अस्थिर करना, भारत में और अधिक हिंदू मुस्लिम दंगे कराना है।' (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

### महात्मा गांधी का देश अब दूसरा गाल आगे नहीं करेगाः थरूर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार रात को कहा कि महात्मा गांधी का देश अब किसी हमले पर दूसरे गाल को आगे नहीं करेगा। जवाब में सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख एकदम साफ है। हम आतंकवाद के खिलाफ पूरी दृढ़ता से खड़े हैं। उन्होंने यह बात पनामा में भारतीय दूतावास के एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का जिक्र किया। ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष रखने के लिए शशि थरूर सहित 7 सांसदों के नेतृत्व में ऑल पार्टी डेलिगेशन 5 देशों का दौरा कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह बोले-

# एक बार हमने जो कमिट कर लिया फिर अपने आप की भी नहीं सुनते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वीरवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर इसे बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया। सीआईआई बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'हम जिस ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात कर रहे हैं, यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं हर भारतीय का शुक्रिया अदा करता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की उम्मीद कर रहा था।' उन्होंने कहा, 'जैसा कि बार-बार कहा जाता रहा है कि यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी ने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया, सभी एजेंसियां, सभी बल, हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई आपके साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' उन्होंने कहा कि चाहे वह जमीन की ताकत हो या जल की, वायुसेना हमेशा रहेगी। हम जो भी ऑपरेशन करते हैं, हम उसे वायु सेना के बिना नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि इस ऑपरेशन के दौरान यह बहुत अच्छी तरह से साबित हुआ है। (अनंत ज्ञान)



# वेस्ट बैंक में यहूदी कालोनियां बसाएगा इसराइल

## गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर भी किया कब्जा

**एजेंसी, वेस्ट बैंक**

इसराइल ने वीरवार को बताया कि अधिकृत वेस्ट बैंक इलाके में 22 नई यहूदी कालोनियां बसाई जाएंगी। साथ ही सरकार की मंजूरी के बिना बनाई गई चौकियों को भी अधिकृत किया जाएगा। इसराइल ने 1967 के मध्यपूर्व युद्ध में वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्व यरूशलम पर कब्जा कर लिया था।

वहीं, फिलस्तीनी लोग इन तीनों इलाकों पर वापस अपना कब्जा चाहते हैं, ताकि आजाद फिलस्तीन देश की स्थापना की जा सके। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी इसराइल के वेस्ट बैंक में यहूदी कालोनियां बसाने के फैसले के खिलाफ है।

उधर, गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर अब इसराइल का कब्जा हो गया है। साल 2005 में इसराइल ने गाजा पट्टी में अपनी बस्तियों को हटा लिया था, लेकिन मौजूदा सरकार अब फिर से गाजा में यहूदी बस्तियों को बसाने पर विचार कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**वेस्ट बैंक में मजबूत होगी इसराइली पकड़**

**सरकार** के फैसले का बचाव करते हुए इसराइली रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि यहूदी कालोनियां बसाने के फैसले से हमारी जुडएआ और समारिया पर पकड़ मजबूत होगी। इससे इसराइल की धरती पर हमारा ऐतिहासिक दावा पक्का होगा और साथ ही फिलस्तीनी आतंकवाद को कुचलने में मदद मिलेगी।' काट्ज ने कहा कि वेस्ट बैंक में यहूदी कालोनियां बसाने का फैसला रणनीतिक रूप से भी अहम है और इससे इसराइल पर खतरा कम होगा।

### एलन मस्क की एक्सएआई का टेलीग्राम के साथ करार

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्सएआई अब लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर अपना चैटबॉट ग्रोक उपलब्ध कराने जा रही है। इसके लिए ने एक्सएआई ने टेलीग्राम को 300 मिलियन डॉलर का भुगतान करने का फैसला किया है। इस सौदे का मकसद टेलीग्राम के एक अरब से अधिक यूजर्स तक पहुंचना और तेजी से बढ़ते एआई बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है। टेलीग्राम के फाउंडर पावेल ड्यूरोव ने इसकी जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

**300 मिलियन डॉलर में हुई डील**

# जासूसी के शक में कांग्रेस नेता का पूर्व पीए गिरफ्तार

**एजेंसी, जैसलमेर**

जैसलमेर में सुरक्षा एजेंसियों ने जासूसी के शक में एक सरकारी कर्मचारी को पकड़ा है। वह 2008 में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सालेह मोहम्मद का निजी सहायक था। उस वक्त सालेह मोहम्मद पोकरण से विधायक थे। पकड़ा गया शकूर खान मंगालिया जिला रोजगार कार्यालय में क्लर्क है। आरोप है कि वह अपने विभाग को बिना बताए पाकिस्तान की यात्रा पर गया था। शकूर खान मंगलियों की ढाणी, बड़ोडा गांव का निवासी है। शकूर को बुधवार को रोजगार कार्यालय से सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा। उससे पाकिस्तान यात्रा को लेकर पूछताछ की गई। जैसलमेर में पूछताछ के बाद रात को उसे जयपुर लेकर गए। बताया जा रहा है कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है, इसलिए उससे जयपुर में सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ करेंगी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी कोर्ट की ट्रंप के टैरिफ पर रोक

## कहा- इकोनॉमी का हवाला देकर राष्ट्रपति अपने अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ रहे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका की मैनहट्टन ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ के बड़े हिस्से पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट ने बुधवार (29 मई), को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर अमेरिका के ट्रेड पार्टनर्स से इंपोर्ट पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगा दिया है।



कोर्ट ने सरकार से इस पर 10 दिनों के भीतर जवाब देने को भी कहा है। द कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने कहा कि अमेरिकी संविधान संसद (कांग्रेस) को दूसरे देशों के साथ केवल व्यापार को रेगुलेट करने का विशेषाधिकार देता है।

इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रपति इकोनॉमी का हवाला देकर अपने इमरजेंसी पावर से कुछ भी करें।

मामले की सुनवाई करने वाले तीन जजों के पैनल ने कहा, 'राष्ट्रपति टैरिफ के एक दबाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं, हम उनकी समझ और टैरिफ की प्रभावशीलता पर फैसला नहीं देते। राष्ट्रपति का यह प्रयोग गलत है इसलिए नहीं कि यह नासमझी या बेअसर है, बल्कि इसलिए कि यह फेडरल लॉ के खिलाफ है।' (अनंत ज्ञान)

**ट्रंप प्रशासन फैसले के खिलाफ करेगा अपील**

**ट्रंप** प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ तुरंत अपील करने की बात कही है। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर दावा किया कि उनकी टैरिफ नीति अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए जरूरी थी। हालांकि, कोर्ट ने सुझाव दिया कि ट्रंप ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 के तहत 150 दिनों के लिए 15 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन इसके लिए भी ठोस आधार चाहिए।

**वनाग्नि** आग के कारण 17 हजार के करीब लोगों को करना पड़ रहा पलायन

# कनाडा में बेकाबू हुई जंगल की आग, आपातकाल लागू

**एजेंसी, ओटावा**

कनाडा के राज्य मैनिटोबा के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो गई है। आग के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। स्थानीय प्रशासन ने हालात को देखते हुए आपातकाल लागू कर दिया है। साथ ही सेना बुलाई गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी सेना भेजने की अनुमति दे दी है। मैनिटोबा के प्रीमियर वैब किन्यू ने बताया कि राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा निकासी अभियान चलाया जा रहा है। आग के चलते 17 हजार के करीब लोगों को पलायन करना पड़ा है। किन्यू ने बताया कि सेना को मदद के लिए बुलाया गया है।



कनाडा के एक जंगल में लगी आग।

**मैनिटोबा में 22 जगह लगी है आग :** मैनिटोबा के जंगलों में 22 जगह आग लगी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पूरे कनाडा से अग्निशमन विभाग के लोग आग से लड़ने में मदद कर रहे हैं। इस साल अब तक, मैनिटोबा में 102 बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

**5000 लोगों को शहर छोड़ने का आदेश**

**मैनिटोबा** के फ्लिन फ्लोन शहर के जंगलों में लगी आग बेहद खतरनाक हो गई है, जिसके चलते शहर के करीब 5000 लोगों को शहर छोड़ने का निर्देश दिया गया। शहर के मेयर ने बताया कि आग इतनी तेजी से धधक रही है कि सभी लोगों को आधी रात तक शहर छोड़ने का आदेश दिया गया है। मैनिटोबा के सस्केचेवान इलाके में भी भीषण आग लगी है। आग के चलते सस्केचेवान में 1200 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

### तीन पंजाबी युवक ईरान में अगवा

**चंडीगढ़।** दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया के लिए निकले तीन पंजाबी युवकों को ईरान में ठहरने के बहाने एजेंटों ने अगवा कर लिया। अब युवकों के परिजनों से उन्हें छोड़ने के बदले करोड़ों रुपए मांगे जा रहे हैं। उन्हें पाकिस्तानी बैंक खातों में पैसे जमा कराने की धमकी दी जा रही है। पीड़ितों में संगरूर जिले के धुरी निवासी हुशनप्रीत सिंह, नवांशहर के जसपाल सिंह और होशियारपुर के अमृतपाल सिंह शामिल हैं। उधर, होशियारपुर पुलिस ने एक महिला समेत तीन एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों में ट्रैवल एजेंट धीरज और कमल के साथ एक महिला भी शामिल है। इनके खिलाफ अपहरण और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड






ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679






पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24






सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## आईपीएल एलिमिनेटर : हारने वाली टीम बाहर और विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मिलेगा मौका

# गुजराज टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक मुकाबला आज

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा। खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम प्ले ऑफ में जगह बनाने में सफल रही।

टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि, गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी।

हार्दिक को पिछले साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। हालांकि, दोनों कप्तान को खिताब की तलाश में अपने सामने मौजूद मुद्दों का हल खोजना होगा।





टाइटंस की टीम अधिक चिंतित होगी, क्योंकि उसने प्ले ऑफ से पहले लय गंवा दी है। टीम ने अपने पिछले दो मैच में हार के दौरान विरोधी टीम को 465 रन बनाने दिए और प्ले ऑफ में उसे गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मोहम्मद सिराज को पावर प्ले में टीम को सफलता दिलानी होगी।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है जिससे टाइटंस की समस्याएं बढ़ गई हैं और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ गया है जो मौजूदा सत्र में 23 विकेट के साथ टीम के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुए हैं।

टाइटंस के मध्यक्रम में मौजूद शाहरुख खान और शेरफेन रदरफोर्ड सबसे अधिक भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं जिससे मुंबई के खिलाफ टाइटंस की राह आसान नहीं होगी। टाइटंस की तरह मुंबई को भी विदेशी खिलाड़ियों के जाने से नुकसान हुआ है। शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा के साथ रेयान रिकल्टन ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अब राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुका है। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स के साथ भी ऐसा ही है। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के अलावा रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका को मुंबई ने अपने साथ जोड़ा है। एलिमिनेटर में रोहित के साथ बेयरस्टो पारी का आगाज कर सकते हैं। मध्यक्रम में तिलक वर्मा का खराब प्रदर्शन भी मुंबई के लिए चिंता का सबब है।

सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी में मुंबई के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह मौजूदा सत्र में 640 रन बना चुके हैं। अगर वह विफल रहते हैं तो मुंबई की राह बेहद मुश्किल हो जाएगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के बल्लेबाज जिस रन गति से रन जोड़ रहे हैं वह भी परेशानी का सबब है और हार्दिक को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों की अगुआई में मुंबई के गेंदबाज विरोधी टीम को अधिक परेशान कर रह हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएट्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जन्नत, शेरफेन रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बरार, इशांत शर्मा, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, दासुन शनाका, कुसल मेंडिस और जोस बटलर।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवन जैकब्स, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिचेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एएफसी अंडर-23 एशियाई कप
## क्वालीफायर में कतर, बहरीन और ब्रुनेई दारुस्सलाम से भिड़ेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम को वीरवार को एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच में रखा गया और वह मेजबान कतर, बहरीन तथा ब्रुनेई दारुस्सलाम से भिड़ेगा। ड्रॉ का आयोजन कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में किया गया। ग्रुप-एच की मेजबानी ग्रुप की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम कतर को मिली है और ग्रुप के मैच एक से नौ सितंबर के बीच खेले जाएंगे। क्वालीफायर के लिए 44 टीम को चार-चार टीम के 11 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप के विजेता और चार सर्वश्रेष्ठ उप विजेता के अलावा मेजबान सऊदी अरब सहित 16 टीम जनवरी 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप के सातवें सत्र में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में अंतिम रैंकिंग के आधार पर तैयार की गई अंक प्रणाली के आधार पर ड्रॉ के दौरान वरीयता दी गई। भारत को 'पॉट' तीन में रखा गया था। भारत ने इससे पहले नौशाद मूसा को अंडर-23 राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। मूसा एक जून से प्रभार संभालेंगे जब भारतीय टीम ट्रेनिंग के लिए कोलकाता में जुटेगी। टीम इसके बाद ताजिकिस्तान (18 जून) और किर्गिस्तान (21 जून) के खिलाफ दो अनुभव मैच खेलने के लिए ताजिकिस्तान रवाना होगी। (अनंत ज्ञान)



### मॉडल से कम नहीं जहांआरा आलम

**बांग्लादेश।** जहांआरा आलम का शुमार महिला क्रिकेट की बेहतरीन तेज गेंदबाजों में होता है। 30 साल की जहांआरा क्रिकेट के साथ-साथ अपने लुक के चलते भी सुर्खियों में रहती है। मॉडल से कम नहीं यह बांग्लादेशी क्रिकेटर, जिसके फैंस उसके मेकअप पर फिदा हैं।



## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी रहे हमारी सफलता की कुंजी : पोंटिंग

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

सालों की नाकामी के बाद इस साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रही पंजाब किंग्स टीम में आए बदलाव के सूत्रधार रहे रिकी पोंटिंग का मानना है कि नीलामी में टीम की रणनीति और 'अनकैप्ड' (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है) खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने इस सत्र में अलग तरह से खेलने की उनकी योजना को फलीभूत करने में मदद की। पंजाब ने 2014 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाई है। पंजाब की टीम लीग चरण में शीर्ष स्थान पर रही।



पोंटिंग बतौर खिलाड़ी और मुख्य कोच मुंबई इंडियंस के साथ खिताब जीत चुके हैं, जबकि सात सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कोच रहे। पंजाब से जुड़ने से पहले उन्होंने मालिकों को साफ तौर पर कहा था कि टीम संचालन में उन्हें पूरा नियंत्रण चाहिए। उन्हें खुली छूट देने के नतीजे सामने हैं कि टीम ने इतना शानदार प्रदर्शन किया।

आईपीएल प्लेआफ से पहले पीटीआई से बातचीत में पोंटिंग ने कहा कि टीम से जुड़ने के साथ ही उन्होंने सुनिश्चित कर लिया था कि इस बार चीजें अलग होंगी। उन्होंने कहा,''हमने नीलामी से ही शुरुआत कर दी थी जब सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को बरकरार रखा जिसके लिए काफी आलोचना भी हुई। लोगों को लगा कि हमने गलती कर दी, लेकिन मैं काफी स्पष्ट था कि टीम को कहां ले जाना चाहता हूं और उसके लिए हमने सही खिलाड़ी चुने।''

पोंटिंग ने कहा ,''अभी तक सत्र अच्छा रहा है और मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में छह अनकैप्ड खिलाड़ी टीम में थे, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। हमने आपस में बात की थी कि हमें शीर्ष दो में रहना है और हम लीग चरण के बाद शीर्ष पर रहे। बहुत अच्छा लग रहा है।'' (अनंत ज्ञान)

## क्वालिफायर-1 : बेंगलुरु के पेसर्स के सामने बिखरा पंजाब

**एजेंसी, चंडीगढ़**

आईपीएल का क्वालिफायर-1 पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच न्यू चंडीगढ़ स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब के बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह कुछ खास नहीं कर पाए और जल्दी ही चलते बने। आर्या 5 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें यश दयाल ने क्रुणाल पांड्या के हाथों कैद करवाया। उसके बाद प्रभसिमरन भी 10 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हो गए। फिर श्रेयस अय्यर भी कुछ खास नहीं कर पाए और 3 गेंदों में 2 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जोश इंगलिस भी मात्र 7 गेंदों में 4 रन बनाकर चलते बने। नेहाल वढेरा ने 10 गेंदों में 8 रन बनाए। स्टोनिस ने थोड़ी देर पारी को संभाला और 17 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हो गए। पंजाब किंग्स के खिलाड़ी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और एक के बाद एक आउट होते गए। समाचार लिखे जाने तक पंजाब ने 13 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 92 रन बना लिए थे। उमरजेई (13) और हरप्रीत बराड़ (4) रन बनाकर खेल रहे थे।



विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करता भुवनेश्वर।

## जडेजा बोले-मैं टेस्ट कप्तान बनना चाहता हूं, पर गंभीर ने तोड़ा सपना?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल बन गए हैं। गिल की बतौर टेस्ट कप्तान पहली टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ होगी। वैसे इस सीरीज के शुरू होने से पहले ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बताया है कि वह टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं। आर अश्विन के साथ पॉडकास्ट में रवींद्र जडेजा ने बताया कि वह रिटायर होने से पहले टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं। जडेजा से अश्विन ने पूछा- रिटायर होने से पहले आप क्रिकेट में क्या हासिल करना चाहते है? इस पर जडेजा ने कहा- टेस्ट कप्तानी। बता दें जब टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान की खोज चल रही थी तो आर अश्विन ने ट्वीट कर कहा था कि टेस्ट कप्तान जसप्रीत बुमराह को बनना चाहिए। अगर वह नहीं हैं तो जडेजा भी एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं, लेकिन भारतीय टीम मैनेजमेंट ने शुभमन गिल को इसके लायक समझा। गिल को टेस्ट कप्तानी सौंपी गई और इसमें हेड कोच गौतम गंभीर का बड़ा रोल माना जाता है। बता दें रवींद्र जडेजा को कप्तानी का ज्यादा अनुभव नहीं है। उन्होंने 2023 में रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र की कप्तानी की थी। इसके अलावा यह खिलाड़ी आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की कमान भी संभाल चुका है, लेकिन वह बीच में ही कप्तानी छोड़कर चले गए थे। मतलब जडेजा ने कप्तानी तो की है, लेकिन उन्हें इसका ज्यादा अनुभव है नहीं। वैसे जडेजा ने टेस्ट कप्तानी को लेकर एक दिलचस्प बात भी कही है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)



## फ्रेंच ओपन में बोपन्ना-बालाजी जीते पुरुष युगल के दूसरे दौर में 3 भारतीय

**एजेंसी, पेरिस।** रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी ने रोलां गैरो पर अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के तीन खिलाड़ी पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक ने रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी की जोड़ी को 7-6, 5-7, 6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला ने पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में सिर्फ 51 मिनट में चीन के युनचाओकेट बू और अर्जेंटीना के कैमिलो उगो काराबेली को 6-2, 6-1 से हराया। (अनंत ज्ञान)



## पाकिस्तान ने बांग्लादेश पर 37 रन से दी शिकस्त

**एजेंसी, लाहौर।** तेज गेंदबाज हसन अली ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए, जिससे पाकिस्तान ने पहले टी20 में बांग्लादेश को 37 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ 56 रन की पारी खेली, जिससे मेजबान टीम ने सात विकेट पर 201 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम हसन अली और शादाब खान (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने कप्तान लिटन दास की 48 रन की पारी के बावजूद 19.2 ओवर में 164 रन पर सिमट गई। जाकिर अली (36) और सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (31) भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के नए कोच माइक हेसन के मार्गदर्शन में यह पहली सीरीज है। (अनंत ज्ञान)

### चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट : भारत-ए बनाम इंग्लैंड लायंस
## भारतीय युवाओं की 'अग्नि परीक्षा' आज से

**एजेंसी, कैंटरबरी (इंग्लैंड)**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी समेत कई प्रमुख टेस्ट क्रिकेटर इंग्लैंड के हालात में ढलने की कोशिश करेंगे, जब भारत-ए टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट खेलेगी।



जायसवाल और नीतिश के अलावा भारत-ए टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, करुण नायर, तेज गेंदबाज आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर भी हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 20 जून से लीड्स पर शुरू होगी। करुण को छोड़कर बाकी सभी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है। ईश्वरन की बात करें तो रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारत को जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत के लिए एक बल्लेबाज चाहिए। इसके साथ ही विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर के लिए भी बल्लेबाज चाहिए।

ईश्वरन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 101 मैचों में पारी का आगाज कर चुके हैं। वह कई मौकों पर पहले भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के करीब पहुंचे, लेकिन चूक गए। अब रोहित के संन्यास के बाद वह सलामी बल्लेबाज या तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना सकते हैं। चयनकर्ता अगर केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका देते हैं तो वह तीसरे नंबर पर और नए कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। करुण भी आठ साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं। इंग्लैंड में नॉर्थम्पटनशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेल चुके करुण को यहां के हालात का अच्छा अनुभव है।

भारत-ए टीम और टेस्ट टीम में शार्दुल ठाकुर के चयन से साबित है कि टीम प्रबंधन गेंदबाजी में और आक्रामकता चाहता है। ऐसे में शार्दुल अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

टेस्ट टीम में शामिल जुरेल और एक बार फिर उपेक्षा का शिकार हुए सरफराज खान खुद को तैयार रखेंगे, ताकि अगर मौका मिलता है तो वह इसे भुना सकें। इंग्लैंड की बात करें तो जोर्डन कॉक्स की फिटनेस पर नजरें होंगी जो पेट की मांसपेशी में चोट के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट नहीं खेल पाए थे। 21 वर्ष के जेम्स रियू लायंस के कप्तान हैं और इस साल काउंटी चैंपियनशिप में 55 की औसत से रन बना चुके हैं। स्पिनर रेहान अहमद और हरफनमौला क्रिस वोक्स भी टीम में हैं। (अनंत ज्ञान)

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर

**एजेंसी, सिंगापुर**

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने वीरवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि, दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21, 21-18, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21 14-21 से हारकर बाहर हो गए। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेट : आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम की तैयारी
## सितंबर में भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ खेलेगी 3 वनडे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल देश में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के तौर पर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने बुधवार को यह जानकारी दी।



बीसीसीआई ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीमें सितंबर से नवंबर के बीच भारत का दौरा करेंगी और इस दौरान बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी, जो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 से पहले टीम की तैयारी में अहम भूमिका निभाएगा।'' महिलाओं की सीरीज के तीन मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 14, 17 और 20 सितंबर को खेले जाएंगे। भारत में 50 ओवर के महिला विश्व कप का आयोजन कई स्थलों पर 29 सितंबर से 26 अक्तूबर के बीच किया जाएगा। लगभग इसी समय ऑस्ट्रेलिया की पुरुष 'ए' टीम भी भारत दौरे पर होगी और यहां चार दिवसीय दो मैच खेलने के अलावा तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेगी।

दौरे की शुरुआत लखनऊ में 16-19 सितंबर तक चार दिवसीय मैच के साथ होगी। दूसरा मैच भी इसी स्थल पर 23-26 सितंबर तक खेला जाएगा। तीन एकदिवसीय मैच कानपुर में 30 सितंबर तथा तीन और पांच अक्तूबर को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के बाद अक्तूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीम के खिलाफ भी सीरीज होगी।

बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''दक्षिण अफ्रीका की पुरुष ए टीम भी विस्तृत सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी, जिसमें बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के प्रारूप के मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। दो बहुदिवसीय मुकाबले बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होंगे जबकि तीन एकदिवसीय मैच एन चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाएंगे।'' दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चार दिवसीय दो मैच 30 अक्तूबर तथा छह नवंबर से खेले जाएंगे। एकदिवसीय मुकाबलों का आयोजन 13, 16 और 19 नवंबर को होगा। 'ए' दौरों का आयोजन सामान्यत: सीनियर टीम की सीरीज से पहले किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का भारत दौरा

- 14 सितंबर पहला एकदिवसीय, चेन्नई
- 17 सितंबर दूसरा एकदिवसीय, चेन्नई
- 20 सितंबर तीसरा एकदिवसीय, चेन्नई

### ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम का भारत दौरा

- 16-19 सितंबर पहला चार दिवसीय मैच, लखनऊ
- 23-26 सितंबर दूसरा चार दिवसीय मैच, लखनऊ
- 30 सितंबर पहला एकदिवसीय, कानपुर
- 3 अक्तूबर दूसरा एकदिवसीय, कानपुर
- 5 अक्तूबर तीसरा एकदिवसीय, कानपुर

### दक्षिण अफ्रीका पुरुष टीम का भारत दौरा

- 30 अक्तूबर-2 नवंबर पहला चार दिवसीय मैच, बेंगलुरु
- 6-9 नवंबर दूसरा चार दिवसीय मैच, बेंगलुरु
- 13 नवंबर पहला एकदिवसीय, चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु
- 16 नवंबर दूसरा एकदिवसीय, चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु
- 19 नवंबर तीसरा एकदिवसीय, चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु।